CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्रीः

श्री लक्ष्मीनारायणजी
देवप्रयाग
व्यवस्थापक

पं० शिवसहाय कृत

वेदांतरामायण

यह पुस्तक

मुंबईमें

चित्रप्रभाछा० छाप्यो

मिति ज्येष्ठशुक्ल १ संवत् १९४५

शके १८१०

(यह पुस्तक सन १८६७ का आक्ट २५ प्रमाण रजिष्टर करके सर्व हक पुस्तक कर्ता ने स्वाधीन रखे हैं)

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

अथ मयास्वकुलप्रस्तावः क्रियते.

श्लोक.- श्रीब्रह्मसरय्युत्तोत्तरतटयेसन्निवेबाह्मणास्तेषाम्पादरजोभि
गाहनरतमेभूल्कुलंनिर्म्मलम्॥ औपाध्यायमितीरितंक्षितितलेतस्मिन्प्रजा
तोबुधोटीकारामइतिप्रवृद्धिविभवस्तस्यात्मजो बुद्धिमान्॥१॥ अर्थ ॥
बहुत सुंदर मानसरोवरसें निकसी जो सरयूनदी तिसकेउत्तरदेशमेयोद्विजबसते
हैं जिन्होकों देशभाषामे सरवरियाब्राह्मण कहतेहै उनसबकोचरण रजकी
सेवामें निपुण मेरा कुल होताभया. भूमितलमें मेरेकुलको उपाध्याय क
हतेहै तिसउपाध्याय कुलमें बडे पंडित और बडाहै ऐश्वर्य जिन्हूका ऐसे
टीकारामजीजन्मते भये. तिनके पुत्र बडे बुद्धिमान् १ ॥श्लोक. ॥ इच्छारा
मेतिविख्यातो बुधस्तस्यात्मजः सुधीः॥ हीरामेतिमतिमान्बुधश्चैवत
दात्मजः॥२॥ ॥अर्थ॥ ॥इच्छारामजी पंडित ऐसे नामसें विख्यात भए.
तिसकेपुत्र सुंदरहै बुद्धि जिनोकी बडे ऐश्वर्यमान् पं० हीरामजीभएः ति
सकेपुत्र ॥२॥ श्लोक. विश्वरामश्चतस्यासन्सुतानिर्म्मलचेतसः॥शिव
नारायणश्रेष्ठस्ततश्चाहंममानुजः॥ श्रीदत्तश्चत्रयाणान्तोषट्पुत्राःपितृ
वल्लभाः॥३॥ ॥अर्थ॥ ॥ पंडितविश्वरामभएउनके तीनपुत्र भए. बडे
प० शिवनारायणजीतिन्होकाकिंकर छोराभाई मैहुं. मेराछोराभाई श्रीद
त्तहै. मेरे तीन भाइयोंकेछपुत्रहै. कैसेपुत्रहै पिताके प्यारेहै ॥३॥ ॥श्लोक
॥ यालक्ष्मणस्यनगरीतत्पूर्वे फलतापुरम्॥ तस्यदक्षिणदिग्भागेक्रोशेयुग्म
मितेमम॥ वासग्रामोतिविमलो लोदीपुरमितीरितम्॥४॥ ॥अर्थ॥ ॥
लक्ष्मणकीनगरी जिस्कूं लखनौ कहतेहै तिसके पूर्व तरफ फलतापुरहै
तिस्के दक्षिणदिशामें दोकोसपर मेराबास करनेवाला ग्रामहै उसका.
लोदीपुरनामहै. ॥४॥ इतिममकुलप्रस्तावः॥

वेदांन्तरामायणरचनेका कारण. ॥ श्लो० ॥ वेदांतार्थानिगूढानिशीघ्रंस
र्वैर्नज्ञायते॥ अतस्सर्वार्थमाहृत्यजीवानांमोक्षहेतवे॥१॥ अर्थ. वेदान्तको
अर्थबहुत कठिणहै सबजीवोंसेंजलदीनहीमालूम होवेगा. जो जीवअनेकज.
न्मसे अभ्यासकियाहोगा उसकोतोकिंचित मालूमभीपडेगा. औरकूं कुछ नही
मालूमपडेगा. इस कारणसें सबग्रंथोंको अर्थलेके आपनी बुद्धि माफिक मोक्षहो
नेवास्ते ॥श्लोक. रचितोयंमयाग्रंथोरामरावणकारणात्॥ टीकाज्ञानाणिवीयुक्तःस
र्वस्माद्मुक्तिदायकः॥२॥ अर्थ. रामरावणके कारणसे यह ग्रंथको मैंने बनायाहै. श्री
रामचरित्रकी कथा सबकों मालूमहै इस्से यह ग्रंथ सबकोंसमजमें आवेगा.

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्री

अथ वेदांत रामायण प्रारंभः

श्रीचंद्रशेखरंनुमः

सन्नम्यविश्वेशतनुंस्वमानसेसरवाकरंज्ञानविवे
कसन्तरुम्॥ कामादिवैश्वानरशद्वारिदंवेदान्त
रामायणमादिशास्त्रजम्॥१॥

भाषाटीका- निर्विघ्न पूर्वक ग्रंथकी समाप्ति होने वास्ते ग्रन्थ
कार आदिमे जगदीश्वरको नमस्कार रूप मंगल कर्ताहै· शिवसहा
य पंडित मैं जोहों सो वेदान्त रामायणकों करताहूं क्या करिके
जगतके ईश भगवानकी मूर्त्तिको अपने मनमें नमस्कार करिके·
कैसा वेदान्तरामायणहै मोक्षरूप सरवको करनेवाला ग्यान वि
वेकके दुःखकों नाश करनेमे कल्पवृक्षहै काम क्रोध लोभ आदि
जो अग्निहै तिसको बुझानेवास्ते सन्दर मेघहै आदिशास्त्रजो म
हासांख्य तिस्से उत्पन्नहै॥१॥

श्लोकः कुर्वेजगच्चेतनकारकम्प्रभुंशद्वंसदानन्द
मयभिरंजनम्॥ यदीहयाविश्वमिदञ्चराचरम्प्र
फुल्लितं वारिकणोर्म्मिचञ्चलम्॥२॥

भाषाटीका· जडरूप संसारकूं चेतन करनेवाले प्रभूकों इंद्रिय
के रोगोंसे शद्वकों नित्य आनंदरूपकों प्रपंच रहितकों नमस्का
र करके वेदान्त रामायण करताहूं जिस भगवानकी छायासें य
ह संसार प्रफुल्लित होरहाहै कैसा संसारहै जलबिंदुकी लहरि
सरीके चंचलहै॥२॥

श्लोक॥ तम्वेनमस्कृत्यविभुम्निजाश्रयं सच्चित्

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

समानन्दमयंगुणारणिम्॥ गतानचायान्तिपुन
र्भवन्नरायत्तत्स्वरूपम्पतितावतारकम्॥३॥

भा॰टी॰-बहुत शोभायमान आपने आधीन जीव देह दोनूको संभाल करने में आनंद रूप रजोगुण तमोगुण सतोगुणकों जलाने वास्ते अग्नि स्वरूप ऐसे भगवानकों नमस्कार करिके वेदान्त रामायण कों कर्ताहूं जिस प्रभूके रूपकों प्राप्ति हुवाजो जीव सो संसारको कभी नही आता कैसारूपहै पतितजीवोंकों उद्धार करनेवाला॥३॥

श्लोक॰ निर्द्वन्द्वमत्यद्भुतमुज्ज्वलंशुभंवेदाद्यग
म्यम्मुनियोगिभिर्नुतं॥ स्वेच्छारमन्तन्तनुभावनि
र्गमंस्वानन्दतुष्टंसमवारिधिंहरिम्॥४॥

भा॰टी॰-सुख दुःखसेहीन बहुत अद्भुत असंख्य सूर्यसे दीप्तिमान् शुभरूप चारिहु वेदोंसे नही प्राप्ति होवेजोग्य मुनियोगीजनोंसें नमस्कारयोग्य अपनी इच्छामे रमित देहके लक्षणसे रहित अपने आनंदमें संतोष समको समुद्र जन्मबाधा हरणेवाला ऐसे भगवानकों नमस्कार करिके वेदान्त रामायण करताहूं॥४॥

श्लोक॰ विद्यांच्छिवसहायोऽहंसच्चिदानन्दमद्व
यम्॥ निराकारंनिराधारन्निरुपाधिन्निराश्रयं ५

भा॰टी॰-जीव देहको चैतन्यरूप आनंद देनेवाले आकारसें रहित आधारसे वर्जित संसारके प्रपंचसे हीन आसासे हीन ऐसे भगवान्कों नमस्कारहै॥५॥

श्लोक॰ (पञ्चभिःकुलकं) इतिहासपुराणानास्वे
दवेदान्तयोरपि॥ सर्वशास्त्रमतंगृह्यकुर्वेऽह

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

मिदमुत्तमम् ॥ ६॥

भा·टी· इतिहासको पुराणको वेदको वेदान्तको सब शास्त्रको मत ग्रहण करिके यह वेदान्तरामायणकों मै करता हूं ॥ ६॥

श्लोक· वेदान्तरामायण मेतदुज्ज्वलं संसारतापापहमद्भुतंशिवम् ॥ प्रयान्तियच्छ्रुत्यमुमुक्षवःप दन्तद्यत्स्वयंज्योतिमकल्मषंशुभम् ॥ ७॥

भा·टी· - कैसा वेदान्त रामायण है बहुत शोभित संसारके तापको नास करनेवाला अद्भुत है कल्याणको वृद्धि कर्ता है जिस वेदांन्तरामायणकों सुनके संसारसे मोक्षकी इच्छा करनेवाले जो जीव है सो उस स्वरूपमे मिलैंगे कि जो स्वरूप आपसे प्रकास होता है सब पापोंसें रहित है शुभ है ॥ ७॥

श्लोक· गत्वानचायान्ति कदापियोगिनोयद्ध्यानशून्यंगहनंसुदुस्तरम् ॥ अनेकजन्मार्जितचिन्तनापरैस्तदप्यगम्यम्मुनिवृंदसन्नुतम् ॥ ८॥

भा·टी· - कैसा स्वरूप है कि ध्यानमें नही आसक्ता बहुत जन्मसे एकठा कियाजो बिचार जिसमे चतुर जो प्राणी तिनसे भीन ही प्राप्ति होवे योग्य बहुत मुनियों करिके नमस्कार कियाहै ऐसे स्वरूपको गयेहुये योगीजन है सो संसारकों कभी नही आवैंगे ८

श्लोक· पुनर्भवम्मोहजलाभिपूरितं तृष्णोर्म्मिणा चंचलमूहयान्वितम् ॥ वितर्कयुक्तंबहुमानगर्वितं प्रचंडमायार्णवदुस्तरंघनम् ॥ ९॥

भा·टी· - कैसा संसार है मोहरूप जलसे भरा है तृष्णाकी लहरि करके चलायमान है तर्क वितर्कसें युक्त है· बहुत अभिमान अहंकार करिरहा है· बडी जबर्दस्त माया के प्रभाव समुद्र करिके·

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

दुःखसे पार जावे जोग्य है बडा कठिण है ॥ ९॥

श्लोक. ब्रह्मावर्त्तेसुरम्येविधिकृतविभवेब्रह्मय
ज्ञोबभूव तत्रागुर्भूमिसंस्थाविततलतलगतानाक
लोकाश्रिताद्याः॥ ब्रह्मर्ष्याद्यामुनीशाःसुरपति-
सहितास्सुत्तदेव र्षयोवैराजर्षीशारमेशोविधि
पवनभुजौपार्वतीप्राणलग्नः॥१०॥

भा. टी. - बहुत रमणीय ब्रह्मकी बनाए ऐश्वर्य संयुक्त ऐसे ब्र-
ह्मावर्त क्षेत्रमें सत्संगियोने ब्रह्म निरूपण यज्ञ करते हुए निसयज्ञ
में तीन लोक चौदा भुवन के बसनेवाले जो ब्रह्म ऋषी मुनीश
बडेबडे ग्यानी जो देवर्षि राजर्षि इंद्र आदि देवता सहित भगवा
न् बिधि शेष महादेव ये सब आते हुये ॥१०॥

श्लोक. एतेचान्येसमायाताबहवोधर्मलिप्सवः
॥पूजितादानमानाभ्यां सत्कृताब्रह्मतत्परैः॥ ११

भा. टी. - इन सबसे और भी बहुत धर्मके ग्रहण करणेवाले सज्ज
न आते हुए. ब्रह्मके जाननेवाले मुनियोंने दान मान आदरसें स
बको पूजन करते हुए॥ ११॥

श्लोक. ब्रह्मविज्ञानकुशलाःसर्वेभूपाःसमाययुः
॥आजगाममहाबुद्धिर्विदेहोमिथिलापतिः॥१२

भा. टी. जो भूमितलमे ब्रह्मके जाननेवाले राजा है सो भी सब-
आते हुए. बडे बुद्धिमान जनक भी आए कैसे जनक हैं देहके अ
भिमानसे रहित है॥ १२॥

श्लोक. यथायोग्यंस्थितास्तत्रसमाजेब्रह्मनिर्मि
ते॥ परस्परंकथाश्चक्रुर्विविधाधर्मतत्पराः१३

भा. टी. - ब्रह्मग्यानसे बनाई हुई समाजमे यथा योग्य सब बैठते

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

हुए॰ अपने अपने धर्ममे बहुत पुष्ट सब होकरके बहुत प्रकारकी कथा कर्ने लगे ॥१३॥

श्लोक॰ पौराणिकाः पुराणज्ञावैदिकावेदपाठिनः
धार्म्मिकाधर्मशास्त्रज्ञावेदान्तज्ञास्सदुद्भवाः॥१४

भा॰टी॰- पुराणी लोगोने पुराणकी कथा वेदपाठी वेदकी कथा धर्मशास्त्र वाले धर्मशास्त्रकी कथा वेदांत वाले सत्ज्ञानसें उत्पन्न कथा इस प्रकारसें सब कथा करते हुए ॥१४॥

श्लोक॰ एवंसमेधमानेतुमहानन्देसविस्तरे॥ मुनिः
प्रपच्छसम्वर्तोवरतन्तुम्महामतिम्॥१५॥

भा॰टी॰- इसप्रकासें बडा आनंदकी वृद्धि होरहीहै॰ बहुत प्रकारसें ऐसी समयमे संवर्त नाम मुनि जोहै सो बडीहै बुद्धि जिनकी सो वरतंतु मुनीसे पूंछतेहुए॰ ॥१५॥

श्लोक॰ सम्वर्तउवाच कोरावणोतिप्रबलोरिहन्ताकः कुम्भकर्णोमदपानमत्तः॥ किन्तन्मदंयस्तु
सकृत्पपीत्वा भवन्तिमत्तारवलुज्ञानवर्जिताः॥१६

भा॰टी॰- संवर्त मुनि बोलते भए॰ हे गुरु महाराज, बडा बलवान् बैरीको नास करनेवाला रावण कौनहै॰ मदकोपीके रातिदिन मस्त रहना ऐसा कुंभकर्ण कौनहै जिसमदको एकदफेपीकर दैत्यलोग निश्चय करके ज्ञानसे रहित और मस्त होजातेहै॰ सो मदक्या है सो कहो॥१६॥

श्लोक॰ विभीषणः कश्चसुरेशजेताकाकेकसी
कश्चमुनिर्मरीचिः॥ कोवैपुलस्त्यः समचित्तवर्त्ती
कोविश्ववाविश्वसमैकदृष्टिः॥ खरादयः केचप्रचंडवीर्याकास्तूर्पणखाशाभुवनत्रयञ्चकिम्॥१७॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा-टी- -विभीषण क्याहै, इंद्रजित क्याहै, कैकसी क्याहै, मरीच मुनि कौनहै, सुखदुःखमें बरोबरचित्त जिनको ऐसे पुलस्त्य मुनि कौनहै संसारको भगवानको रूप देषनेवाले विश्रवा मुनि कौनहै, खरआदि करिके संसारमे जितने राक्षसहै सो-कौनहै- शूर्पनखाक्याहै, तीनभुवन क्याहै ॥१७॥

श्लोक- मन्दोदरीरावणवल्लभाचका चान्याःप्रि-
याश्चैवदशाननस्यकाः॥ किन्तच्छिरोयद्दशसंख्य
यान्वितम्भुजाश्चकेविंशमितास्तुतस्यवै॥१८॥

भा-टी- -रावणकी प्यारी मंदोदरी क्याहै, औरजो बहुत रावण कीस्त्रीहैसो क्याहै, रावणको दस मस्तक क्याहै- रावणके वीस हाथ क्याहै ॥१८॥

श्लोक- लंकाचकातत्परिखाचसिन्धुकः कोविरंचि
र्वरदानदाता॥ कावस्त्रशस्त्रोविविधोरथंकिंके
वाजिनोत्युत्तमगर्दभाश्चके॥१९॥

भा-टी०- लंकाक्याहै लंकाकीखांई क्याहै समुद्र कौनहै, रावणको वरदान देनेवाला ब्रह्मा कौनहै, रावणको बहुतप्रकारकेअस्त्रशस्त्रक्याहै, रावणकी रथ घोडे खच्चर ये सबक्याहै ॥१९॥ ॥

श्लोक- शक्तिश्चकाकिंसुमनोविमानं कोवैकुबेरो
जननीचतस्यका॥ कःशंकरोयस्यकरोतिसेवनं द
शाननः कानिमुखानितस्यवै॥२०॥

भा-टी- रावणकी मांग जिस्से लक्ष्मणकुं मारा सोक्याहै पुष्पकविमान क्याहै- कुबेरकी माता क्याहै, कुबेरक्याहै, शंकरक्याहै जिनकीरावण नित्य सेवन करताहै- रावणके दस मुखक्याहै२०

श्लोक- कःसारथिर्वाजिविचालनंचकिं किंवाजिरं

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

होतिरजश्चकिम्मुने॥ कौद्वौरथाङ्गौरथकूबरंच
किंकिंरश्मिबद्धंगमनाश्रयञ्चकिम्॥२०॥

भा·टी·- रावणको सारथी घोडोंकों हांकनेवाला, चाबुक, घोडोंकी दौड और धूलिहै मुनिराज, ये सब क्याहै, रथके दो पैया रथमे बैठनेकी जगा रथकूं बांधनेकी रस्सी, रथकु चलाना येसबक्याहै २२

श्लोक· केरावणस्यैवसकतास्सुतानान्तत्पुत्रपौत्रा
गणनानयेषाम्॥ एषांस्त्रियःकाभुवन त्रयार्द्र-
काःहयोरथान्येभुविराक्षसाश्चके॥२२॥

भा·टी· रावणके लडका लडकोंका लडका तिनोके पोता पडपोता आदि जिनोंकी गिनती नहीहै येसब क्याहै· इनसभोकीस्त्रियो क्याहै कुंभकर्णकी स्त्री पुत्रक्याहै और सब राक्षस जोरावणके कुलमेथे इनकीस्त्री पुत्रक्याहै॥२२॥

श्लोक· किमामिषंतद्रुधिरंचतेषांकावारुणीतद्य
ज्ञनञ्चकिम्मुने॥ तेषांगुरुर्वैभृगुनन्दनश्चकोनि
कुंभिलाकाहवनस्थलंचकिम्॥२३॥

भा·टी· राक्षसोकों भोजन मांसरुधिरक्याहै, मदिराक्याहै, रावणकायज्ञक्याहै, राक्षसोंके गुरु शुक्राचार्य कौनहै निकुंभिलादेवी कौनहै होमको स्थानक्याहै॥२३॥

श्लोक· कःपावकोहव्यविलक्षणाश्चके कौदारु
मंत्रौविजयंचकिम्मुने॥ दासीश्वरीकात्रिजटाच
वाटिका काशोकवृक्षैःपरिवारिताचया॥२४॥

भा·टी· अग्निहोमकी सामग्री क्याहै लकडी, मंत्र, क्याहै रावणकी विजय क्याहै दासियोंमे मालक त्रिजटा क्याहै· अशोक नाम बगीचा अशोक वृक्षोंसहित क्याहै॥२४॥

श्री लक्ष्मीधर-विद्यामन्दिर,
देवप्रयाग (गढ़वाल-हिमालय)
व्यवस्थापक

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लोक॰ सर्वानिचान्यानिचयानितेषांद्रव्याणि
मेप्रश्नविवर्जितानि॥ वदस्वचित्तम्ममकौतुका
कुलंश्रुत्वापुराणानिमुनीशतानिच॥२५॥

भा॰टी॰ - हेमुनीजी जो मैपूंछाहूं और मेरेपूंछनेसे बाकी जो प्रश्न रह्याहोवे॰ रावणादि राक्षसोंकी वार्ता सो बिस्तारकरके कहो हे गुरु पुराणोंमें रावणका चरित्र सुनके मेराचित्त घबराय रहा है॥२५

इतिश्रीवेदांतरामायणेबालकांडेशिवसहाय
बुधविरचितेसम्वर्तवरतंतुसंवादेरावणविभूति
प्रश्नेप्रथमोमोक्षोपानः॥१॥

सम्वर्तउवाच॥ ॥केवेदशास्त्रावलिसंहिताद
योयेपीडिताविंशतिबाहुनानिशम्॥ केब्राह्मणा
ब्रह्मविदांवरिष्टगावश्चकावेदमरवंचकिम्मुने १

भा॰टी॰ संबर्त मुनिफेर पूंछतेहै हेमुनिजी वेद, शास्त्र, पुराण संहिता बहुतसे बहुत कौनहै के जिन कूं वारंवार रावण दुःखदे ताथा हेमुनिजी ब्रह्मज्ञानियोमें आप बडेहो गो ब्राह्मण वेदयज्ञ क्याहै जिनको रावण नास करताथा॥१॥

श्लोक॰ केतेपुराणाहरिकीर्तिवर्धनायेनष्टभावं
गमितानिवारिताः॥ दशाननेनातिप्रचंडतेजसा
भूमिश्चकाकेसुरसत्तमाश्चये॥२॥

भा॰टी॰ भगवानकी कीर्ति बढानेवाले पुराण क्याहैं जिन्होंकों बडाते जमान रावणने नाशकों प्राप्ति करदिया और भूमिदेवता क्या है जिन्होंकों रावणने बहुत दुःखदिया॥२॥

श्लोक॰ गंगादयःके॰ सरितोमुनीशविष्णुश्चकोब्र

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

ह्मस्कतोवसिष्ठः॥ पुरीत्वयोध्यारविवंशरक्षिता
कासाचकेतत्कुलसंभवानृपाः॥ ३॥

भाटी- हेमुनिराज- गंगा आदिलेकेनदी, विष्णु, ब्रह्माकोपुत्र- वसिष्ठ सूर्य वंशी राजोंकरके रक्षित अयोध्यापुरी और सूर्यवंश मेजन्मे जो राजाये सब कौनहै ॥३॥

श्लोक- कश्चाजसूनुर्बहुकामुकोनृपः काकौ-
शलाकामगधेशनन्दिनी॥ काकेकयीकश्चविभांड-
कात्मजोयज्ञश्चकः कोहुतभुङ्मुनीश ॥४॥

भाटी- अजराजाकोपुत्र बडाकामी राजा दशरथक्याहै अर- कौसल्या रुमित्रा; कैकयी और स्त्री दशरथकी क्याहै और शृं गीरिषि तथा यज्ञकी अग्निकौनहै ॥४॥

श्लोक- कौदारुमन्त्रौहवनस्यद्रव्याः केयज्ञकुण्डं
किमुपावकार्चिः॥ किंपावकेनापिनृपायदत्तन्नद्ध-
क्षणंदोहदलक्षणञ्चकिम् ॥५॥

भाटी- -यज्ञकी लकडी, मंत्र; होम सामग्री यज्ञको कुंड अग्नि- ज्वाला येसबक्याहै दशरथकौं अग्निनेप्रसन्नहोके क्यावस्तु दि या उसवस्तुको भक्षण राणियोनें कियासो क्याहै और गर्भको लक्षण क्याहै ॥५॥

श्लोक- कासाप्रसूतिस्सुखदायिनीया कोरामच
न्द्रः खलुलक्ष्मणश्चकः॥ कौभ्रातरौद्वौशुभलक्ष
णान्वितौशत्रुघ्नकैकयिसुतौसुनिर्म्मलौ॥६॥

भाटी- जो सुखकौंदेनेवालाजन्म उत्सव क्याहै रामचंद्र अरु ल- क्ष्मण क्याहै सुंदरलक्षणयुक्त मलसें रहित दोभाई शत्रुघ्न औ रकैकयीका पुत्र भरत येदोनूं कौनहै ॥६॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लोक॰ रामस्यकिंक्रीडनकौतुकम्मुनेकश्चेतप्रा-
सादस्वगोऽजिरंचकिम्॥ काधूलिराशिःसरयूस-
रित्काकौतीरतोयौपुरवासिनश्चके॥७॥

भा॰टी॰- हेमुनिजी दसरथराजाकी सफेदमहल आकाशको मा-
नो छूनेचाहतीहै सोक्याहै॰ और रामको बालपनोका खेलतमा-
साक्याहै॰ और धूलिकी समूह सरयूनदी तथा तटजल पुरवासी
प्रजाये सबक्याहै ॥७॥

श्लोक॰ किंरामचन्द्रस्यधनुश्चखड्गकेचेशराःकावि
षुधीसुपूर्णे॥ तद्वत्सुमित्रातनयस्यसर्वंकिंशस्त्र
वृंदंवदतन्मुनेमम॥८॥

भा॰टी॰ राम लक्ष्मणका धनुष बाण तरकस खड्ग और अस्त्रक्याहै
मुनीजीकहो॰ ॥८॥

श्लोक॰ संस्कारश्चेष्ठामुनिनाकृताश्च मुनिश्चकोगा
धिसुतोमहामतिः॥ तस्यापिकोयज्ञसमुत्सवोमु
नेकाताडकायज्ञविनाशकारिणी॥९॥

भा॰टी॰- वसिष्ठजीने राजाके पुत्रोंका संस्कारक्याकिया और गाधि
पुत्र बडेबुद्धिमान् विश्वामित्रकौनहै॰ विश्वामित्रकी यज्ञको उत्स
वक्याहै और यज्ञकी नास करनेवाली ताडका क्याहै ॥९॥

श्लोक॰ कोराक्षसोहावनिदुर्मतीमुनेसुबाहुमा
रीचसमाख्यसंयुतौ॥ विद्याचसाकामुनिनाप्रद
त्तायारामचंद्राय प्रसन्नचेतसा॥१०॥

भा॰टी॰- हेमुनिजी सुबाहु मारीच बडे दुष्टमती कौनहै विश्वामि
त्र मुनि प्रसन्नचित्तसें रामचंद्रकों बिद्याक्याद्दिया ॥१०॥

श्लो॰ कोगौतमःकागृहिणीचतस्यवेनाम्नाप्य-

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

हिल्यास्करनायकश्चकः॥ कोजारिणीजारसमु
द्रवोरसोकिन्तद्रजोयेनविनिर्गताचसा॥११॥

भा॰टी॰ - गौतम मुनि अरु उनकी स्त्री जिसका अहिल्यानाम येदो
नो कौनहै, इंद्र कौनहै, जारसे उत्पन्न भयाजोरस सो क्याहै वो धूलि
क्याहै, जिसके छुएसें अहिल्या तरगई॥११॥

श्लोक॰ कासाशिलायन्मिलिताचकामिनी कोमैथि
लेशोनगरीचतस्यका॥ स्वयंवरंकिं नृवराश्चकेते
काजानकीतद्धनुरुत्तमञ्चकिम्॥१२॥

भा॰टी॰ - जिस शिलामें अहिल्या मिलगईथी वोशिला क्याहै जन-
कराजा कौनहै, जनककी नगरी क्याहै, स्वयंवर क्याहै, जोराजा-
स्वयंवरमे आयेथे वोसब कौनहै, और जानकी क्याहै, जो धनुष
कीपणजनकने किया सो धनुष क्याहै॥१२॥

श्लोक॰ किंत्रोटनंन्तद्धनुषो मुनीन्द्रभोकोभार्गव
स्तद्धनुरोपणञ्चकिम्॥ कोवैविवाहोजनतासमा
गमंगजाश्वसेनादिसरवासनञ्चकिम्॥१३॥

भा॰टी॰ - हेमुनीद्रजी धनुष तोडना क्याहै परशुरामजी कौनहै
परशुरामजीका धनुष रोपण क्याहै, और हाथी घोडा पालकी फो
ज इत्यादिबरात आई सो क्याहै॥१३॥

श्लोक॰ काश्चोर्मिलाद्यास्तनुजाविदेहयो र्द्वयोः
सकेत्वोर्जनकस्यचोर्मिला ॥ विवाहितारा
सहोदराणांकास्ताशशुभानन्दक्षमास्सुलोचना॥१४॥

भा॰टी॰ - जनक सकेत येदोनोविदेहोकी उर्मिला आदि कन्याक्या
है, जीरामके भाइयोकों भरथ लक्ष्मण शत्रुघन-इनके संग विवाह
भयाये कौनहै, शुभ आनंद क्षमायुक्त॥१४॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लोक॰ मुनीन्द्रकोरामसहोदराणांविदेहजानांच विवाहकौतुकः॥ रामस्यचैवम्पृथिवीसुताया विवाहहर्षोत्सवमंगलंचकिम्॥१५॥

भा॰टी॰ हेमुनि रामके भाइयों समेत विवाहका तमासा क्याहै। तथा रामजीके विवाहमे हर्ष उत्सव मंगल भया सो क्याहै॥१५॥

श्लोक॰ कानिप्रदत्तानिसुताविवाहेराज्ञाविदेहेन॰ विचक्षणेन॥ किम्वैप्रयाणंचक्षितीश्वरस्यसंगृह्य पुत्राच्छुभकन्यकाभिः॥१६॥

भा॰टी॰ - कन्याविवाहमे जनकने दायज दियासो क्याहै॰ पुत्रसहित तथा शुभजो पुत्रोंकीस्त्री तिनकुं ग्रहणकरके दशरथने प्रयाण किया सो क्याहै॥१६॥

श्लोक॰ ससैन्ययुक्तस्यनृपोत्तमस्य पुनस्स्वभार्य्यैस्सुतैस्सुखान्वितैः॥ मुनीश्वरैः किंगमनंस्वपुर्याश्चोल्कण्ठभावोमिथिलाधिपस्यकः॥१७॥

भा॰टी॰ -फेर विवाहसे बिदा होके सेना सहित राजोमें उत्तम जो॰ दशरथ सो अपनी अपनी स्त्रियों सहित पुत्रोंको सुखयुक्त मुनीश्वर सहित पुरी अयोध्याको आए सो क्याहै और जनक विह्वल॰ हुए सो क्याहै॥१७॥

श्लोकः कःसौख्यवासोरघुनन्दनस्यराज्ञोविचारश्चपटाभिषेकः॥ कामन्थरातद्विपरीतचारिणीक॰ लंकभावंचविचिक्षणञ्चकिम्॥१८॥

भा॰टी॰ - अयोध्यामे रामचंद्र सुखसे रहे सो क्याहै॰ दशरथकोबिचार तथा राजदेणा ये दोनो क्याहै॰ रामके राजमे विघ्नकरनेवाली मंथरा क्याहै॰ कैकयीको शिखाया ऐसा कलंक क्याहै॥१८॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लोक॰ काक्रूरबुद्धिर्भरतस्यमातुर्विलापसिन्धुर्नृप
तेर्मुनेकः॥ आज्ञाचकाभूपतिसम्प्रदत्ता किंकाननं
कश्चरथोहयाश्चके॥१९॥

भा॰टी॰- भरथकी माताकी खोट बुद्धी क्याहै दशरथकों दुःखसमुद्र
सरीके क्याहै॰ दशरथने रामचंद्रकों क्या आज्ञादिया बनजानेकी॰
जिसबनकूं रामचंद्रजी गये वोबन क्याहै, रामचंद्रके रथ घोडाक्याहै१९

श्लोक॰ कोवैसूतमंतोरुदनंचकिंमुनेरथस्यद्रव्या-
णिचकानिरंहः॥ एतत्समाब्रूहिद्विजेंद्रनिश्चितं का
वैसरिद्यातमसेतिशब्दिता ॥२०॥

भा॰टी॰ हेमुनि सूतमंत सारथी कौनहै, रामजीको बन याते देखके
रुदनहुया सो क्याहै, रथकी सामग्री क्याहै, रथकी वेगक्याहै, हे
मुनिजी यह संपूर्णवार्ता निश्चय करिके कहो तमसानदी क्याहै२०

श्लोक॰ तत्तीरवासोरघुनन्दनस्यकोहयाशनंकिम्पु
रवासिनश्चके॥ कातत्रनिद्रापुरवासिनाञ्चकिंराम
वाक्यंभ्रमणंरथस्य॥२१॥

भा॰टी॰- तमसाके तीर रामचन्द्र बसेथे सोक्याहै, घोडोंकों क्याचा
राखिलाया, पुरवासीकौनहै॰ पुरवासियोके निद्रा आई सो क्याहै॰
रामकी वाक्य क्याहै, रथभ्रमण किया सो क्याहै ॥२१॥

श्लोक॰ भ्रान्त्वापुनस्तद्गमनंचकिम्मुनेनिवर्तनंकिम्पु
रवासिनाम्पुनः॥ पुरींसमागम्यविलापकारणंकिंवे
दद्विवर्षकृतम्प्रमाणकम् ॥२२॥

भा॰टी॰ -रथकों भ्रमणकरके रामजी चलेगए सो क्याहै॰ पुरवासीलो
गपीछे अयोध्यामे आए सोक्याहै, पुरवासीलोग अयोध्यामे आ
केविलापकिया सोक्याहै॰ और रामजीको बनवास चौदावर्ष प्रमा

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

णकिया सो क्याहै ॥२२॥

श्लोक॰ वनेचरः कोरघुवीरमित्रः किंशृंगवेरंद्विज॰
शिंशिपश्चकः॥ किमासनंदर्भविनिर्मितम्मुने के
ते कुशाः काचगुहस्यभावना॥२३॥

भा॰टी॰ - हेब्राह्मणजी, बनमे भ्रमण करनेवाला रामजीको मित्र क्याहै, शृंगवेरपुर शिंशिपा वृक्ष क्याहै, गुहने रामजीकों कुशको आसन बनादिया सोक्याहै॰ कुशक्याहै, गुहकी भक्ती क्याहै॰२३

श्लोक॰ तिरस्कृतंयत्खलुलक्ष्मणेनवैकिम्भूषणाभू
मिनिपातितंतथा॥ केभूषणावस्त्रसमन्विताभुने
त्यक्ताश्चयेराघवसूनुनावै॥२४॥

भा॰टी॰ जोगहना लक्ष्मणने अनादरकरिके पृथिवीमें रखदिया॰ सो क्याहै, वो वस्त्र गहणा क्याहै जिसकुं दशरथ केपुत्र रामजीनै॰ त्यागदिया॥२४॥

श्लोक॰ कासाजटायान्निवबंधरामः काजान्हवी॰
पातकपुंजहारिणी॥ कःस्वप्नभावोरघुनन्दनस्य
वाविदेहजायास्सहितस्यभोमुने॥२५॥

भा॰टी॰ हेमुनिजी वोजटाक्याहै जिसकों रामजीने शिरपरबाधी बहुतसे पाप नाश करनेवाली गंगाजी क्याहै, जानकीसहित राम जीसोए सो क्याहै॥२५॥

श्लोक॰ सम्बादसंजागरणोद्वयोःकोबभूवतुर्लक्ष्म
णराममित्रयोः॥ श्रीजान्हवीतोयतटोर्मयःकेका
नोर्गुहस्यैवचवंशयष्टिः॥२६॥

भा॰टी॰ - लक्ष्मण तथा रामजीकामित्रगुह ये दोनो रातको जागे त॰ था बाता किया सो क्याहै॰ गंगाजीकेतीरजल और लहर क्याहै

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

नांवक्याहै गुहकी बाँस क्याहै खेवणेवाले क्याहै ॥२६॥

श्लोक॰ किंतारणंकिञ्चप्रयागकाननं कासात्रिवेणी यमुनासरस्वती॥ एकत्रसंगंमिलिताप्रयागेयालोकलोकैस्सततम्विसेव्यते॥२७॥

भा॰टी॰ -रामचंद्रकौ गुहनै गंगाके पारलेगया सोक्याहै, प्रयागजीको बन क्याहै, यमुना सरस्वती गंगा प्रयागमे एकठांभई जिनकूं सबलोक सेवन नित्य प्रति करतेहै सो त्रिवेणी क्याहै॥२७॥

श्लोक वटश्चकोयः प्रलयेपिनाशंनयातिकश्चिन्मुनिवर्यमेश्रुतम्॥ मुनेभरद्वाजमुनिश्चकोवै संसेवितोयेनविदेहजापतिः॥२८॥

भा॰टी॰ हे मुनिश्रेष्ट मैने ऐसासुनाहै प्रयागमे एकबटको वृक्षहै उसकीनाश प्रलयमैभी नहीहोती वहवट क्याहै, भरद्वाज मुनीकौनहै जिनोनै जानकीपतिका पूजन किया ॥२८॥

श्लोक॰ प्रीत्यास्वयंलक्ष्मणजानकीभ्यांयुतोऽतिप्रेम्णामुनिभिस्समाहितः॥ कोवैमुनेस्नानविधिस्त्रिवेण्यांकृतस्त्रिभीरामप्रियासहोदरैः॥२९॥

भा॰टी॰ -प्रीतसे आपने हाथसें प्रेमकरके आदरसे मुनियोंकों संग लेके लक्ष्मण जानकी सहित रामजीको पूजन किया त्रिवेणीमें जानकी लक्ष्मण सहित रामचंद्रने स्नानकिया सोस्नानकी विधिक्या २९

श्लोक॰ वाल्मीकिनाम्नेतिमुनिर्महामतिर्भविष्यवक्तामुनिसत्तमश्चकः॥ मंदाकिनीकासरितांवरामुनेकश्चित्रकूटो मुनयश्चकेते॥३०॥

भा॰टी॰ अगाडी होनेवालीबात कहनेवाले बडेबुद्धिमान् मुनियोंमेंश्रेष्ठ ऐसे वाल्मीक मुनि कोणहै, नदियोंमेंबडी मंदाकिनी नदी

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

चित्रकूट पर्वत क्याहै मुनीलोग कौन हैं ॥ ३० ॥

श्लोक॰ वनेचराः केरघुनन्दनप्रियाः कौतौकुटीरौव सतिश्चतत्रका ॥ किन्तत्रसौख्यंरघुनन्दनेनप्राप्तं प्रियाभ्रातृसमन्वितेन ॥ ३१ ॥

भा॰टी॰ - जो मुनि बनमें विचरतेहैं रामजीके बडेप्यारे रामचंद्र लक्ष्मणकी दो पर्णकुटी बनी सो क्याहै इन दोनोका बातक्याहै लक्ष्मण जानकीसहित चित्रकूटपर बास करनेसे क्या सुख प्राप्ति हुवा ॥ ३१ ॥

श्लोक॰ पुनस्सुमन्तागमनञ्चकिम्प्रभो पुरीमयोध्यां सरयूसमन्विताम् ॥ मृतेनृपे क प्रमदाविलापके दूतवर्यामुनिनासुप्रेरिताः ॥ ३२ ॥

भा॰टी॰ - हे प्रभोजी रामजीको बिदाकरिके सुमंत अयोध्यापुरी कों आये सो क्याहै कैसी अयोध्याहै सरयूनदी पास बहतीहै दसरथके मरण हुएपर स्त्रियोंने रूदन किया सो क्याहै वसिष्ठजीने दूत भेजा सो दूत क्याहै ॥ ३२ ॥

श्लोक॰ सद्योगताः केकयपत्तनंकिंकः केकयेशोवचनंकिमूचुः ॥ द्रुतंगृहीत्वाभरतंसहानुजन्तौद्वौचकौराजपुरीम्प्रयातौ ॥ ३३ ॥

भा॰टी॰ - दूतोने जलदीकश्मीरको गए सो कश्मीर नगर क्याहै कश्मीरकोराजा कौन है राजासे दूत क्या बोले जलदीसे भरथ शत्रुधनकों लेके अयोध्यामे आए सो भरथ शत्रुघन कौन हैं ॥ ३३ ॥

श्लोक॰ आश्वासितौद्वौमुनिनाप्रचक्रतुर्विरोदनंकिञ्चकिमाश्वसाशनम् ॥ किमूचतुः कोशलनन्दिनीम्प्रतिबिभर्त्सयामासकिमुत्स्वमातरम् ॥ ३४ ॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा॰टी॰ वसिष्ठजीसे भरथ शत्रुघननै विश्वास पायके रोते भएसो॰ क्याहै॰ वसिष्ठजीनै विश्वासदिया सोक्याहै॰ भरत शत्रुघन कौंश ल्यासें क्याबोले और आपनी जो माता कैकेयीउसकूं त्रासदिया॰ सो क्याहै,

श्लोक॰ किंचप्रयाणंभरतेनवैकृतंससैन्यमात्रानु
जबांधवैस्सह॥ गुहेनसम्वादनिवासनौचकोस्वसै
न्यविश्वासनमेवकिम्मुने॥ सरवेनगंगोत्तरणंकिम
द्भुतंप्रयागराजेमुनिसादरंचकिम्॥३५॥

भा॰टी॰ - माता गुरु कुटुंबसेनासहित भरत रामके पासचले सोक्याहै गुहकेसंग भरतको संवाद हुवा तथा गुहने भरतकों डेरादिया भरत ने आपनी सेनाकों विश्वासदिया सरवसें गंगाके पारभये प्रयागमे भरद्वाज मुनिने सेनासहित भरतकी मिजमानीकिया ये सब क्याहै३५

इतिश्रीवेदान्तरामायणेबालकांडेशिवसहायबुध
विरचितेसम्वर्तवरतंतुसम्वादेभरतागमनेभरद्वाजा
श्रमनिवासोनामद्वितीयोमोक्षोपानः॥२॥ ॥

सम्वर्तउवाच॥ ॥किंचित्रकूटेचसमागमम्मुने
परस्परंकिम्वचनंचतेषाम्॥ केपादुकेपादतला
वरक्षितेश्रीरामदत्तेभरतायनिर्मले॥१॥

भा॰टी॰ - संवर्त मुनि पूंछतेभये हे मुनीजी चित्रकूटपर सबमंड लीको मिलाप राम आदि लेके भरत वसिष्ठ और जो आएथे जिन्हो ने आपुसमे बोले सोक्याहै॰ रामजीनै आपणी पावडी दो भरत॰ कूंदिया सोक्याहै कैसी पावडीहै पगके रक्षा करनेवाली सुंदरहै १

श्लोक॰ येधृत्वाशिरसाप्रेम्णाससैन्योगुरुणासह॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

शत्रुघ्नेनयुतश्शीघ्रंपुनरायात्पुरीम्प्रति॥२॥

भा॰टी॰ जोपावडी भरतने प्रेमसे अपने शिरपर धरके वसिष्ठ शत्रुघ्न, फौज संगलेके फिर अयोध्या पुरीकों आएसोक्याहै॥२॥

श्लोक॰ भरतस्यचकासेनायामादायागतःपुनः॥
नन्दिग्रामश्चकिम्प्रोक्तंपादुकासेवनंचकिम्॥३॥

भा॰टी॰ - रामजीके पाससे फौज संग लेके भरतजी फेर अयोध्यामें आए सो फौज क्याहै नंदिग्राम क्याहै पावडी सेवन भरतने किया सो क्याहै॥३॥

श्लोक॰ किमयोध्यापुरीराज्यंचकारभरतस्सुधीः॥
किम्प्रजारक्षणं विप्रकिंमृगाहरणंगिरौ॥४॥

भा॰टी॰ - बडे बुद्धिमान भरत अयोध्याको राज किया सो क्याहै हे मुनिजी भरतने प्रजाकी रक्षाकिया सो क्याहै॥४॥

श्लोक॰ रामेणलक्ष्मणेनैवचित्रकूटेकृतम्मुने॥किं
जयन्तापराधंचजानकीचरणार्दनम्॥५॥

भा॰टी॰ - राम लक्ष्मण दोनो चित्रकूटपर नित्य मृग मारते रहे सोक्याहै, जानकीके पगमे जयंतनाम काग चोंच मारया सो क्याहै॥५॥

श्लोक॰ रामेणत्यक्तः कोबाणः किमेकाक्षिनिपातनं
॥किंजयंतस्यभ्रमणंराक्षसागमनंचकिम्॥६॥

भा॰टी॰ रामजीने जयंत कों मारनेके वास्ते बाण छोड्या सो क्याहै, जयंतकी एक आंख काणी करदिया सोक्याहै काकने सब लोकों मे फिरता फिरा सोक्याहै चित्रकूट पर बहुत राक्षस आनेकों लगे सो क्याहै॥६॥

श्लोकः उद्वेगश्चमुनीनांकोयेनतत्त्याजराघवः॥चित्र
कूटस्यकिंत्यागः कोऽत्रिस्तस्याश्रमंचकिम्॥७॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा॰टी॰ मुनि लोगोंकोंदुःखभयासो क्याहै॰ जिसदुःखसें चित्रकूट कूं रामजी त्याग तेभये सो क्याहै॰ अत्रिमुनि कौनहै॰ अत्रिको आश्रम क्याहै ॥ ७॥

श्लोक॰ अनुसूयाचकादेवीजानकीशिक्षितायया॥
पूजनंरामचंद्रस्यकिमत्रिः कृतवान्मुने॥८॥

भा॰टी॰ अत्रिकी स्त्री अनुसूया देवी जिन्हूने जानकीकों पतिव्रता धर्म शिखाया सो क्याहै, रामजीका पूजन अत्रिमुनिनें किया सो क्याहै॥ ८॥

श्लोक॰ कोविराधोमहाक्रूरोजानकीयेनसंहृता॥
शीघ्रंजघानयंरामो बाणैर्देहविकृन्तनैः ॥९॥

भा॰टी॰ -विराधनाम राक्षस कौणहै॰ जिसनें जानकीकोंहर लेगया॰ जिसको रामजीनें जलदी बाणोसें शसिर काटके मारडाला॰॥ ९॥

श्लोक॰ मोक्षंप्रापतदारक्षश्शरभङ्गोमुनिश्चकः॥
किन्ध्यानंस्तवनंकाचचितातस्यस्वमाश्रमे॥१०॥

भा॰टी॰ - तब राक्षस मोक्षकूं गया सो क्याहै॰ शरभंग मुनीनें रामजीको ध्यानस्तुति करके अपने घरपर चिता बनायके स्वर्गकों गया सो कौनहै

श्लोक॰ कोग्निर्ददाहतंयस्तकस्सुतीक्ष्णोमहामुनिः
॥तेनसंभाषणंकिञ्चकः कुंभजसहोदरः॥११॥

भा॰टी॰ - शरभंगको जो अग्निनेजलाया सो अग्नि क्याहै॰ सुतीक्ष्ण मुनि कौनहै, सुतीक्ष्ण रामजीको संवाद भया सो क्याहै, अगस्त्य मुनीके भाई क्याहै ॥११॥

श्लो॰ कोऽगस्त्यःकाचतत्पत्नीलोपामुद्रामुनीश्वर॥ किं
रामागस्त्यसम्वादंधनुरैन्द्रंचकिम्मुने॥१२॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा॰टी॰ हेमुनिजी अगस्त्य मुनि कौनहै, अगस्तिकीस्त्री लोपा मुद्रा जिसकानाम सोकौनहै, हेमुनिजी, रामजीको अरु अगस्त्य मुनिको संवाद हुवा सोक्याहै॰ इंद्रको धनुष क्याहै ॥१२॥

श्लो॰ प्राप्तंरामेणतत्रैवसरिद्गोदावरीचका॥ केतत्ती रजलेशक्रेकुटीरौकौचद्वौतयोः॥१३॥

भा॰टी॰- जोधनुष रामजीकों अगस्ति मुनिने दियासोक्याहै, गोदावरीनदीक्याहै, गोदावरीको तट जल क्याहै रामचंद्र लक्ष्मणकी दो॰ पर्णकुटीये क्याहै, ॥१३॥

श्लोक॰ ज्ञानस्यकाकथातत्ररामचंद्रेणवर्णिता॥ लक्ष्मणंप्रतिभोदेवसुखेनवसताऽनिशम्॥१४

भा॰टी॰- हेमुनिजी सुख समे तठहरेजोराम है सो वारंवार लक्ष्मण कूं ज्ञान कथा कही सोक्याहै॰ ॥१४॥

श्लोक॰ दुःखितावेनकामेनरावणस्यसहोदरा॥ आगतास्वपतिंकर्तुंश्रीरामंरतिवल्लभा॥१५॥

भा॰टी॰- रावणकी बहिनी रतिकूंप्यारी मानिके रामचंद्रको आपको पती बनाने वाले आई कामसे दुःखित होके सोकाम क्याहै ॥१५॥

श्लोक॰ रामेणभ्रामितातत्रसायपौलक्ष्मणान्तिकं॥ काभ्रमिस्तस्यरामेणकृतातस्यातिहास्यतः १६

भा॰टी॰- रामजीके वचनकूं मानके लक्ष्मणके पास गई तिसराक्षसीके संग हांस्य करके इदरउदर भ्रमाने भयेसोक्याहै॥१६॥

श्लोक॰ तस्याःकेनासिकाकर्णेयेछिन्नेलक्ष्मणेनवै॥ किंतद्रुधिरवृन्दंचरक्तांगीयेनसंकृता॥१७॥

भा॰टी॰- शूर्पनखाके नाक कान लक्ष्मणने काट लिये सो नाक कान क्याहै, बहुत रक्त आया, जिसरक्तसें शूर्पनखा कादेह लाल होगई

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

सो क्याहै ॥१७॥

श्लोक॰ तरसागमनंतेषांकिन्तयोक्तम्वचस्यकिम्॥
हतारामेणतेसर्वेससैन्याराघवेनवै॥१८॥

भा॰टी॰-खरदूषण त्रिषिरा इनो कुंशूर्पनखाक्या बचनकहतीभई राक्षसलोग बहुतजलदी रामजीसें युद्धकरनेकों आए सोक्याहै, सेनासहित रामजीने सब राक्षसोंका नासकियासो क्याहै ॥१८॥

श्लोक॰ भयाद्यांजानकीप्राप्तासागुहाकामुनीश्वर॥
सहोदर्यासभांगत्वारावणस्यचसन्निधौ॥यच्चोक्तं
वचनंकिन्तद्यच्छ्रुत्वाराक्षसोत्तमः॥१९॥

भा॰टी॰-हेमुनिजी भयसे रामजीने जानकीको गुहामे भेजी सोगुहाक्याहै; रावणकी बहिनीने रावणकेसभामे जायके रावणके सामने खडीहोके जोवचन बोली सो क्याहै जिस बचनकू सुनके राक्षसोमे उत्तमजो रावण ॥१९॥

श्लोक॰ कःकामोमोहितोयेनमारीचान्तिकमाययौ॥
कःसम्वादोहयोस्तत्रकोमृगोयस्यरूपधृक्॥२०॥

भा॰टी॰- तुरंत कामसें मोहित हुवा सो कामक्याहै, मारीचकेसामने रावण गया सोमारीचरावणसंवाद क्याहै, और मारीचने मृगकोरूप धरयासो मृगक्याहै॥२०॥

श्लोक॰ किंविचित्रम्मृगतनौचंचलाकागतिर्मुने॥को
मोहोरामचन्द्रस्यवैदेहीलोभनंचकिम्॥२१॥

भा॰टी॰-हेमुनिजी मृगकीशरीरपर चित्रविचित्र क्यारहा॰ मृगका बहुत भागना क्याहै, मृगकों देखके रामजी मोहित भये सो मोह कौनहै और जानकीकों लोभ हुवा सो क्याहै॥२१॥

श्लोक॰ निवारणंचसौमित्रेःरामचन्द्रस्यकिम्मुने॥ह

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

नोरामेणतेनोक्तंकिंलक्ष्मण इतीरितम्॥२२॥

भा-टी- - रामचंद्रकौ लक्ष्मणने मनाकिया मतजावो-ये मृगनही-राक्षसहै सोक्याहै, रामजीने मारीच कौं मार्या सो जमीनमेपडले बख्त मारीचने हालक्ष्मण ऐसा बोला सोक्याहै॥२२॥

श्लोक-जानकीलक्ष्मणस्यैव किंविवादंचनिष्ठुरम्॥
सौमित्रौविगतेदूरेकिंधृतंरावणेनवै॥२३॥

भा-टी- जानकी लक्ष्मणको बहुत विवाद भया सोक्याहै-लक्ष्मण कों दूर गया जाणके रावणनें रूप धारणकिया सोक्याहै॥२३॥

श्लोक-परिव्राजकवेषंचकिंतत्साहित्यमंडलम्॥ वै
देह्याकानिदत्तानिकंदमूलानिसाधवे॥२४॥

भा-टी- - संन्यासीको भेष रावण बनायकेजानकी केपास आया गेरूका कपडा विभूत कमंडल आदि और जो संन्यासीलोग धारण करतेहै सो रावणने क्या धारणकिया-जानकीने साधूजानके कंद मूल फल दिया सोक्याहै॥२४॥

श्लोक-सम्वादःक्रूरवचसाकस्तत्रमुनिसत्तम॥जान
कींस्वरथेस्थाप्यगन्तुकामस्त्वपत्तनम्॥२५॥

भा-टी- - हेमुनिजी जानकी कोंरखोटीबात रावणने कही रावणकुंखोटीबातजानकीने कही सोक्याहै, जानकीकों रावणने आपने रथ-पर बैठायके लंकाकों लेचला सोक्याहै॥२५॥

श्लोक-कोगृद्धस्तस्यकौतुंडौपक्षौचरावणार्दितौ॥
पातितोरावणेनैवजानकींहृत्यसंगतः॥२६॥

भा-टी- -जिसगृद्धके पक्ष चूंचकों रावणने काटके जमीनमें गिराय के जानकीकों लेके लंकाकूंगया सो गीध कौनहै॥२६॥

श्लोक-कादासीस्तस्यदुष्टस्ययासांमध्येचजानकी॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

स्थापितारक्षणं तत्रकिंकृतंराक्षसीगणैः॥२७॥

भा०टी०--रावणदुष्टकी दासी क्याहै जिन दासीयोंके बीच जानकी-कों बैठाया, राक्षसीयोंने जानकीकी क्या रक्षा किया॥२७॥

श्लोक-जानकीहरणंदृष्ट्वारामलक्ष्मणयोरपि॥ को विलापोमुनिश्रेष्ठ गृद्धसन्तारणंचकिम्॥२८॥

भा०टी०--हे मुनिराज, जानकीको हरी देखके राम लक्ष्मणने विलापकिया तथा गीधको संसारसे तारते भए सो क्याहै॥२८॥

श्लोक-कः कबंधोभुजौतस्ययोरामेणनिपातितौ॥ काचितातस्यकोदाहः कबंधवचनंचकिम्॥२९॥

भा०टी० कबंधनाम राक्षस कौनहै कबंधकी भुजा क्याहै जिस भुजाकूं रामजी काटते भए और कबंधकों जलाने वास्ते रामजीने चिताबनाया सोक्याहै कबंधने रामजीसे बचन बोला सोक्याहै २९

श्लो० येनोक्तोरामचन्द्रस्तुतत्क्षणेशबरीङ्गतः॥ का सामुनिश्रेष्ठयार्चित्वारघुनन्दनम्॥ कथित्वाकपिसद्भावंकांगतिम्प्रापितासती॥३०॥

भा०टी०-- जिस बचनकूं मानके रामजी उसी बखत सबरीके पास गए हे मुनिजी सो सबरी क्याहै, जो सबरी रामजीको पूजन करिके तथा रामजीकोंकहीआप सुग्रीवकूं मिलोगे तो सब काम होजायगा ऐसा कहिके किसलोककूं गई॥३०॥

श्लो० कापंपानलिनीश्रेष्ठाकश्शरश्चतदुद्भवः॥ का किष्किन्धापुरीख्याताकेतेवैकपयस्स्मृताः॥३१॥

भा०टी० तलाइयोंमें बडी जो पंपानाम तलाई सो क्याहै उसी पंपातलाईसे निकलाजो पंपानाम तलाव सोक्याहै किष्किंधा पुरीक्याहै जो कपियोंने रामजीकी सहायकिया येसब बांदर कौनहै सो

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

निश्चय करके कहो ॥ ३१ ॥

श्लो॰ कोवालिः कश्चसुग्रीवोयामवान्हनुमांस्तथा
नलनीलादयःसर्वेप्यंगदाद्याःकपीश्वराः ॥ ३२ ॥

भा॰टी॰ - वालि सुग्रीव, यामवान्, हनुमान्, नल नील अंगद आदि बडे बडे बलवान् बंदर येसब कौनहै ॥ ३२ ॥

श्लो॰ तारारुमेचकाख्यातेदुन्दुभिःकश्चराक्षसः ॥
कासागुहादुन्दुभेश्चसुग्रीवोयत्रसंस्थितः ॥ ३३ ॥

भा॰टी॰ - तारा रुमा ये दोनो कौनहै, दुंदुभीनाम राक्षस कौनहै, दुंदुभीकी गुफा क्याहै, जिसके दरवज्जे सुग्रीव खडारहा ॥ ३३ ॥

श्लो॰ कोमासश्चकपेर्वासःकिंमृतज्ञानमेवच ॥ का
राज्यप्राप्तिस्सुग्रीवेकिंसुखंप्रापितञ्चतत् ॥ ३४ ॥

भा॰टी॰ - एक महीना सुग्रीवने गुफाके द्वारपर खडारहा सो महीना क्याहै॰ बालि मरगया ऐसा सुग्रीवने जाना सो क्याहै, सुग्रीवकों राजमिला तिसका सुख भया सो क्याहै ॥ ३४ ॥

श्लो॰ कोदुन्दुभिवधश्चैव वालिनिर्य्यापणंचकिं ॥
सुग्रीवस्यप्रवासंचकृतंतद्वालिनाचकिम् ॥ ३५ ॥

भा॰टी॰ - दुंदुभीकों बालीने मारा मारके अपने घरकूं आयाये दोनो क्याहै, सुग्रीवकों बालीने घरसें निकालदिया सो क्याहै ३५

श्लोक॰ किंसुग्रीवस्यभ्रमणंकोमत्तंगोमुनिस्तथा ॥
किंशिरोवालिनाक्षिप्तंसरक्तंमुनिमंडले ॥ ३६ ॥

भा॰टी॰ - सबदेस सुग्रीव फिरा सो क्याहै, मतंग मुनी कौनहै, मुनीके पर्नकुटीके सामने बालीने रक्तसहित राक्षसका शिर फेंका वो शिर क्याहै ॥ ३६ ॥

श्लो॰ कोस्तोरंजितंयेनमुनेराश्रममण्डलम् ॥ कः

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

शापोमुनिनादत्तोभूधरः कः प्रवर्षणः॥३७॥

भा॰टी॰ - जिस रक्तसे मुनीकी पर्णकुटी भ्रष्टभई सो रक्त क्याहै मुनीनें बालीकों श्राप दिया सो क्याहै, प्रवर्षण नाम पर्वत है सो क्याहै॥३७॥

श्लो॰ सुग्रीव स्यचकोवासोगिरौमंत्रिगणैः सह॥
रामचन्द्रमिलापः कोभूषणंवसनंचकिम्॥३८॥

भा॰टी॰ - प्रवर्षण ऊपर सुग्रीव बसतेथे सो बास क्याहै॰ राम सुग्रीवकी मित्रताहुई सो क्याहै, गहना वस्त्र क्याहै॥३८॥

श्लो॰ त्यक्तंमैथिलराजस्यकन्यायाकिंप्रदर्शितम्॥
काप्रतिज्ञावालिवधेरामचंद्रेणवैकृता॥३९॥

भा॰टी॰ - जो जानकीने सुग्रीवकूं देखके गहना वस्त्र त्यागदिया॰ वह गहना वस्त्र सुग्रीवने रामजीकों दिखाया सो क्याहै॰ बालीकों मारनेवास्ते रामजीनें पण किया सो क्याहै॥३९॥

श्लो॰ जानकीशोधनेचैवकपिनाकाकृतामुने॥ केसमतालाः किंशुष्कंदुन्दुभेः शिरएवच॥४०॥

भा॰टी॰ - हे मुनिजी जानकीकु शोधनेवास्ते सुग्रीवनें पण किया सो क्याहै, सात तालके वृक्ष तथा दुंदुभीका सूखा शिर क्याहै ४०

श्लो॰ किमंगुष्ठंकिमदृश्यंयमाश्रियरघूत्तमः॥ जघानकपिराजम्वेद्वंद्वयुद्धकरंशठम्॥४१॥

भा॰टी॰ - रघुवंशमें श्रेष्ठ रामजीने जिस अंगुठेसे दुंदुभीके शिरको उठायके दूर फेंक दिया सो अंगुठा क्याहै जिस वृक्षके आडे होकर रामजीने दोके संग युद्ध करनेवाला शठ ऐसे बालीकों मार डाला वो वृक्ष कौनहै॥४१॥

श्लोक॰ कापुष्पमालातत्रासीत्चिन्हितोविहतोयया॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

तारांगदविलापः कःकावालिदहनक्रिया॥४२॥

भा॰टी॰ - जिस फूलकी माला सुग्रीवकों पहराया पछानके वास्ते फेर रामजीने युद्ध करनेकूं भेजा सो माला क्याहै॰ तारा अंगद को॰ विलाप तथा वालिकी दाह क्रियाक्याहै॥४२॥

श्लो॰ सुग्रीवराज्यप्राप्तिः कातस्यकिम्मदवर्द्धनम्॥
रामस्यगिरिवासः कोलक्ष्मणेनयुतस्यच॥४३॥

भा॰टी॰ - सुग्रीवकों राजमिलासो क्याहै॰ राजमिलनेसें अभिमान भया सो क्याहै, रामजी लक्ष्मणसहित परवतपर बसे सोक्याहै ४३

श्लो॰ केचत्वारोगतामासावर्षिकाः सुमनोहराः॥ विलापोरामचन्द्रस्यपुनः कोजानकीकृते॥४४॥

भा॰टी॰ - सुंदर मनकों हरण करवेजोग ऐसेजो चारमास वर्षा ऋतुके गए सोक्याहै फेरजानकीके वास्ते रामचंद्रजीने विलाप कियासो क्याहै

श्लो॰ सुग्रीवत्रासनंकिंचलक्ष्मणेनकृतंतथा॥ राघवान्तिकमागत्य प्रेरयामासवैकपीन्॥४५॥

भा॰टी॰ - लक्ष्मणजीने सुग्रीवको त्रासदिया सोक्याहै सुग्रीवने रामजीके सामने आयके कपियोंको भेजासोक्याहै॥४५॥

श्लो॰ चतुर्दिक्षुमहावीरान्सुग्रीवस्तच्चकिम्मुने॥ किमंगुलीयकन्दत्तं रामेणवायुजेकपौ॥४६॥

भा॰टी॰ बडेबली वानरोंकों चारोंदिसाकों सुग्रीवने भेजा सोक्याहै, रामजीने हनुमानकूं मुँदरी दिया सोक्याहै॥४६॥

इतिश्रीवेदान्तरामायणे बालकांडे शिवसहायबुधविरचितेसीताशोधनेतृतीयोमोक्षोपानः॥३॥

श्लोक॰ सम्वर्तउवाच कावधिर्मासिकादत्ताशो

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

धित्वाचत्रयोदिशः॥ अप्राप्तिं पुनराचख्युर्जानक्या
स्तच्चकिम्मुने ॥१॥

भा०टी० सम्वर्तमुनि फेर पूंछतेहैं सुग्रीवने सब बानरोंकों एकमा
सका प्रमाण करके भेजा सो क्याहै. कपियोंनें तीन दिसा शोधके
आय कहेके जानकी नही मिली. सो क्याहै ॥१॥

श्लोक. योगिनीकासमाख्याता पातालविवरंचकिम्॥
कःसम्पातिःपक्षिराजोयद्वाक्यमनुमान्यच॥२॥

भा०टी०- हनुमान् आदि वानरोंकों योगिनीमिली सो क्याहै, पाता
लकी रस्ता देख पडीसो क्याहै. संपाति गीधपक्षी योका रा-
जाक्याजिसकी बचन हनुमान मानके ॥२॥

श्लो० यदारुरोहहनुमान्समुद्रलंघनोद्यतः॥सगि
रिःकोपदापीड्यपारंगन्तुम्मनोदधे॥३॥

भा०टी०- जिसपरबतकों हनुमान चढते भए पगसे दाबिके समुद्रकों
कूदके उसपारजानेको बिचारकिया सोपर्बत क्याहै॥ ३॥

श्लोक. सिंहिकाकाजलचराछायाकावाहनूमतः॥
मारिताक्रोधयुक्तेनवीरेणमुष्टिनाकथम्॥४॥

भा०टी०- जलमेरहनेवाली सिंहिका क्याहै हनुमानकी छायाक्या
है अरु क्रोधकरिके हनुमान् वीरने हाथकी मुष्टी बांधके मारासो
मुष्टी क्याहै॥४॥

श्लो० सुरसा का समाख्याता द्वयोः किम्मुखवर्द्धनं॥
किम्प्रविश्यगतःपारंबिचारंकिंहनूमतः॥५॥

भा०टी०- सुरसाने मुख बढाया हनुमानने देह बढाया सो सुरसा
क्याहै, सुरसाकी मुखमे पैठके हनुमान समुद्रके पारगए सोमुख
क्याहै॥ हनुमान सिंधुके दक्षणतीर बैठके बिचार कियासोक्याहै ५

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो॰ किन्धृतंलघुरूपंचकालंकामुष्टिपातनम् ॥ विलो
किनासमस्तापूर्न्नदृष्टाजानकीतिकिम् ॥ ६ ॥

भा॰टी॰ हनुमानने छोटारूप धारणकिया सो क्याहै हातकी मुट्ठी बांध-
के लंकानाम राक्षसीकूं मारी सोलंका क्याहै तमाम लंकापुरी हनुमा
नफिरे जानकीकूं नहीदेखे सोक्याहै ॥ ६ ॥

श्लो॰ पश्चाद्दृष्टाजनकजाकिंतरुस्थेनतेनवै ॥ किमाग
मनवेगञ्चरावणस्यतदामुने ॥ ७ ॥

भा॰टी॰ - हेमुनिजी पीछे वृक्षपरबैठके जानकीकूं देखे सोक्याहै, त
ब जलदी रावण आया सोक्याहै ॥ ७ ॥

श्लो॰ गतेदुष्टेराक्षसीभिस्तर्जनंकिंकृतन्तथा ॥ त्रिज
टास्वासनञ्चक्रेजानक्याःकिंतदामुने ॥ ८ ॥

भा॰टी॰ - हेमुनिजी रावण दुष्टके गये पीछे राक्षसीयोंने जानकीकों
डरवातीभई सोक्याहै: त्रिजटाने जानकीकूं विश्वासदिया सोक्या
है सोकहो ॥ ८ ॥

श्लो॰ किमूचेरामचरितं हनुमान्तरुसंस्थितः ॥ तेनो
क्तंवचनंश्रुत्वाविश्वासंप्रापसाचकिम् ॥ ९ ॥

भा॰टी॰ - वृक्षपरबैठके रामजीके चरित्रकूं हनुमान कहने लगे॰ तथा
कपिकी वाक्य सुनके जानकीके मन विश्वास भया येदो नोक्याहै

श्लो॰ दत्तांगुलीयंसङ्कृत्यसंवादमभवत्तयोः ॥ कासा
क्षधायवार्तोभूद्धनुमान्कपिसत्तमः ॥ १० ॥

भा॰टी॰ - रामजीकी मुँदरी हनुमानने जानकीकों दियाः जानकी
लेके खुसीभई दोनो माता पुत्र बात करने लगेसोक्याहै जिस भू
षसें हनुमान् दुःखीभंए वोभूष क्याहै ॥ १० ॥

श्लो॰ किम्फलन्तरवःकेचभक्षितोत्पादितास्तथा ॥ रा

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

क्षसीभिः किमुक्तश्च रावणो मानगर्वितः ॥११॥

भा॰टी॰ - जो फल हनुमानने खाए रक्षोकों तोडे सो फल और वृक्ष क्या है रावणकों राक्षसीयोनें क्या कहा ॥११॥

श्लो॰ प्रेरयामास तनयं स्वस्याक्षं राक्षसोत्तमः ॥ हतो हनुमता सश्च बद्धश्चेंद्रजिता च कः ॥१२॥

भा॰टी॰ - राक्षसोंमे उत्तम जो रावण है सो आपने अक्षनाम पुत्रकों भेजा तिस अक्षकों हनुमान मारा सो क्या है इन्द्रजीतने हनुमानकू बांधा सो क्या है ॥१२॥

श्लो॰ लंकाविदाहनं किञ्च ताडनम्पुच्छबंधनम् ॥ भ्रमणं हसनं चैव किन्तैलं रज्जु किम्पुने ॥१३॥

भा॰टी॰ - हनुमानकी पूंछ बांधते भए, मारे लंकामें फिराए हसीकिए और तैल रस्सी कपडा ये सब क्या है ॥१३॥

श्लो॰ कोक्तिर्दशाननस्यैव वीरस्यैव बभूव ह ॥ राक्षसीनां प्रलापं किं किम्पुच्छशीतलन्तथा ॥१४॥

भा॰टी॰ रावणकी हनुमानकी बाते भई सो क्या है लंका जलती देखके राक्षसीयोंने विलाप किया सो क्या है हनुमानने पूंछ बुझाय के थंडी किया सो क्या है ॥१४॥

श्लो॰ जानक्या मणिर्दत्ता रामविश्वासकारणे ॥ गृहीता कपिना साका जानक्या स्वासनञ्च किम् ॥१५॥

भा॰टी॰ - रामजीकों विश्वास होनेवास्ते हनुमानकुं मणि जानकीने दिया सो क्या है, कपीने मणी लेके जानकीकों बिश्वास दिया सो क्या है ॥१५॥

श्लो॰ किम्पुनर्लंघनं सिन्धोरङ्गदास्वासनं च किम् ॥ किं तन्मधुवनं शृङ्गं तैः फलं किम्प्रभक्षितम् ॥१६॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा०टी०-- फेर हनुमान समुद्र कूदके उत्तर पार आए सो क्याहै- अंगदकों आस्वास किया सो क्याहै- मधुबनमें प्रवेस करके कपियोनें फलखाए सो सुंदर सुग्रीवको मधुबन क्याहै ॥१६॥

श्लो० तर्ज्जितावनपाःकेचकपीशायनिवेदनम्॥ को हर्षःकपिराजस्यरामप्रश्नंचकिम्मुने ॥१७॥

भा०टी०-बनके रखवालोंकों मारा वे सुग्रीवसे जापुकारे सुग्रीवकों हर्ष भया- सुग्रीवसे रामजीने पूछा येसब क्याहै ॥१७॥

श्लो० आगत्यहनुमानूचेनस्याप्यादरभावना॥ सेनासंयोजनाकाचसमुद्रतटसंस्थितिः॥१८॥

भा०टी०-- हनुमान आयके सब हाल रामजीसे कहे हनुमानका आदर रामजीनेक्याकिया फौजकों एकठीकरके चलते हुए सो क्याहै- समुद्रके तीर सेना सहित रामजीनें डेरा किया सोक्याहै ॥१८॥

श्लो० बिभीषणस्यधिक्कारःकिंकृतंरावणेनवै॥ केबिभीषणमंत्रज्ञास्तैःसार्द्धंरामसन्निधिम्॥१९॥

भा०टी०-- रावणने बिभीषणकों कहा कि तेरेकों धिक्कारहै ऐसी बानी क्याहै- बिभीषणको मंत्री कौनहै जिनोकों संग लेके रामजीके पास आए ॥१९॥

श्लो० आययौकपयश्चक्रुःकिन्तस्यविनिवारणम्॥ बिभीषणायकिंदत्तंराज्यंरामेणवैतदा॥२०॥

भा०टी०-- आयाजब कपियोंने आणे नहीं दिया सो क्याहै, तब रामजीने बिभीषणकों राजदिया सो क्याहै ॥२०॥

श्लो० समुद्रतरणेचैवकोविचारश्चतैःकृतः॥ किंचदर्भासनन्तत्रत्रिदिनंराघवस्यह॥२१॥

भा०टी०-- समुद्रके पार जानेकेवास्ते बिचार कियासो क्याहै, हेमुनि

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

जी, रामजीका कुशआसन क्याहै ॥२१॥

श्लो॰ त्यक्त्वामूलफलेरामोनिराहारोबभूवच ॥ किम्मू
लंकिम्फलंचैवकिमयाचतसागरम् ॥२२॥

भा॰टी॰ - मूल फलकों रामजीने त्यागिके निराहार रहे सो मूल फल-
क्याहै, समुद्रसें रामजीने याचना किया सो क्याहै ॥२२॥

श्लो॰ कःक्रोधोरामचंद्रस्यकिं सागरविशोषणम् ॥ के
वैजलचराःसर्वेव्यथिताःशरकर्षणे ॥२३॥

भा॰टी॰ - रामजीने क्रोध किया सो क्याहै, समुद्रकूं शोष लेनेकूं मनकि
या सो क्याहै, समुद्रशोषणेवास्ते धनुषपर बाण चढायके खेंचे तब-
जलजीव बहुत दुःख पाए सो क्याहै ॥२३॥

श्लो॰ किंसागरघृतंरूपम्ब्राह्मणस्यातिकौतुकम् ॥ का
पात्रीकेचतेरत्नाःसमानीताश्चसिन्धुना ॥२४॥

भा॰टी॰ - समुद्रने तमासा सरीके ब्राह्मणको रूप धारण किया सोक्या
है सिंधुथालीमे रत्नधरिके रामजीकी बिनती किया सो रत्न तथा था
ली येसब क्याहै ॥२४॥

श्लो॰ स्तवनंकिञ्चकाराशुरामचंद्रस्यसागरः ॥ कश्चो
त्तरतटस्थश्चसिन्धुशत्रुर्निपातितः ॥२५॥

भा॰टी॰ - समुद्रने रामजीकी स्तुतिकिया सोक्याहै, समुद्रके उत्तरतीर
मेसमुद्रकाबैरी सो रामजीने मारा सोक्याहै ॥२५॥

श्लो॰ कःसेतुःकश्चपाषाणःकेचान्येसेतुबन्धने ॥ सा
हित्याश्चैवरामेनदुःखितेनसुखायच ॥२६॥

भा॰टी॰ - बडे दुःखी रामजीने सुख होनेवास्ते पुल बांधते भए सोपुल
क्याहै पुलकी सामग्री क्याहै ॥२६॥

श्लो॰ कश्चरामेश्वरोदेवःस्थापितःपूजितोनिशम् ॥ किं

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

सैन्योत्तारणंतस्यकासेनागणनातथा ॥ २७॥

भा॰टी॰ - रामजीने आपना कुलदेव जानके रामेश्वरजी कों स्थापन किया और बारंबार पूजन किया सो क्याहै॰ फौजकूं समुद्रके पार जाना तथा गिनती किया सो क्याहै ॥२७॥

श्लो॰ कःस्कवेलोगिरिर्ब्रह्मन्सैन्यानांकास्थितिस्तथा॥ चतुर्षु द्वारदेशेषुलंकायाश्चचतुर्दिशः ॥२८॥

भा॰टी॰ - हेब्राह्मणजी; स्कवेल पर्वत और स्कवेलकेऊपर फौज टिकी ये दोनो क्याहै, लंकाके चारों तरफ तथा चारों दरवाजाको ॥२८॥

श्लो॰ रोधनंकिम्मुनेब्रूहिकोत्तरेराघवस्थितिः, किंयु द्धंरावणादीनांराक्षसानांपरस्परम् ॥२९॥

भा॰टी॰ - हेमुनिजी, घेर लेते भए सो क्याहै, उत्तर दरवाजापर रघुनंदन आप खडेहुए सो क्याहै, रामजीके तथा रावण आदि गिणती नही जिन राक्षसोंकी जिनसें परस्परयुद्ध बहुत भईसो क्याहै ॥२९॥

श्लो॰ कपीनांरामचन्द्रेणप्रेरितानाम्मुहुर्मुहुः॥ रामस्यलक्ष्मणस्यैवराक्षसैश्चमहाहवं ॥ ३०॥

भा॰टी॰ - रामजीके हुकुम पायके बानरोंकी तथा राक्षसोंकी बडी प्रलय युद्ध भई॰ तथा रामलक्ष्मणसें और राक्षसोंसें बडी युद्ध भई सो क्याहै॥ ३०॥

श्लो॰ किंशिरोवर्द्धनंछिन्नेरामेणरावणस्यच॥ कामायाराक्षसेन्द्रेणसंग्रामेदर्शिता मुहुः॥३१॥

भा॰टी॰ - बारंबार रामजीने रावणको शिर काट काटके जमीनमे पटके और रावणके शिर फिर दूसरे तयार भए॰ उसी तरें शिरोंकी बडी वृद्धि भई सो क्याहै॰ युद्धमे रावणने बहुत माया दिखाई सो माया क्या

श्लो॰ कानिद्राकुंभकर्णस्यकिंवैजागरणंतथा॥ शक्तया

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

विघातितेतत्रलक्ष्मणोपतितेक्षितौ ॥३२॥

भा॰टी॰- कुंभकर्णकी निद्रा क्याहै॰ रावणने कुंभकर्णकों जगाया सोंक्याहै; इन्द्रजीतने लक्ष्मणकौं शक्तिसे मारा लक्ष्मण भूमिपर पडगयासोक्याहै॥३२॥

श्लो॰ कोरामस्यविलापश्चकपीनाञ्चैवसर्वशः॥कः सुषेणोगिरिद्रोणोकोमार्गःक श्चतापसः॥३३॥

भा॰टी॰- तबरामजीने और सब वानरोनें बडाविलापकियासो क्याहै सुषेणतथाद्रोण पर्वत क्याहै, जिसके रस्तामे राक्षस कपटमुनिहोके हनुमानकों विघ्नकरनेवास्ते बैठा सोरस्ता और मुनिकौनहै॥३३॥

श्लो॰ किंकमंडलुतोयंचदर्शितस्तेनकः शरः॥काच्छायाकपिनामृत्युंप्राप्ताकागुरुदक्षिणा॥३४॥

भा॰टी॰- दुष्टमुनिने हनुमानको आपने कमंडलुको जल देनेलगा सोजल तथा कमंडलुक्याहै, हनुमानने कमंडलुको जलनहीपिये तोदुष्टने तलाव बताया सो तलाव क्याहै, हनुमान तलावमें जलपीनेलगे तोछाया हनुमानकों खानेवास्ते आई उस्कों हनुमानने मारडाली सोछाया क्याहै, दुष्टमुनिने गुरु दक्षिणा मांगी सोगुरुदक्षिणाक्याहै॥३४

श्लो॰ वनस्पतेरविज्ञानः कोद्रोणोत्पाटनञ्चकिम्॥ किम्पुनस्थापनंतस्य लक्ष्मणाजीवनन्तथा॥३५॥

भा॰टी॰- हनुमानने औषधी नही पछानी तो द्रोणपर्वतकों मूल सहितउपाडके सेनामे आए सोउपाडना क्याहै, लक्ष्मणकौंचैतन्यभएपीछे पर्वतकुं उसीजगापर रख आएसो क्याहै॥३५॥

श्लो॰ कारात्रिःकिंदिनंयुद्धंनागपाशविबन्धनम्॥राम लक्ष्मणयोःकश्चगरुडागमनञ्चकिम्॥३६॥

भा॰टी॰- रामजीसे रावणसे रातदिन युद्ध भई सो रातदिन क्याहै; मे

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

धनादने रामलक्ष्मणकों नागपाशमें बांध लिये सो क्याहै· गरुडने· आयके छुडाए सो क्याहै ॥ ३६॥

श्लो० स्वस्त्रियंजानकींकर्त्तुरावणश्चभृशंमुने ॥ लो
भादयः केकथितारावणेनतदन्तिके ॥ ३७॥

भा·टी·- रावणने जानकीकों अपनी स्त्री बनाने वास्ते वारंवार लोभ आदिकहता भया सोक्याहै ॥ ३७॥

श्लो० कोजानकीविलापश्चमासेचैकादशेमुहुः ॥ त्रिजटास्वासनंकिम्वैमन्दोदर्याः शुचश्चकाः ॥ ३८॥

भा·टी·- मास ११ वारंवार जानकीने विलाप किया सो क्याहै जानकीकों त्रिजटानेविश्वास दिया सोक्याहै· मंदोदरीकों शोच भयासोक्याहै ३८

श्लो० मेघनादादिसर्वेषुहतेषुपुत्रभ्रातृषु ॥ विलापो
दशकंठस्यकोबभूवमुनीश्वर ॥ ३९॥

भा·टी·- हेमुनियोंकेईश्वर मेघनाद आदि लेके गिनती करवे जोगनहीजो रावणके पुत्र, प्रपुत्र, भाई, राक्षस, इन्होके मरेपीछे रावणने विलाप किया सोक्याहै ॥ ३९॥

श्लो० यज्ञस्थितेदशग्रीवेकोविघ्नोवानरैः कृतः ॥ रा
मरावणयोर्युद्धेयेचान्येभूरिकौतुकाः ॥ केतेसर्वेयथा
योग्यम्वदस्वमुनिसत्तम ॥ ४०॥

भा·टी·- रावणने शत्रुजीतनेके वास्ते यज्ञ करनेकूं बैठा तब वानरोने विघ्नकिया· येदोनो क्याहै, रामरावणके युद्धमे ओरजो बहुत चरित्र भया सो क्याहै· हेमुनिजी येसब बात यथायोग्य कहो ॥ ४०॥

श्लो० रावणेसकुटुम्बेचसामात्ये पुत्रपौत्रके ॥ हतेरा
मेणकपिभिर्लक्ष्मणेनावशेषिते ॥ ४१॥

भा·टी·- रावणके पुत्र पौत्र भाई कुटुंब मंत्रीसहित को रामने मारेथो

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

रजोवाकीरहे सो कपि ओरलक्ष्मणने मारेसोक्याहै॥ ४१॥

श्लो॰ राक्षसीनांविलापःकोलंकाराज्यंबिभीषणे॥दत्तं किंरामचंद्रेणसेन्यानांजीवनंचकिम् ॥४२॥

भा॰टी॰ - राक्षसीयोंका विलापक्याहै॰ लंकाको राज्य बिभीषणकूं दियासोक्याहै॰ ओरअपनी सेना मरीपडीथीउस्कोजियाने भए॰ येसबकाम रामजीने किया सो क्याहै॰ ॥४२॥

श्लो॰ कास्तुतीरामचंद्रस्यकृतासर्वैश्चराचरैः॥जानक्या रामचंद्रस्यकोमिलापोऽतिसौख्यदः॥४३॥

भा॰टी॰ - देवोंसहित तीनलोक॰ चौदाभुवन॰ रामजीकी स्तुति किया तथा बहुत सुख देनेवाला॰ मिलापरामचंद्र जानकीका भया सोक्याहै

श्लो॰ पुष्पकेचसमारोप्यरामःसर्वान्कपींस्तथा॥लक्ष्म णंजानकींचैवकिंरणस्थलदर्शनम्॥४४॥

भा॰टी॰ - रामजीनें पुष्पक विमानमे लक्ष्मणजानकी तथा सबबानरों कों बैठायके अयोध्याकूंचले॰ तब ऊपरसें रणभूमि दिखाई सो क्याहै॥४४॥

श्लो॰ यथायातोवनंरामस्तथाचपुनरागतः॥भरद्वा जाश्रमेस्थित्वाहनुमत्प्रेषणंचकिम् ॥४५॥

भा॰टी॰ जैसा रामजी बनकूं गए तैसेही फिर अयोध्याकूंचले॰ भरद्वा जमुनिके आश्रम॰ आयके हनुमानकों भरतके पास भेजासोक्याहै॰

श्लो॰ हनुमान्भरतोक्तिश्चकिंपुष्पकसमागमम्॥स र्वासांचप्रजानांवैकोहर्षःपुरवासिनाम्॥४६॥

भा॰टी॰ - हनुमानओर भरतकोसंवाद भयासोक्याहै॰ पुष्पक॰ विमान भरतके सामने आया सोक्याहै॰ पुरवासियोंको बडाहर्ष भयासोक्याहै॥४६॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लोक- सर्वेषांचैव भ्रातॄणांकिंजटाकृंतनम्मुने ॥ पट्टा
भिषेकोरामस्यसर्वेषांसुखसंस्थितिः ॥४७॥

भा-टी- - हेमुनिजी सब भाइयोनें जटा उतरायके हजामत कराया सोक्याहै- रामजीकों राज्य प्राप्ति हुवा और सबकों आनंद भया- सोक्याहै ॥ ४७ ॥

श्लो० विसर्जनञ्चसर्वेषांकपीनाम्मुनिसत्तम ॥ किंरा
ज्यंरामचंद्रस्यकिंप्रजानांसुखन्तथा ॥४८॥

भा-टी- - हेमुनिजी रामजीने राज पायके कुछदिन पीछे सब कपि- योंकों तथा बिभीषणकों बिदाकिया सोक्याहै- रामजीने राजकि या सब प्रजासुख पाए सोक्याहै ॥ ४८ ॥

श्लो० रामेणकेकृतायज्ञाजानकीत्यागनंचकिम् ॥
कोरामपुत्रौसंजातौकोदुर्वासामुनिःप्रभो ॥ ४९ ॥

भा-टी- - रामजीने यज्ञकिया तथाजानकीकों त्याग दिया- रामजीकें दो लडके हुए- दुर्वासामुनि आए येसब क्याहै ॥ ४९ ॥

श्लो० वियोगोरामचंद्रस्यलक्ष्मणस्यचकोमुने ॥ को
भूम्याविवरोदत्तोजानकीयेन संगता ॥ ५० ॥

भा-टी- - लक्ष्मणको रामजीसें वियोग भयो सोक्याहै, जानकीकी सोगन सुनके भूमिने रस्ता दिया- जिसरस्तेसें जानकी जायके जोति में मिलगई सोक्याहै ॥ ५० ॥

श्लो० सर्वाःप्रजास्समादायरामःकुत्रगतःप्रभो ॥ ए
वंचान्यानिरामस्यरावणस्यचभोमुने ॥ ५१ ॥

भा-टी- - सब चराचर प्रजाकों संगलेके रामजी किस्थानकू गए हे मुनिजी सो कहो- रामरावणको चरित्र मैंने पूंछा सो ॥ ५१ ॥

श्लोक- अनापृष्टानिचमयावदस्वकृपयामुने ॥ पुराणे

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

रामचरितंश्रुतन्नतर्पितम्मनः॥५२॥

भा०टी०-जोमैंने नहीं पूंछा सोबी आप कृपाकरके कहो पुराणमे रामचरित्र मैंने सुनापरंतु मेरामन तृप्तनहीभया॥५२॥

श्लोक-वेदान्तमार्गेणवदस्वभोमुनेसर्वंचरित्रंरघुनन्दनस्यवै॥श्रुत्वामनोमेबहुतापतापितम्प्रयातिशान्तिञ्चयमाशुनिश्चितम्॥५३॥

भा०टी०-हेमुनिजी रामजीको सम्पूर्ण चरित्र वेदान्त मार्ग करके कहो जिसको सुनके मेरामन जलदीसें शांतिकों प्राप्त होवे कैसामनहै बहुत भ्रमरूप अग्निसे जलताहै॥५३॥

इतिश्रीवेदान्तरामायणेबालकांडे शिवसहायबुधविरचितेसम्वर्तवरतन्तुसम्वादेसर्वप्रश्नोनामचतुर्थोमोक्षोपानः॥४॥

वरतन्तुरुवाच॥ ॥साधुसाधुमहाबाहोधन्यौतेपितरौमुने॥वर्द्धयन्तितवप्रश्नाःममम्मोदन्तपोधन ॥१॥

भा०टी०-वरतंतु मुनिबोले हेसंवर्त मुनि, तुमने बहुत अच्छे अच्छे प्रश्नकिया तुमारे प्रश्नसे हमारे मनकी आनंदकी वृद्धी होतीहै तुमारे माता पिताकों धन्यहै॥१॥

श्लोक-नरामोमानुषोविप्रदशास्योनचराक्षसः॥भूर्भुवःस्वरितिब्रह्मन्नत्रिलोकत्रिगद्यते॥२॥

भा०टी०-हेमुनि रामजी मनुष्यनही और रावण राक्षसनही और आकाश पाताल मृत्यलोक इनकी तीनलोक संज्ञा नहीहै॥२॥

श्लो० अष्टादशपुराणानांषड्शास्त्राणामिदम्मतम्॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

वेदान्तानांविशेषेणसर्वलोकमिदन्तनु ॥३॥

भा॰टी॰ अठारा पुराण षड्शास्त्र और विशेषकरके वेदान्तको म त यह है कि तीन लोक चौदा भुवन ये देह ही है ॥३॥

श्लो॰ वर्णयामिद्विजश्रेष्ठतवप्रश्नविभूषिताम्॥ गा थामेतां सुदुर्गम्यामपक्वमानसैर्नरैः॥४॥

भा॰टी॰ - हे द्विजोमे बडे मुनि तुमारे प्रश्नकरिके शोभित है यह कथा जिसकूं मै कहताहुं कैसी है कथा जिन्नरोंकी हृदय ज्ञानसें परि पक्व नही है उनमनुष्यों करिके बहुत दुःखसे प्राप्ती होवे जोग्य है ४

श्लो॰ यतोभगवतश्चैतत्जगदुत्पद्यते मुने ॥ पाल्य- तेयत्प्रपद्यंतेपुनश्चान्तेत्वनेकधा ॥५॥

भा॰टी॰ - हे मुनिजी जिस भगवान्ते यह संसार अनेक प्रकारका उत्पत्ति होताहै तथा पालन होताहै और अंतमे उसी भगवानमे लीन होजाताहै ॥५॥

श्लो॰ सच्चिदानन्दरूपस्यनिर्गुणस्यजगत्पतेः॥ जड संजीवनानन्दकारकस्यमहाप्रभोः॥६॥

भा॰टी॰ - देह जीवके आनंद करनेवाले भगवानके रजोगुण तमो गुण सत्वगुण करिके रहितके संसारके पतीके जडसंसारके बहु तप्रकारसेजीवनरूप आनंद करनेवालेके महाप्रभूके ॥६॥

श्लो॰ ध्यानगम्यस्यसततंनिराधारस्यनिस्तनोः॥ निर्विकल्पस्यनित्यस्य यत्तेजोऽखिलदुर्गमम्॥७॥

भा॰टी॰ - ध्यानसे प्राप्ति होवे योग्यके आधारसें रहितके सरीरसे हीनके तर्क वितर्कसे वर्जितके जन्मनाशसें रहितके ऐसे भगवा नका यो तेज कैसा तेज है संसारी जीवोंकरिके बडे दुःखसें प्राप्ति होनेजोग है ॥७॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लोक॰ तस्याएवर्बुदभागेनविस्तृतम्भुवनत्रयम्॥ब्रह्म
विष्णुमहेशादियुतंसर्वचराचरम्॥८॥

भा॰टी॰ - तिसतेजके अणुके अर्बुदभागसे इस तीन भुवनका विस्ता
रहोरहाहै अणु किसकूं कहतेहैं किजो मकानकेऊपर छपरके छेदमेसें
सूर्यका किरण पडतेहै उसकिरणके भीतर धूलकी कणिका फिरतीदी
षतीहै उस कणिकामेसे एक कणकी अणुसंज्ञाहै उस अणुको अर्बुद
भागकरना १००००००००० इस्मेसे निन्नानवेक्रोड निन्नानवेलाख नि
न्नानवे हजार नवसे निन्नानवे निकारिके बाकीजो रहाभाग १ तिसभा
गका तीनलोक चवदाभुवन चराचरको विस्तार भयाहै कैसे लोकहै ब्र
ह्म विष्णु महेश इन्होकों आदि लेके अनेक प्रकारके जीवोंकरके संयु
क्तहै॥८॥

श्लोक॰ उत्पत्त्यवन संहारेतस्येच्छानमुनीश्वर॥अ-
णोरर्बुदभागस्तुद्विधाभून्मुनिसत्तम॥९॥

भा॰टी॰ हेमुनिजी संसारकी उत्पत्ति रक्षा नाश करना ऐसी भगवान्
की इच्छा नहीहै परंतु वो जो अणुको अर्बुदभागहै सो अपनी इच्छासे
दो भाग होगया हेमुनिजी॥९॥

श्लोक॰ प्रमदापुरुषौविप्रताभ्याविस्तारितंत्विदम्॥
मुनींद्रप्रमदायासीत्साशक्तिर्बहुरूपिणी॥१०॥

भा॰टी॰ - हेविप्र एक भागकरके स्त्री हुई दूसरे भागकरके पुरुष भया
इनदोनोंके संजोग से यह तीनलोक चौदाभुवनको विस्तार भयाहैजो
स्त्रीभई सोशक्तिको रूपहै॥१०॥

श्लो॰ पुरुषोभगवान्प्रोक्तोविष्णुर्नारायणोहरिः॥अ
नेकरूपोगदितोमुनिभिर्योगतत्परैः॥११॥

भा॰टी॰ - जोपुरुष भयासो भगवान् विष्णु नारायण हरी इसप्रकारके

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

बहुतनाम विख्यात भए. योगको जाननेवाले मुनियोंने अनेक रूप भगवानको कहे हैं ॥११॥

श्लो० निराकारस्यदेवस्यनिर्गुणस्यजगत्प्रभोः। तेज
सः पश्यसामर्थ्यमणोरर्बुदभागिनः ॥१२॥

भा० टी० - आकार सेंरहित गुणसेंहीन, ऐसे भगवानके तेजके अर्बुदभागकी सामर्थ्य देखो ॥१२॥

श्लो० येनेदंविस्तृतंसर्वंदृश्यतेसचराचरम्॥ ज्ञानिनो
ध्यानयुक्ताश्चजगच्चैतच्चराचरम् ॥१३॥

भा० टी० - जिसअर्बुदभागके तेजकरके यह चराचर संसार विस्तार भयाहै ज्ञानीऔर ध्यानकरनेवाले जोजीवहैसो ध्यान कर्के युक्त यह चराचर जगतको ॥१३॥

श्लोक० ध्यानयोगेनस्वस्यैवपश्यंतिहृदयेऽनिशम्॥ ज्ञा
नध्यानविहीनाश्चहृद्बाह्यमनिशंध्रुवम् ॥१४॥

भा० टी० ध्यानयोग करके अपने हृदयमें वारंवार देखतेहैं औरजो जीव ज्ञान ध्यानसे रहितहै सो जीव निश्चय करिके वारंवार हृदयके बाहिर ॥१४॥

श्लोक० पश्यन्तिचर्मचक्षुर्भ्यांमोहसंतापतापिताः॥
बाह्यसृष्टेःप्रभावञ्चेद्वर्णयामिसविस्तरम्॥ भविष्य
तितदाग्रंथोमहान्सज्जनसौख्यदः ॥१५॥

भा० टी० - चर्मकी आंख करके देखतेहैं कैसेजीवहैं मोहरूप अग्निकी ज्वालासेंजलेजातेहैं बाहिर सृष्टीके प्रभावको विस्तार जोमैं वर्णन करूं तेसज्जन जीवोंकोसुख देनेवाला ग्रंथ बहुत बडाहोजावे १५

श्लो० ग्रंथमहतिजातेवैनदोषोऽणुर्विदृश्यते॥ तथापि
ममसामर्थ्यंवृद्धस्यनास्तिवर्णने ॥१६॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा॰टी॰ - ग्रंथ बडा होनेमे कुछ दोष अणुमात्र भी नहीं है बडा आनंद है परंतु मैं वृद्ध होगया बिस्तार वर्णन करणे की मेरी सामर्थ्य नहीं

श्लो॰ शृण्विदानीमतोविप्रचरित्रंशूरवीरयोः॥ राम रावणयोः सम्यङ्मुमुक्षूणांसदाप्रियम्॥१७॥

भा॰टी॰ - हे विप्र इस कारणसे अब रामरावण दोनो सूरवीरके चरित्र को सुनोके साच रित्र है मोक्ष जाने वाले जीवोंको सदा प्यारा लगे है

श्लो॰ पुरुषेच्छाप्रसूतस्तुशरीरःसर्वदेहिनाम्॥ शक्त्या नुमानितंसत्यमसत्यमचलञ्चलम्॥१८॥

भा॰टी॰ - सब जीवोंके वास करनेवास्ते वह जो पहिले अणुमात्र तेज अपनी इच्छासें स्त्रीपुरुष भया उसकी इच्छासें यह देहरूप हवेली बनीहै कैसी शरीरहै रूठी स्थिर नहीहै परंतु स्त्री जो पेस्तर भई सोई मायाहै तिसकरिके साथ हुवा जो पुरुष तिसका अंश जो जीव सो सत्य मानताहै अचल की यह मेरी देह रूपी हवेली कभीनष्ट नहीहोगा॥१८॥

श्लोक॰ पुरुषप्रकृतिसंयोगात्तर्कोभूच्चभवांकुरः॥ स पुलस्त्य इतिख्यातोवितर्कश्चतदुद्भवः॥१९॥

भा॰टी॰ - पहले अपनी इच्छासे हुवे जो पुरुष, प्रकृति उन दोनोके संजोग जो बीर्यहै तिस बीर्यमें संसारकों उत्पन्न करनेवास्ते तर्कनाम अंकुर भया तर्क उसकूं कहतेहै कि एक मिनिटमें इतना बिचार करे कि जिसकी गिनती शेष शारदा भी नहीकर शके संसारके पहिले भया उसवास्ते तर्क कुं पुलस्त्य नाम भया॰ और पुलस्त्के वितर्कनाम पुत्र भया वितर्क किसकूं कहतेहै यह काम होवेगा कि नहीहोवेगा १९

श्लो॰ समरीचिर्मुनिःप्रोक्तश्चोद्वेगस्तस्यसंभवः॥ स विश्ववाससमाख्यातोदुर्मतिस्तस्यगेहिनी॥२०॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा॰टी॰ - वितर्क मरीच मुनिहै तिस मरीच मुनिके उद्वेग नाम पुत्र भया॰ उद्वेग को क्या अर्थ है एकक्षणमें जीव अनेक चीजमे जाय लगे स्थिर न रहे उस्कों उद्वेग कहते है॰ उद्वेगनाम विश्रवा मुनि है॰ दुर्मति कहे खोटे कर्मकी जो इच्छा करना सो बिश्रवा मुनिकी स्त्री है २०

श्लो॰ साकैकसीद्वितीयानुदीनावैपतिरंजिनी॥ दीनायास्तनयोजातः कुबेरोधैर्यसंज्ञितः॥२१॥

भा॰टी॰ - दुर्मतिको कैकसीनाम है दूसरी स्त्री विश्रवाकी दीनमति है दीनकहे गरीब मति है॰ यह पतिकों सुख देनेवाली है॰ दीनमति जो विश्रवाकी स्त्री है तिसके धीरजनाम पुत्र जन्म्यो सो कुबेर है॥२१॥

श्लोक॰ विमानन्तस्यपुष्पाख्यमविकम्पनमेवच॥ बभूवुर्दुर्मतेः पुत्रास्त्रयश्चान्येसहस्रशः॥२२॥

भा॰टी॰ अनेकदुःखपडे परंतु अपने धर्मकों नहीछोडे ऐसी निश्चय सोपुष्पकविमान है॰ और दुर्मतिजो विश्रवाकी स्त्री तिसके तीनपुत्र भये॰ औरतो दुष्टराक्षस अनेक है

श्लो॰ मनोतिप्रबलोजज्ञेसरावणइतिस्मृतः॥ परोपतापनंजारचौर्य्यमानरवोसमम्॥२३॥

भा॰टी॰ - प्रथमतो मनजन्म्या॰ सो बडा बलवान प्रतापी रावण भया॰ दूसरेजीवोंकू त्रास देना १ भगवानकी प्रीत छोडके आन काजमे प्रीत करना २ ईश्वरके भजनमें भंग करना ३ मानकूं बटाना॰ ४ जीवमे भेद देखना॰ ५॥२३॥

श्लो॰ पानम्वैरमविश्वासंचपलंसम्भ्रमंसदा॥ एतानिदशमूर्द्धानिमनसोरावणस्यवै॥२४॥

भा॰टी॰ - खोटे काजमे सुखदेखना सोई मदिरापान ६ सबजीवोंसें

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

वैरकरना ७ किसीजीवको विश्वास नहीं राखना ८ संदर काजदे खके भागना ९ सबजीवकों अनादर करना १० येदस मस्तक मनरूपी रावणके हैं ॥ २४॥

श्लो॰ दुःखत्यागस्सुखस्येच्छावियोगमातुरंतथा॥
सदाक्लेशंसदातुष्टिःप्रमादोऽभयमेवच॥२५॥

भा॰टी॰ - दुःखकोत्याग १ सुखहोनेकी इच्छा २ जीवोसें वियोगमानना ३ विनाविचार काजकरना ४ दुःखमेक्लेश सुखमेभीक्लेशपाना ५ असंतोष ६ प्रमाद ७ ईश्वरकोंडरनानही ८

श्लो॰ निंदापैशून्यमातंडंवितंडंमानमेवच॥ग्लानि
हानिमहामोहप्रमादंकौतुकंरतिः॥उन्मत्तावाह
वश्चैमेविंशाःप्रोक्तामुनीश्वरैः॥ २६॥

भा॰टी॰ - निंदाकरनाद चुगली करना १० बेदसेंरहित कर्म करना ११ आपकीइच्छासे रहना दूसरेका उपदेस माननानही १२ सदाग्लानि १३ सदाहानि १४ सदाबुरेकाममें प्रीति १५ प्रमत्तरहना १६ तमासामें प्रेम १७ स्त्रियोसें प्रेम १८ किसीसे मत्रनही रहना १९ सबजीवोंमे आपकूं बडामानना २० हेमुनिजी यह मनरूपीरावणका वीस भुजाहै ॥२६॥

श्लो॰ दुःसंगस्तुद्वितीयोभूत्सकुंभश्चोत्रउच्यते॥
त्रास स्तृतीयः संजातः प्रोक्तश्च सविभीषणः २७

भा॰टी॰ - खोटेकर्मकी संगतकरना सोई कैकसीको दूसरापुत्र उसकानाम कुंभकर्ण बुरेकर्मकूं देखके बहुत डरना सो तीसरा पुत्र उसकानाम बिभीषणहै॥ २७॥

श्लो॰ बभूवदुर्मतेः कन्यादुःसंगेच्छातिक्रूरिणी॥सा
वैसूर्पणखाप्रोक्तादुष्टकार्याःखरादयः॥२८॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा-टी- - दुर्मति नाम कैकसी जिसके लडकी भई सो खोटी संग न कर्मोंकी इच्छा उसका नाम शूर्पनखा है- तीन लोकमें जितने बुरे काम है चोरी, जारी, जुवारी, चुगली और जहर देना ये सब खरादिक राक्षस है ॥२८॥

श्लो० मनसस्तनयोजातोदुश्चेष्टितइतीरितः॥ समेघनादोविख्यातोमेघवद्गर्जतेसदा॥२९॥

भा-टी- - बुरेकाजमें प्रेम करना सोई मनरूपी रावणको पुत्र मेघनाद नाम है- जैसे आकासमे मेघ गर्जते है तैसा यह गर्जता है-२९

श्लोक- दुष्टकर्मरुचिःख्यातारावणस्यप्रियाशुभा॥ सैवमंदोदरीचैवचैनादृश्यस्त्वनेकशः॥ दुष्टकार्ये सदाप्रीत्यासंस्थितिर्वैपणाकृता॥३०॥

भा-टी- - बुरेकाममें प्रीति सोई मनरूप रावणकी स्त्री है, उसका नाम मंदोदरी है- और जो बुरेकाम अनेकप्रकारके उत्तम मध्यम निकिष्ट इनकर्मोंकी अनेकप्रकार की प्रीति सोई रावणकी मंदोदरी सरीके बहुत स्त्री है दुष्टकार्यमें प्रीति करके हठते

श्लोक- सालंकातत्सुखंहेमनहर्षोवारिधिस्मृतः॥ हर्षतृष्णाचपरिखादुरानन्दोविधिस्मृतः॥३१॥

भा-टी- सोई लंकापुरी है जिसलंकामें बसकर सुख मानना के तीन लोकमे कोई सुख है नहीं सोई सोना है- उसी सोनेसे लंका जडी है तिसोनके सुखमें हर्ष मानना सोई समुद्र है- खोटेकाजमे बास कर्ना सो लंकाको सुख- सोनेके हर्षकी तृष्णा करना सोई लंकाकी चारों तरफ खाई है और बुरेकाजोंमें आनंद मानना सोई ब्रह्मा है ॥३१॥

श्लो० तत्सेवनंतपःप्रोक्तंवरंक्रूरनिसेवनम्॥ मदमानरूपंचयत्पीतंराक्षसैःसदा॥३२॥

भा-टी- - उसी बुरेकर्मके आनंदको सेवन करना सोई रावणकी

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

तपस्याहै खोटेकर्ममें नित्यप्रेमराखना और कभी हम मरेगेनही· ऐसा मानना सोई बरदान रावणने ब्रह्मासें लिया· अज्ञानहै सोई मदिराको रसहै जिसकूं राक्षस लोक सदापीतेहै ॥३२॥

श्लो० विशेषतश्चमनसाप्रपीतंरावणेनच॥ शरीरं सर्वजीवानामिदंचैवचराचरम्॥३३॥

भा·टी· - विशेष करिके उसमदकों मनरूपरावण पीताहै सब-जीवोंकी यहशरीर जोहै चलदेह तथा अचलदेह ॥३३॥

श्लो० त्रिलोकमितिविख्यातंपीडितंतेनराक्षसा॥ अनाचारेरथेस्थित्वातद्दर्षवाजिसंयुते॥३४॥

भा·टी· - सोई तीनलोकहै तिसकों मनरूपरावण बहुत पीडादे ताभया· आचारोंसें हीनकर्म सोई रथहै तिस रथमें बैठके उसी· रथकूं देखके बहुत खुशी होना सोई अनेक घोडेहै॥३४॥

श्लो० दुराशासनदुश्चित्तदुरंजन दुरापनम्॥एतै श्चक्रैर्वृतेवीरोगर्दभैश्चकुकर्मभिः॥३५॥

भा·टी· - सबजीवोंकों दुष्टकर्म शिखाना १ रातदिन दुष्टकर्ममें चित्त लगाय राखना २ कोई कोई बुरे कर्मकों देखने वास्ते जानके अंधे होजातेहै उनजीवोंकों दुष्टकाजके सुख सुनायके उसी· सुखको अंजन उनकी आंखोंमें लगाना ३ हमेश बुरेकाज प्राप्ति होनेकी उपाय करना ४ येच्यार पहियाहै इनच्यारों पहियां करके रथयुक्तहै· बुराकर्मकरना सोई खच्चरहै तिन्हों करके युक्तहै॥३५

श्लो० कुकर्मणीच्छाशक्तिश्चमुखानिदशचेन्द्रियाः आमिषंदुष्टकार्याढ्यं रक्तंचरागवर्द्धनम्॥३६॥

भा·टी· अनेक बुरे कर्मकी इच्छा सोई रावणकी सींगहै· दशइं-द्रियसोई रावणके दशमुखहै बुरेकर्मको खजाना भराहै सोई मां

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

सहै उस खजानेमें स्नेह बढाना सोई रक्तहै ॥ ३६॥

श्लो॰ मोक्षस्पृहोरावणस्य मनसोमुनिसत्तम ॥
सवैशिवइतिख्यातःसेवनंतद्विचिन्तनम् ॥ ३७॥

भा॰टी॰ - हे मुनिजी, मनरूप रावणकों मोक्ष होनेकी इच्छा रहती है परंतु उपाय नही करता सोई शिवहै॰ मोक्षकी चिंता करनाकि मोक्ष अच्छी वस्तुहै सोई शिवको पूजनहै ॥ ३७॥

श्लो॰ दुर्बुद्धिःसारथिर्ज्ञेयः कुविचारोवितोत्रिकम् ॥
हर्षवृद्धिर्वाजिवेगोमदमभ्रंरजस्स्मृतम् ॥ ३८॥

भा॰टी॰ - रावणकी दुष्टबुद्धि सोई रावणके रथको सारथीहै॰ खोटा बिचार करना सोई घोडोंको हांकनेवाला चाबुकहै॰ दुष्टकर्मों हर्षकी वृद्धि करना सोई घोडोंको दौडानाहै॰ और मदपीके मस्तरहना सोई धूलिहै ॥ ३८॥

श्लो॰ दुराचारमहामोहोरथस्यकूबरंमुने ॥ तन्मोहप्रीतिजननंरश्मिबद्धंसुदुश्छिदम् ॥ भ्रमणंदुष्टकार्येषुरथस्यागमनंमुने ॥ ३९॥

भा॰टी॰ - बुरेकर्मके आचारमें बडी मोह करना सोई रथमें बैठनेकी जगाहै॰ उसी बडी मोहमें प्रीति उत्पन्न करना, अनेक दुःखपरे तो भी उसकूं छोडनानहीं सोई रस्सीहै॰ तिन रस्सियोंसें रथबंधीहै उस रथकी ग्रंथिको काटना चाहै तो बडे कष्टसें कटेगा हेमुनिजी, आठपहरचौसठघडी बुरेकर्ममें फिरना सोई रथकी दौडहै ॥ ३९

श्लो॰ मनःप्रमाथीप्रबलोदशाननोविमर्दयामाससुकर्मतत्परम् ॥ चराचरंविश्वमिदंसहोदरैःसुतैःप्रपौत्रैःसहराक्षसैर्युतः ॥ ४०॥

भाषाटीका - पुत्रपौत्रभाई राक्षसों करिके संयुक्त ऐसाजोराव

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

ण सो स्नानसंध्या देवपूजन कथाश्रवण और इसी प्रकारके अनेक काजोंमें प्रवीण जीवोंको नाश करताभया॥

इतिश्रीवेदान्तरामायणे बालकांडे पं० शिवसहायविरचिते मनोरावणविभूत्युत्कर्षे पंचमो मोक्षोपानः॥५

श्लोक वरतन्तुरुवाच कामःक्रोधश्चलोभश्चमात्सर्यवंचनौमुने॥ तिरस्कारोसतांचैवनैष्ठुर्यंस्करवकर्मणि॥१॥

भा०टी० - वरतंतुमुनि फिरबोले हेसंवर्तमुनिजी काम,क्रोध,लोभ,दूसरेको स्करव देखके दुःखीहोना कपट सज्जनजीवोंका अनादर स्कंदर कामोंमें चुस्ताई॥१॥

श्लो० एतैः पुत्रैर्युतोराजापीडयामाससन्ततम्॥ भुवनत्रयसंयुक्तं वेदमार्गमुहुर्मुहुः॥२॥

भा०टी० - येसब आदिलेके और अनेक प्रकारके दुष्टकर्म सो रावणके पुत्रहै इनपुत्रोंकरिके युक्त रावण नित्य प्रति तीनलोककूं पीडा देता भया और वेदमार्गकों तो बिशेष करके पीडादेताभया॥२॥

श्लो० कामादीनांस्करवप्राप्तिःसातेषांप्रमदामुने॥ पुत्रपौत्राःप्रपौत्राश्चकामादीनान्त्वनेकशः॥३॥

भा०टी० - हे मुनिजी काम आदि कर्मोंके स्करवमें प्रीति सोई रावणके पुत्रोंकी स्त्रीहै और काम आदि रावणके पुत्रोंके पुत्र पौत्र प्रपौत्र गिनती करवेजोग नहीहै॥३॥

श्लो० तेषांवैवर्णनेशक्तिःशेषस्यापिस्कदुस्तरा॥ कथंमयातेवर्ण्यन्ते मनोरावणजाःप्रजाः॥४॥

भा०टी० - मनरूप रावणकेपुत्र पौत्रप्रपौत्रोंके पुत्र पुत्रोंकी तथा राक्षसों

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

की गिणती करनेमे शेषजीकीभी सामर्थ्य नहीहै॰ और मन रावण सें उत्पन्न हुए परिवारोंकी गिनती मैंकेसा वर्णन करशकों ॥४॥

श्लो॰ मोहजांवारुणीम्पीत्वाराक्षसाः क्रोधजागणाः
दुश्चेष्टितास्त्रैर्विमदाच्छिंद्युः सद्धर्मजान्सुरान् ॥५॥

भा॰टी॰ - क्रोध आदि बडे बडे योद्धोंकरिके उत्पन्न हुयेजो राक्षस सो मोहसें उत्पन्न हुईजो दुष्टचेष्टारूप मदिरा सोपीके मस्त होके बुरे कर्मकी समूह सोई अस्त्र शस्त्रहै तिस अस्त्र-शस्त्र करिके वेदमे लिखाजोधर्म उसधर्म करिकेउत्पन्न जो यज्ञ दान तप स्नान इन आदि जो गिनतीरहित जो देवताहै तिनकों काटते भये मारते भये ॥५॥

श्लोक॰ ज्ञानविज्ञानवैराग्यसन्यासामोक्षदायिनः॥
तएववेदाः कथितास्तेषांवार्ताश्चसंहिताः॥६॥

भा॰टी॰- ज्ञान विज्ञान वैराग्य सन्यास येचार वेदहै मोक्षके देनेवाले हैं॰ इनचारोंकी कथा सोई संहिताहै॥६॥

श्लो॰ विनाशिताश्चतेसर्वे मनोरावणप्रेरितैः॥राक्षसैर्निर्दयैः क्रूरैः कामक्रोधादिसंभवैः॥७॥

भा॰टी॰ - इनवेदोंकी संहितोंकों राक्षसोंने नाश करते भये॰ कैसे॰ राक्षसहै मनरावणकी आज्ञाकों पायेहै॰ सुकर्म कोनाश करनेवाले दयासें हीन राक्षस बडे दुष्टहै काम क्रोध आदि लेके जो खोटा कर्म तिसकरिके राक्षस जन्मेहै॰ ॥७॥

श्लो॰ ब्रह्मणःपरमेशस्यसच्चिदानन्दरूपिणः॥चिंतकाभक्षिताःसर्वेसद्धर्मामोक्षदानृणाम् ॥८॥

भा॰टी॰ - परब्रह्मके ब्रह्मा विष्णु महेशके ईशके जीव देह आत्माके रूपके ऐसे भगवानके चिंताकरनेवाले जो सुंदर धर्म जैसे आचार

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

विचार श्रवण कीर्तन विश्वास इनकुं आदि लेके और वेदमें लिखे हुए धर्म जीवोंकूं मोक्षदेनेवाले है- से इनधर्मोंकों राक्षसोनें खाए-८

श्लो० तएवब्राह्मणाः सर्वेगावश्चसत्क्रियाःस्मृताः॥
ताश्चैवंभक्षितास्सर्वाराक्षसैरतिहिंसनैः॥नित्या
भ्यासोवेदयज्ञस्तेनातीवविनाशितः॥९॥

भा-टी- - येसब सुंदर धर्म ब्राह्मणहै- इनधर्मोंकी क्रियासोई गौ है इनब्राह्मण गौवोंकोभी जीवमारनेमे बडे चतुर जो राक्षस सोखाय लेते भये भगवानको ध्यान नित्यकरना सोई वेदकीयज्ञहै- उस यज्ञकोंभी राक्षसोंनें नाशकरते भए ॥९॥

श्लो० पुराणपुरुषध्यानकीर्तन श्रवणादयः॥स्म
रणंस्मारणंचैववन्दनंप्रीतिरंजनम्॥१०॥

भा-टी- - भगवानको ध्यान कीर्तन- कथाश्रवण-कनी- आपस्मरण-कर्ना दुसरेकूं स्मरण कराना- वंदना करना- भगवानकीपूजनमेंप्रीतिबढाना ॥१०॥

श्लो० कथनंकाथनञ्चैवपूजनंशिरसानतिः॥वि-
नयंस्वामिभावश्चनमस्कारप्रदक्षिणे॥११॥

भा-टी- - ईश्वरको चरित्र आप कहणा- दूसरेसे कहाना- पूजन करना- शिरनवायके नमस्कार कर्ना- विनय करना- मैं ईश्वरका दास हूं ईश्वरमेरे स्वामीहै ऐसाहृदयमे राखना वारंवार नमस्कार और प्रदक्षिणा करना ॥११॥

श्लो० साष्टांगंगद्गदावाणीरोमहर्षश्चसंततम्॥पु
राणानाशिताश्चैतेब्रह्मसन्निधिकारकाः॥१२॥

भा-टी- - साष्टांग दंडवत कर्ना गद्गदवाणी बोलना- प्रीतसें रोमखडेहोजाना- ये अठारापुराणहै- जीवोंकों ब्रह्मके साम्ने लेजाने वाले

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

है· इनकोंभी राक्षसोंनें नासकिया· ॥१२॥

श्लो॰ शरीरचेष्टासाभूमिर्महतीभारपीडिता॥ क
रुणागौःसमारव्यातासाभूत्वाशरणम्विभोः॥ जगा
मैतैर्युतापृथ्वीकम्पिताचमुहुर्मुहुः॥१३॥

भा·टी· - सबजीवोंकी देहकी प्रकृती सोई भूमिहै· बहुत बडीहै· सो भूमि राक्षसोंके खोटा काजरूप भारकरिके दुःखी होगई· सोई भूमि· दयारूपजो गौहै तिसका रूप धारण करिके इनदेवतोंकों साथ लेके भगवानके शरणकूंगई॥१३॥

श्लो॰ शरीरशुद्ध्यः सर्वाःस्नानादिमज्जनादयः॥ गं·
गादिनद्यस्ताःप्रोक्तास्ताभिःसार्द्धंचदुःखिता॥१४॥

भा·टी· - देहकीजो सब शुद्धताहै जैसे स्नान, मंजन, आचारयुक्त क
र्म, इन आदि औरजो शुद्धताहै सोई गंगाआदि नदीहै· तिस्कों सं
गलेके ॥१४॥

श्लोक· दुरानन्दोविधिश्चैवकुधर्मःसुरनायकः॥ तेन
सार्द्धंसुरैश्चैवधर्मजैः सहसंगता॥१५॥

भा·टी· जैसे ब्रह्मा आपनी लडकीकेसंग भोग करनेकी इच्छाकिया· इस आदिजो खोटे कर्ममें आनंद मानना· सोई ब्रह्माहै· और जैसाइं
द्र आपने सुख होनेवास्ते अधर्म नहीं देखता ऐसा अधर्म सोइं·
न्द्रहै· शास्त्रमें इन्द्रकों उत्तम संज्ञाहै· कर्मउस्को खराबहै इसवास्ते·
अधर्मरूप इंद्र और सुंदरधर्मसें जन्मेजो देवता प्रथम बर्णनहै· इन
सबकों संगलेके भगवानकी शरणकूंपृथ्वीगई॥१५॥

श्लो॰ जगामप्रार्थितुंविष्णुंपुरुषांशसमुद्भवम्॥ चे
तनंसहसासुप्तंचेतिन्यानिजमायया॥१६॥

भा·टी· - भगवान्के अणुसें उत्पत्तिजो विष्णु तिनकी प्रार्थनाकरने·

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

वास्ते पृथ्वीगई॰ कैसे भगवानहै संसारके चेतन रूपहै॰ संसारकों चे॰
तन करानेवाली जो आपकी माया तिसकरिके सेवित सोतेहैं॰ १६

श्लो॰ धमन्युद्वर्तिनीदेहे प्राणिनामस्तियाशुभा॥
तदास्येक्षीरसदृशसिंधुवद्विस्तृतंह्रदः॥१७॥

भा॰ टी॰ - सबजीवोंकी देहमें एक नाडीहै॰ उस नाडीका उद्वर्तिनीना
महै॰ नाडी जीवकी रक्षाकरनेवालीहै॰ उस नाडीके मुखमें समुद्रस
रीके लंबा चौडा एककुंडहै उसकुंडको आकार दूध सरीकेहै १७

श्लो॰ शक्त्याविस्तारितास्तस्मिञ्छीलादिसद्गुणास्स
दा॥ह्रददीप्याविभासन्ते गुणाक्षीरइवप्रभो॥ग॰
त्वातत्रचतेसर्वेस्तुतिञ्चक्रुश्च व्याकुलाः॥१८॥

भा॰टी॰ -प्रभूकीसक्तीकरके विस्तार भएजो शील आदि लेकेसं
दरगुण सोसबगुण उसकुंडके जोतिकरिके दूध सरीके शोभा
कुंडमे देरहेहै॰ उसदूध के समुद्रमे सोएजो भगवान तिसके पास
जायके सब भूमि आदि व्याकुलहोरहे और भगवानकी स्तुति
करते भए॰ ॥१८॥

श्लो॰ ब्रह्माउवाच तुभ्यंनमोभगवते करुणाक॰
रायसद्धर्मभूमिद्विजधेनुमखावनाय॥स्वच्छा
यस्वच्छनिलयायनिराश्रयाय भक्तप्रियाय भवदुः
खविभंजनाय॥१९॥

भा॰ टी॰ - ब्रह्मास्तुतिकरतेभए॰ हेभगवन् ऐश्वर्यरूप आपकों
मैंनमस्कार करताहूं॰ जीवोंकेऊपर दया करनेवाले आप तिनकूं
मैनमस्कार करताहूं सुंदर धर्म भूमि ब्राह्मण गौ यज्ञ इनसबकी
रक्षाकरनेवाले तिनकूमैनम॰ शुद्धरूप आपकौ मैनम॰ शुद्धहै
स्थान आपको ऐसे रूपकूं मैनमस्कारक॰ आश्रयसेंहीन जोआ

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

प तिनकों मैंनम० भक्त आपके प्रिय है ऐसे स्वरूपकूं मैंनमस्कार० संसारके दुःखकूं नाश करनेवाले आपकूं मैंनमस्कार करताहूं १९

श्लो० संसारतापशमनायमनोहराय योगींद्रशेषमुनिमानसहंसकाय॥ धर्मप्रियायधरणीव्रतधारणायदेवाधिदेवपतयेचनमस्करोमि ॥२०॥

भा०टी०- संसारके तापकों नाश करनेवाले, मनकों प्रसन्न करनेवाले, बडेयोगीजन शेष मुनि इनसबको मनसोई मानस सरोवर है, तिसमें हंसरूप आप वास करतेहो और धर्मके प्यारे, क्षमारूप, देवरूप, और देवतोंके पतिरूप ऐसेजो आप परमात्माउनकूं मैंनमस्कार करताहूं ॥२०॥

श्लो० दीनप्रियायशरणागतपालनायप्रोत्फुल्लपंकजमुखायनिरंजनाय॥ श्रीमन्महापुरुषतेजसचेष्टितायमायानुवादरहितायनमोनमस्ते ॥२१॥

भा०टी०- दीन आपकूं प्रियहै, शरणागतके पालना करनेवाले कमलके पुष्पसरीके फुल्लायमान आपको मुख बडेशोभित ऐसेजो ब्रह्म तिसके तेजकरिके आप प्रकाशितहो, मायाके विवादसें रहित ऐसेजो आप तिनकूं मैंनमस्कार करताहूं ॥२१॥

श्लो० इतिस्तुतोजगन्नाथोदेवैर्दुःखविमूर्छितैः॥ उवाचविहसन्देवोविषादंसान्त्वयन्निव ॥२२॥

भा०टी०- दुःखकरिके मूर्छाकों प्राप्तिभये जो देवता तिनोकरिके स्तुति कियेजो जगतके नाथ सो तिनदेवतोंके दुःखकों सांत्वकर्नेवास्ते हसके बोलतेभये ॥२२॥

श्लो० ज्ञातंमया सुरगणाःसुनिपीडितम्वै सर्वंचराचरमिदंभुवनत्रयम्भोगासम्प्रेरितैश्चमनसारव-

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

लुराचएनतेनापिराक्षसगणैःसततम्मुहुर्वै॥२३

भा०टी०--चेतनपुरुष बोले हेदेवता लोगो यहतीनलोक चराचर को मनरूप रावण तथा रावणकी आज्ञा कुं पायेजो राक्षस येसब बहुत पीडाकरते भए येसब हमकूं मालूमहै ॥२३॥

श्लो० सर्वामरत्वयादत्तंनरवानरवर्जितम्॥अतो हंनररूपस्तुभविष्यामिनसंशयः॥२४॥

भा०टी०--हेब्रह्मा तुमने रावणको सबसे अमर कियाकि तू किसी केमारे नहीं मरेगा परंतु कपीजो किष्किंधा कांडमें वर्णन होवेंगें और मानुषजो उत्तरकांडमें बर्णन होवेंगे इनदोनोंसे तेरी मृत्यु होगा इसवास्ते हम मानुष अवतार धरेगें इसमें संशयनहीं २४

श्लो०चतुर्भिर्भ्रातृभिःसार्द्धंदेव्यासहसुरोत्तमाः पुत्रोदशरथस्यैवसाकेताधिप तेर्ध्रुवम्॥२५॥

भा०टी०-- हेदेवतालोगों हम च्यार भ्राता होकरके शक्ति सहित अयोध्याके राजा दशरथके पुत्र निश्चयकरकें होवेंगे ॥२५॥

श्लो०यूयंसर्वेभविष्यध्वंवानराःपृथिवीतले॥नाशयिष्यामशीघ्रम्वैमनोरावणराक्षसम्॥२६॥

भा०टी०- और तुमसब देवता पृथ्वीमें जायके वानररूप होकर जन्मो तुमकूंसंगलेके हम मनरूप रावणकोजलदी नाशकरेंगे २६

श्लो०इत्युक्त्वान्तर्दधेविष्णुर्ब्रह्मास्वास्यक्षितिंतथा॥देवानाज्ञाप्यप्रययौस्वालयंकपिजन्मनि॥२७॥

भा०टी०- ऐसा कहिके चेतनरूप भगवान् अंतर्ध्यान होगये और ब्रह्मा भूमिसें कहेकि अब दुरोमति थोरेही दिनमें रावणकोनास होगा और देवतोंकूं ब्रह्मा बोलेकि तुम सब पृथ्वीमें वानररूप धरो ऐसासमुझायके ब्रह्मा अपने स्थानकूंगये ॥२७॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

इतिश्रीवेदान्तरामायणेबालकांडे पं० शिवसहाय विरचितेषष्ठेमोक्षोपानः ॥ ६॥

श्लोक- वरतन्तुरुवाच अयोध्यासुमतिः प्रोक्तासरयूः सासुवासना ॥ निश्चलत्वतटाप्रोक्ता निर्मानजलपूरिता ॥ १॥

भा० टी० - वरतन्तु मुनि बोले हे संवर्त मुनि सुनो जीवोंकी सुंदर मति जो है सो अयोध्या पुरी है और जीवोंकी सुंदर वासना सो सरयूनदी है. सुंदर वासना कभी अपने स्वभावेसें चलायमान नही होती सोई शरयूके दोनट है. और सुंदर वासनाके अभिमान नही है सोई जल है तिस जलकरिके सदा भरी रहती है ॥ १॥

श्लो० शक्तिस्वभावजः पुत्रो वसिष्ठ इति कथ्यते ॥ आत्मप्रकाशः सविता विचाराद्याश्चतत्सुताः ॥ २॥

भा० टी० - मायाको स्वभाव सो वसिष्ठ मुनि है. आत्माको तेज सो सूर्य है विचार आदि सुंदर स्वभाव सो सूर्य के पुत्र है ॥ २॥

श्लो० विचारतनयो ब्रह्मन्नात्मज्ञानं सुनिर्मलम् ॥ सवेदशरथः प्रोक्त स्तस्यच्छाया तु कौशला ॥ ३॥

भा० टी० - विचारको पुत्र आत्माको ज्ञान है कैसा आत्मज्ञान है मल सें रहित है सो दशरथ है तिस आत्मज्ञानकी छाया कौशल्या है ३

श्लो० श्रवणं मननं मौनमभ्यासस्तद्विचिन्तनम् ॥ चेष्टनं सत्यतानित्यमविचाल्याप्रकंपनौ ॥ एते दशरथाः प्रोक्ता आत्मज्ञानस्य भूपतेः ॥ ४॥

भा० टी० - कथाश्रवण १ कथा सुनके मानना की जो शास्त्रमे लिखा है सो सत्य है. २ खोटे कर्ममे बोलना नही ३ भगवानके रूप जानने

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

रामा. २२

वास्ते निसउपाय करना ४ रूपकी चिंतना कर्नी ५ ईश्वरके ध्यान मे आलस्य नही करना ६ ईश्वरके रूपकों सत्य मानना ७ और सब देहके सुखदुःख मानना ८ किसी दुष्टकोसंग दैवयोगसें मिल जावे तो ईश्वरके ध्यानकों छोडके दूसरेकोध्याननहीकर्ना ९ ईश्वरके भजनमें दुख सुख होवेसो सहि लेना १० आत्मज्ञानजो दशरथ तिसकेये दशरथहै ॥ ४॥

श्लो० आत्मनस्स्वच्छप्रकृतिः सासुमित्रेतिकथ्यते ॥
किंचिच्छक्तौचयाप्रीतिः कैकयीसानिगद्यते ॥ भूरिशो
रुचयः सत्कताश्चान्यानृपवल्लभाः ॥ ५॥

भा०टी० - आत्माकी सुंदरि प्रकृति सोई सुमित्राहै मायामें थोरीप्रीति सो कैकईहै सज्जनोमें बहुत रुचि सो दशरथकी औरस्त्रियोंहैं ॥ ५॥

श्लो० आत्मज्ञानंचिरंकालंनलेभे पुत्रजंसुखं ॥ दुः
खमापतदावीरोविश्वार्थ्यमितिभार्य्यया ॥ ६॥

भा०टी० - आत्मज्ञान जो राजा दशरथ सो बहुतदिन बीतगये पुत्रको सुखनहीभया तो संसारके सुख होने वास्ते स्त्रीसहित दुःखकों प्राप्ति भए॥ ६॥

श्लोक स्वभावगुरुणापश्चाद्वसिष्ठेनैवबोधितः ॥ ऋ
ष्यशृंगंसमाहूयचेतनांशंविचिंतनम् ॥ ७॥

भा०टी० - कुछ दिन पीछे शक्तिके स्वभावरूपजो वसिष्ठ सो दशरथके गुरूहै सो बोलेकि हेराजा शृंगीऋषिकों बुलायके यज्ञ करावो तो तुमारे पुत्र होवैगे ऐसी गुरुकी आज्ञा पायके चेतनकोअंशजोविचेतन सोशृंगीऋषिहै तिनकों बुलायके ॥ ७॥

श्लो० ध्यानयज्ञंचकाराशुतत्तेजोहुतभुङ्मुने ॥ नृप

देवप्रयाग (गढ़वाल-हिमालय)
श्री [illegible] पुस्तकालय पं० चक्रधर जोशी
देवप्रयाग (गढ़वाल-हिमालय)
CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

स्यत्हृदयंकुंडमर्चिस्तद्रुचिरेवच ॥ ८ ॥

भा० टी० - जलदी ईश्वरको ध्यानरूप यज्ञ करते भए; हे मुनिजी ध्यानको तेजसो अग्नि भयाहै आत्मज्ञान दशरथकी हृदय सो कुंड भयाहै ध्यानरूप यज्ञमें राजाकी रुचि सो अग्निकी ज्वाला भईहै.

श्लो० प्रेमकाष्ठंत्वरोमंत्रोहोमद्रव्यंचनिश्चयम् ॥ तेजसापावकेनापिदत्तासद्भावनानृपे ॥ ९ ॥

भा० टी० - आत्मज्ञान राजाको ध्यान यज्ञको प्रेम सो काष्ठहै ध्यानयज्ञ करनेमें जलदी करना सो मंत्रहै दशरथकों ध्यानयज्ञमें निश्चय सो होमकी सामग्रीहै ध्यानको तेजरूप अग्नि सो दशरथकों साधुयोंमें सुंदर भक्तिरूप हविष्य देतेभये ॥ ९ ॥

श्लो० तस्याःसंप्राशनञ्चक्रुर्ग्रहणंराजवल्लभाः ॥ तासांबभूवगर्भोवैभावनाप्रीतिकारणम् ॥ १० ॥

भा० टी० - तिस भक्तिरूप हविष्यको राजाकी तीनो स्त्रियों राजासेंग्रहण करती भई सो हविष्यको खाती भई तिनोस्त्रियोंके साधुजनोंकी भक्तिमें प्रेमहै सोई गर्भ रहता भया ॥ १० ॥

श्लो० चैत्रन्नृपस्फरवंशुक्लसमुल्लासोनिरंतरम् ॥ रतिःप्रीतिर्गुरोःसेवासन्मतिर्विमतिःक्षमा ॥ ११ ॥

भा० टी० - राणियोंके गर्भ देखके दशरथकों स्फरव भया सो स्फरवचैत्रमासहै रोजगर्भ देखके राजा खुश भया सो शुक्लपक्षहै धर्ममें राजाकी मति बढिगई गुरुदेवकी सेवा बहुत करने लगे सब जीवोंसें राजको मद छोडदिया सब जीवोंकों एकसमजानना क्षमा कर्ना ॥ ११ ॥

श्लो० शुद्धतास्वच्छताकीर्तिर्नवमीभाःप्रकीर्तिताः ॥ मध्यान्हसमभावंचतस्मिन्जातोरमापतिः ॥ १२ ॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा०टी० - ईश्वरमें निःकपट, ईश्वरमें प्रेम ईश्वरके नामकी कीर्ति कर्ना येसवनवमी तिथिहै. संसारमें किसीकी निंदा स्तुति नहीं कर्ना परंतु बुरे कर्मकों छोडना सुंदर कर्मकों ग्रहण कर्ना ऐसे स्वभावको दुपहर कहतेहै तिस दुपहरमें भगवान् दशरथके गृहमें जन्मते भए ॥ १२ ॥

श्लो० कौसल्यायांजगत्स्वामीजगदानंददायकः ॥
विवेकश्चेतनांशश्चपापवारिधिकुम्भजः ॥ १३ ॥

भा०टी० - आत्मज्ञान दशरथकी छाया कौसल्यामे जगतके स्वामी जगतके आनंद देनेवाले पापरूप समुद्रकों शोषण कर्नेमे अगस्त्य रूप चेतनको अंस ऐसे विवेक नाम पुत्र होतेभये ॥ १३ ॥

श्लो० अर्थधर्मादिहस्ताद्यैःसत्यादिमुकुटादिभिः ॥ युतं रूपंदर्शयित्वापश्चाद्बालोबभूवह ॥ कैकय्यांचविवेकस्यचार्द्धभागः प्रजग्मिवान् ॥ अर्द्धांशेनचहौजातौसुमित्रातनयौमुने ॥ १४ ॥

भा०टी० अर्थधर्मआदिचार भुजाहै, सत्यआदिधर्ममुकुटहै इन्हसे युक्तरूप माता पिताको दिखायके बालक होते भये. विवेकके अर्द्धांश कैकयी. शक्ति मेथोरीप्रीतहै. तिस्मेजन्मताभया. और विवेकके अर्द्धांश कोअर्द्धांश करिके आत्मज्ञानकीसुंदरप्रकृतिजो सुमित्रा तिसके दो पुत्र भये. ॥ १४ ॥

श्लो० योरोम्निरोम्निरमतेरमणेनैवमोक्षदः ॥ सरामइतिविख्यातोविवेकोमोक्षदायकः ॥ १५ ॥

भा०टी० - सबजीवोंके रोम रोममेंजो रमितहै और रोम रोममें रमणकरिके सबजीवोंकों मोक्ष देनेवाला सोई रामहै. उसरामको विवेक कहतेहै वो विवेक जीवोंकों मोक्ष देनेवालाहै ॥ १५ ॥

श्लो० निर्मोहोभरतेजीवान्तस्माद्भरत सज्ञितः ॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

लक्ष्मणवैस्वरूपस्ययेनविज्ञायतेमुने ॥१६॥

भा॰टी॰ हेमुनिजी, औरजो जीवोंका पोषणतो करे परंतु किसीजी वमें मोहनकरे उसकूं निर्मोह कहतेहैं सोई भरतहै जिसकरिके ईश्वरके स्वरूपको लक्षण मालूम पडे ॥१६॥

श्लो॰ सलक्ष्मणइतिख्यातःसन्तोषोमोक्षनायकः॥ यःशत्रून्सततंहन्तिशत्रुघ्नस्तेनकथ्यते॥ स्वदेहस्था निन्द्रियजान्सहनःसमतागुणः॥१७॥

भा॰टी॰ - सो लक्ष्मणहै सोसंतोषहै सोईमोक्षका मित्रहै इंद्रियोंकरि के देहमें रहनेवाले जो इंद्रियोंके स्वरूप शत्रु उनको जो नाशकरेति स्कानाम शत्रुघ्नहै न किसीकूं स्नेही जाणना नकिसीकूं वैरी जान- ना ऐसाजो सहन स्वभाव तिसकूं शत्रुघ्न संज्ञाहै ॥१७॥

श्लो॰ हृद्युदासीनवृत्तिश्चविवेकक्रीडनम्मुने॥ स्व रूपस्यसदाचिन्तासाश्वेतागारसंज्ञिका॥ तत्प्री- तिरंजनंशक्रमजिरंकथ्यतेमुने॥१८॥

भा॰टी॰ - विवेक रामचंद्र आपनी हृदयमें नित्य ऐसा माननेहैकि संसारमें नकोई मित्रहै नकोई वैरी है ऐसास्वभाव सोई रामजीके चारों भाइयोंका खेलना भयाहै ब्रह्ममें मिलनेकीचिंता रामजीकों सदा रहतीहै सोई दशरथकी सफेद महलहै ऐसी महलमें प्री- तसें स्नेह सोई महलकी चौकहै ॥१८॥

श्लो॰ इन्द्रियाणांसदात्रासोधूलिराशिर्निगद्यते॥ निजानंदस्वरूपस्यचिंतकाःपुरवासिनः॥१९॥

भा॰टी॰ - इंद्रियोंको नित्यविवेकरूप रामजी त्रास करतेहै सोई ब हुतसी धूलिहै ऐसे महल चोक धूलमें चारों भाई रामचंद्रउदासीन रूप खेल खेलतेहैं भगवानके सदा आनंदरूपके चिंताकर्नेवाले

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

जो जीवहै सो अयोध्यावासी प्रजाहै ॥१९॥

श्लो० ज्ञानंरवङ्गशरा हर्षास्तूणचापौशमौस्मृतौ ॥
संस्काराश्चेन्द्रियाणाम्वैनिग्रहामुनिनाकृताः ॥२०

भा० टी० - ज्ञानजो है सो रामकीरवङ्ग है सत्संगीजीवोंकों देखके अनेक प्रकारको हर्ष होना सोई रामको अनेक प्रकारको बाण है समदृष्टी संसारकूं देखणा सोई तर्कस है रामने इंद्रियोंको जीतनासोई धनुष है रामजीने कभी इंद्रियोंका विश्वास नहीकरते सोई वसिष्ठमुनि रामजीको मुंडण कर्ण छेदन यज्ञोपवीत इन आदि लेके संस्कार करतेभए ॥२०॥

श्लो० एवंक्रीडासमुत्साहेवर्द्धितेनृपमंदिरे ॥ चित्रो
गाधिसतोधीरोप्याजगामक्षणादनु ॥२१॥

भा० टी० - दशरथके महलमें ऐसा आनंद खेल तमासा चारोंभाई बहुत करिरहे है उसी समयमें चित्तरूपजो विश्वामित्रमुनि सो आते भये बडेचतुरहैं एकक्षणमें ॥२१॥

श्लो० पूजितोनृपवीरेणनोदितोवरयाचने ॥ यया
चेचैवमेधावीतत्सतोरामलक्ष्मणौ ॥२२॥

भा० टी० - राजोंमें बीर दशरथने मुनिजीको पूजन करिके कहेकी महाराज आपकूं चाहेसो मुझसे मांगो तब चतुरविश्वामित्रमुनि बोलेकि हे राजन् तुम आपणे दोपुत्र राम लक्ष्मणकों हमे देवो ॥२२

श्लो० तमपक्वहृदंज्ञात्वाराज्ञानेतीत्युदीरितः ॥ बो
धितोगुरुणापश्चाद्ददौराजासहर्षितः ॥२३॥

भा० टी० - दशरथनें बिचारकियाकि चित्तरूप विश्वामित्र इनकीहृदय ज्ञानसें पकीनहीहै कच्चीहै ऐसाविचारिके कहेकी मै पुत्रोंकों नही देऊंगा परंतु पीछेसें गुरु वसिष्ठजो शक्तिके स्वभावहै सो दशरथकों

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

समुझायके सबबात कही तो राजा बडे हर्षसें राम लक्ष्मणकोविश्वा-
मित्रकों दिया ॥२३॥

श्लो० तावादायगतोधीरः शांतियज्ञमथाकरोत्
तृष्णागाद्यज्ञनाशायशीघ्रंसाताडकामुने ॥२४॥

भा-टी- -चतुरजो विश्वामित्रउन्होनेराम लक्ष्मणकूं लेके अपने आ
श्रमपर जायके मनरूपरावणको शांति होनेवास्ते शांतिरूप यज्ञ का
तेभए सोयज्ञनाशकरनेके वास्ते तृष्णा रूप ताडका आती भई २४

श्लो० हतासारामचन्द्रेणपतिताधरणीतले॥ मोहा
हंकाररूपौद्वौराक्षसौमरवनाशकौ॥२५॥

भा-टी- -तिस्कों रामजीने मारकर पृथ्वीमें पटकदिया तब मोहरू
प सुबाहु अहंकाररूप मारीच ये दोनो आतेभये यज्ञनाशकरनेकूं २५

श्लो० मोहःसुबाहुर्निहतोरामेणपतितोभुवि॥क्षि
प्तोरामेणाभिमानःपतितःसागरान्तिके॥२६॥

भा-टी- -मोहरूप सुबाहुकों रामजीने मारडाला तब वह भूमिमें
पडगया और अहंकाररूप मारीचकों बाणसें उठाकर समुद्रकेपा
फेंकदिया ॥२६॥

श्लोक-सुखेनकृतवान्यज्ञंमुनिस्तद्गतमानसः॥राक्ष
सानांविनाशायसद्विद्यादत्तवान्मुनिः॥२७॥

भा-टी- -विश्वामित्रनें रामजीमें चित्त लगायके सुखसें यज्ञ करतेभये
और राक्षसोंके नाश करनेवास्ते विश्वामित्रनें रामजीकों सद्विद्याशि
खाते भये ॥२७॥

श्लो०गृहीतारामचंद्रेणताःसर्वारावणार्दने॥पंच-
ज्ञानेंद्रियाणांचधर्मःसोगौतमोमुनिः॥२८॥

भा-टी- - मनरूप रावणकोनाशकरनेवास्ते रामजी सर्व विद्या शि

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

खते भये पांच ज्ञानइंद्रियोका स्कंदरधर्म सो गौतम मुनिहै २८

श्लो० अहिल्यातद्रुचिः प्रोक्ताकुधर्मः स्करनायकः
रमितातेनसानारीस्करवजारसमुद्भवम् ॥२९॥

भा-टी० - तिस पांचज्ञानेंद्रियोंके धर्ममे रुचि सोई अहिल्याहै खोटाधर्मसो इन्द्रहै पांचज्ञानेंद्रियोंके धर्ममेंजीवोंकीरुचि खोटाधर्म छुडायदिया सोई जारको स्करवहै ॥२९॥

श्लो० तत्कर्मनाशनंविप्रशापोदुर्वासनंक्षितौ ॥गं
भीररजसापूतास्वकर्मविस्मृतिः शिला ॥३०॥

भा-टी० - और खोटे कर्ममें अहिल्याकोसुकर्म मिलगया तथा देहकी चेष्टारूप भूमिपर सज्जनोनें निंदाकिया ये दोनो गौतमकी नारि अहिल्याको श्राप तथा अनुग्रह है विवेकरामजीको गंभीरस्वभाव सोई रामजीके पगकी धूलिहै उस धूलि करिके अहिल्यापवित्रभई और अहिल्या आपने कर्मकों भूलिगई सोई शिलाहै ॥३०॥

श्लो० शिलायाम्भिद्यमानायांपुनःप्राप्तास्वमालय
जीवश्चमैथिलोज्ञेयः सदेहश्चविदेहवान् ॥३१॥

भा-टी० - शिला रामजीके पगकी धूलि करिके फटगई सो अहिल्याकी पांचज्ञानेंद्रियोंमें प्रेमरूप आपना घर तिस्कों गई जीवजोहै सोजनकहै कभीदेहमें स्नेहकर्ताहै कभीदेहमें स्नेह छोडदेताहै

श्लो० नृपस्यमोहिनीभार्यारूपचिन्ताकदापुरी ॥ज
नकस्यानुजोविप्रसदादुःखोनिगद्यते ॥३२॥

भा-टी० -मायाकी दासीजो संसारकों मोहतीहै सोमोहनी रूपजनककीस्त्रीहै जीवने कभीकभी भगवानकी चिंताकरताहै सो जनककी नगरीहै जीव रोज दुःखी रहताहै सोदुःख जनकरूपजीवको सकेतुनाम छोटाभाईहै ॥३२॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो० कन्ये द्वे तस्य संजाते हानिर्ग्लानिश्च सत्तम ॥
जनकस्य सुता जाता रूपप्रीतिः सुशीतला ॥ ३३ ॥

भा०टी० - सुकेतु के हानिरूप तथा ग्लानिरूप ये दोलडकी भई भगवानके रूपमें प्रीति बडी सीतल ऐसी एक कन्या जनकके होती भई

श्लो० द्वितीया जानकी प्रोक्ता रूपभक्तिश्च शाश्वती
स्वयंवरश्च विचारश्च धनुरिष्टवियोजनम् ॥ ३४ ॥

भा०टी० - भगवानके रूपकी नित्य जो भक्ति सोजनकके दूसरी कन्या भई उस्कानाम जानकी भया जीव कभी कभी थोरा विचार करताहै सोई स्वयंवरहै जीवको इष्टदेव भगवान तिस्से जीवको वियोग भया सोई स्वयंवरमें धनुषहै ॥ ३४ ॥

श्लो० त्रोटनं ज्ञापनं किंचिद्रूपस्य जनकेन वै ॥ सत्वरं
रामचन्द्रेण धनुषस्त्रोटनं कृतम् ॥ ३५ ॥

भा०टी० - जीवरूप जनक थोरा थोरा भगवानके रूपकों जानताहै सोई धनुषको तोडनाहै सोजलदी रामजी धनुषकूं तोडते भये ३५

श्लो० तद्रूपस्मरणं शीघ्रं भार्गवोप्याजगाम ह ॥ स्व-
स्थानसंस्थितिज्ञानं धनुषोरोपणं कृतम् ॥ ३६ ॥

भा०टी० - जीवको तथा भगवानको वियोग रूप धनुष तूटगया तब जीवने भगवानके रूपकों स्मरण करता भया सोई परशुराम मुनि आते भये भगवानको प्रेमरूप वैकुंठ तिसमे टिकने को जीवको ज्ञान भया सोई परशुरामके धनुषकों रामने चढाये तब परशुराम रामकों दंडवत करिके चलेगये ॥ ३६ ॥

श्लो० सत्कर्माद्यभिसंयुक्तः सेनाश्वरथहस्तिभिः ॥
सरवासनश्चतैः साई माजगाम नृपोत्तमः ॥ ३७

भा०टी० - और ज्ञान ध्यान जप तप आदि लेके सुंदर कर्म सोई राम

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

के घोडा फौज, गज, पालकी है॰ इन्होंको संग लेके आत्मज्ञान रा-
जा दशरथ जनक पुरकों बरात लेके आते भये॰ ॥३७॥

श्लो॰ वर्द्धितः सत्समाजश्च विवाहे सततं मुने ॥ जा
नक्यारघुवीरस्य चान्येषां भ्रातृणां तदा ॥३८॥

भा॰टी॰ - सत्संगीजन इकट्ठे होके ईश्वरको भजन करने वास्ते एक
सभा बनायेहै॰ येबडीजो सभाहै सोई सत्संगी लोगोंकी सभा॰ राम
जानकी तथा और तीनों भाइयोंका विवाह भयाहै॥३८॥

श्लो॰ विदेहेन तदा दत्तं कन्योद्वाहे नृपाय वै ॥ रूप-
स्मरणविज्ञानमचलम्वित्तसंचयम् ॥३९॥

भा॰टी॰ जीवरूप जनकने ईश्वरको स्मरण रूपज्ञान दशरथकूं बता
तेभये॰ सोई लडकीयोंके विवाहमें दायज अचल धन, खजाना, भ-
याहै॰ ॥३९॥

श्लो॰ विस्मृतं पुनराप्तं च तत्प्रयाणे नृपस्य च ॥ पूर्वो
क्तापुत्रपत्नीश्च पुत्रान्वितं च भूरिशः ॥ पुरोक्तैर्मुनि
भिः सार्द्धमाजगाम नृपोत्तमः ॥४०॥

भा॰टी॰ - आत्मज्ञानरूप दशरथको भगवानको स्मरण रूप ज्ञा
न किंचित् भूलगया॰ सोफिर प्राप्ति भया॰ सोई दशरथको फिर अयो
ध्याचलनेकी तयारी भई॰ पहिले कहेहुएजो पुत्र, पुत्रोंकी स्त्री त-
था जनकको दियाजो भगवानको स्मरण रूप धन बहुत॰ तथा प-
हिले बर्णन भयेजो मुनि इनसबकों संग लेके चलते भये ॥४०॥

श्लो॰ समादायागतो राजा स्वपुरीं स्फमतिन्ततः ॥
पुनरीदृक्समाजश्च भविष्यति कदाप्यहो ॥ इत्युक्तं
ठोविदेहस्य बभूव मानसे सदा ॥४१॥

भा॰टी॰ - पहिले श्लोकमें बर्णन भयेजो प्राणी तिन सबकों संगले

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

कै सुमति नाम अयोध्याको प्राप्तिभये· बडी भाग्यहै कीक भी· फि
र ऐसीसभा साधुवोंकी होवैगा ऐसा बिचार करके जनक हर्षमें
आनंदमाने सोई जानकी आदि कन्याके बिदामें जनककी विह्व
लता भई· ॥४१॥

श्लो॰ यथापुरेदं परिपीडितंजगन्मनोदशास्येननि
रंतरम्मुने॥ विवर्द्धितेदाशरथेतथासुखंकिञ्चित्स
मावापनृपात्मजोऽपिसः॥४२॥

भा॰टी॰ - हेमुनिजी मनरूप रावण पहिले जैसा यह संसारकों·
पीडाकरता रहा·सोई रामजी की थोडी वृद्धि भई संते संसारकोंथो
रा सुखकी वृद्धि होती भई· संसारकों किंचित् सुखी देखके रामजी
भी थोरा सुखकूं प्राप्तिभये· रामजीनें विचार कियाकि थोरा सुख
भया तो अब कुछ दिनमें सब दुःख नाश होवैगा ॥४२॥

इतिश्रीशिवसहायबुधविरचितेवेदांतरामायणे
बालकांडेसम्वर्तवरतन्तुसंवादे रामावतारकथनेस
प्तमोमोक्षोपानः॥७॥

॥ ॥समाप्तश्चायं बालकाण्डः श्रीरस्तु॥ ॥

अथायोध्याकाण्डं

वरतन्तुरुवाच श्लो॰ इन्द्रियार्थान्समालोक्यवि
परीतान्नृपोत्तमः॥ तच्छिक्षार्थंनृपोरामभिषे-
कुंसमारभेत्॥१॥

भा॰टी॰ - वरतंतु मुनिबोले हेसम्वर्त मुनि सुनो आत्मज्ञानरूप
दशरथ राजा· इंद्रियोके अर्थकों बहुत भ्रष्टदेखके तिन इंद्रियोंकों
शिखाने वास्ते रामजीकों राज देनेको प्रारंभ करतेभये॥१॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो० भ्रातृत्रयाणां भगिनी दुर्बुद्धिर्मंथरा च सा ॥
शिक्षयामास कैकेयीं किंचिच्छक्तिप्रियान्तदा २

भा०टी० - काम, क्रोध, लोभ, इन तीनो भाइयोंकी बहन जो दुर्बुद्धि सोई मंथरानाम कैकयीकी दासीहै. सो मंथरा थोरी जो सक्तिकी प्रीतिरूप केकयीतिस्कूं शिखातीभई ॥२॥

श्लो० कलंकं तु तया प्राप्तं सज्जनैर्दूरत्याजनम् ॥ रामस्य वनवासञ्च भरतस्याभिषेचनम् ॥ ३ ॥

भा०टी० - सज्जन लोगोनें दुर्बुद्धिरूप मंथराकों त्यागते भये. सो त्यागरूप कलंक मंथराकों प्राप्ति भया. रामजीकूं बनजाने वास्ते और भरत कूं राज देनेवास्ते ॥३॥

श्लो० याचयामास कैकेयी पूर्वं दत्तवरा हि सा ॥ नृपेण द्वौ वरौ दत्तौ भार्यायाः प्रीतिचेतसा ॥ वश्यमेकं द्वितीयन्तु त्वयानित्यम्प्रबद्धितः ॥ ४ ॥

भा०टी० - दशरथनें कैकेयीकूं पहिले दोबर दान दियेथे प्रसन्न होकर. एकवरतो तुमारी वश्य हमरहेंगे दूसरावर तुम करिके हम बंधेरहेंगे ॥४॥

श्लो० तस्मिन्न्यस्तौ तया काले याचितौ सत्यभावतः ५

भा०टी० - यह दोबरकों कैकेयीने दशरथके पास थाती रखदियाथा सत्य स्वभाव सोई थातीहै ॥ ५ ॥

श्लो० दुःस्वभावः शरीरस्य तदारण्यं निगद्यते ॥ परतापादयो वृक्षा भूरितृष्णादयो लताः ॥ ६ ॥

भा०टी० - देहको खोटा स्वभाव सोई बनहै. दूसरेजीवकों दुःख आदि अनेक कष्ट देनाये सब बनके वृक्षहै. बहुत तृष्णा करना सोई वेलहै ॥ ६ ॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो॰ उत्पातकारकाःसर्वेवनजा स्तच्चराःस्मृताः॥दुः
स्वभाववनस्येह विस्तारोयद्विवर्ण्यते॥७॥

भा॰टी॰ - उत्पात करनेवाले काम॰ सोई सब बनके भील भयेहै देहको खोटेस्वभावरूप बन तिसकों विस्तार जो वर्णन करों॥७॥

श्लो॰ तदायम्बहुभूमाचग्रन्थोभवतिसज्जनाः॥ईदृ
शंकाननंदत्तंरामायनृपभार्यया॥८॥

भा॰टी॰ - तबहे सज्जन मानुष्यों ग्रंथ बहुत बडा होजावेगा इस वास्ते वनको विस्तार मैंनेनही बर्णन किया॰ दशरथकीप्यारीस्त्री कैकेयी ऐसा बन रामजीकू देती भई॥८॥

श्लो॰ आज्ञानृपतिनादत्तास्वच्छवृत्तिःसकोशला
॥विलापोनृपतेःप्रोक्तोदुःस्वभाववनेचलम्॥९॥

भा॰टी॰ - बडीचतुर निर्मल वृत्ति दशरथकी सोई राजाने रामजी॰ को बनजानेकी आज्ञा देताभया॰ बनजानेमें रामजीको चित्त॰ चलायमान नहीभया॰ सोई दशरथ आदिसबको विलापहै ९

श्लो॰ गमनंरामचन्द्रस्यवर्षाणांचचतुर्दश॥पंच
कर्मेंद्रियावर्षास्तदर्थाःपंचलोलुपाः॥१०॥

भा॰टी॰ - पांच कर्मेंद्री और पांच कर्मेंद्रियोंका अर्थ बडे कामक्रोध॰ आदिउत्पन्न करनेवाले

श्लो॰ बालादीनिचचत्वारिशरीरस्यवयांसिच॥एते
दिग्वेदवर्षाश्चविपरीतेंन्द्रियार्थता॥११॥

भा॰टी॰ - और जीवोंकी देहकी अवस्था बाल आदि च्यार अवस्था जैसे बाल॰ पौगंड युवा वृद्ध ४ येसब खोटी इन्द्रियोंका अर्थ लेके चौदा १४ वर्ष वनमें रहनेवास्ते है॥११॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो० साराज्यवृत्तिभरतेदत्तवान्नृपसत्तमः॥पितु
र्वाक्यंरथंप्रोक्तंस्वच्छवृत्तिभवागुणाः॥१२॥

भा०टी० - और खोटे इंद्रियोंके अर्थकों शिखाने वास्ते दशरथनें भ
रतकूं राजकी वृत्ती देते भये और दशरथकी वाक्य रामजीकूं व
नजाने वास्ते सोवाक्य रामको रथहै रामजीकी सुंदरमति ति
स्के गुणजैसे लोभ-मोह स्नेह वैर ये रामजीके नहीहै ॥१२॥

श्लो० हयाश्चतत्सुखाद्व्यारथस्यतत्स्थितीरवः॥
सुमन्तोनिश्चलत्वंचनृपस्यमुनिसत्तम॥१३॥

भा०टी० -सोई रामजीके रथकेघोडेहै उनघोडोंमें सुख मानना-
सोई रथकी सब सामग्रीहै पिताके वचन रूप रथमे बैठना सोई
रथकों दोडनाहै हे मुनिजी, आत्मज्ञान राजाको धर्म सो कभी
चित्त चलायमान नहीहोता- सोई सुमंत नाम राजाको मंत्रीहै१३

श्लो० विवेकतनयस्यैववियोगोरुदनम्मुने॥तम
साऽचंचलावृत्तीरामस्यमुनिसत्तम॥१४॥

भा०टी० - ऐसीरथमे बैठके रामजी बनकूं चले तो दशरथके विवेक
सरीके पुत्रको वियोग बहुत दिनसें भया सोई राजा आदि राणि
योंकों तथा पुरवासियोंको रोना भयाहै हे मुनि पिताके बचनसें
रामजीकी अचल वृत्ति सोई तमसा नदीहै ॥१४॥

श्लो० वासश्चकारभगवान्तत्तीरेग्लानिवर्जितः॥ह
यसंचारणेधीरः कारयामासरारथिः॥पितुरा-
ज्ञाविचलनंहयानामशनंस्मृतम्॥१५॥

भा०टी० -विवेक रामजीके कभीग्लानि नही होती सोई तमसा
केतीर रामजीको बासहै धर्ममें बडे चतुर रामजी सोई सुमंत-
ने घोडोंकों फेरते भये तथा पिताके आज्ञाको रामजीनें मान

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

लिया सोई घोडोकों चारा खिलाते भये॰ ॥१५॥

श्लो॰ पित्रोर्विनिन्दनंत्यागं पूर्वोक्ताः पुरवासिनः॥
चैतन्यस्यसदाचिन्ताकृतारामेणमानसे॥१६॥

भा॰टी॰ - तथा रामजीने कभी पिताकी निंदा नही किया॰ सो भी घोडोकों चाराहै विवेक रामजी चैतन्य रूप भगवानकी चिंता आपके हृदयमें रोज करतेहै ॥१६॥

श्लो॰ सानिद्रातमसातीरे वाक्यंरामस्यनिश्चयं॥
पितुर्मोहोवनेहर्षोरामस्यवर्ततेद्वयम्॥१७॥

भा॰टी॰ - सोई तमसाके तीरपर रामजीको निद्रा आती भई॰ निश्चय करिके बनजाना ऐसा रामजीको विचार सोई रामजी सुमंतसें कहेकि, रथकों फिरायके लेचलो॰ पुरवासी हमारे संग चलेंगे सो अच्छा नहीहै॰ रामजीको बनजानेमे बडा हर्ष है तथा पिताकी मोहहै ॥१७॥

श्लो॰ एतद्रथस्यभ्रमणंनिश्चिताकाननेस्थितिः॥
राक्षसानांविनाशायभूभारहरणायच॥१८॥

भा॰टी॰ - येदोनो रथको भ्रमण कर्नाहै॰ रामजीकी बनमें निश्चय स्थिति करना भूमिको भार नाशकरना तथा राक्षसोंको नाश करना॰ श्लो॰ एतत्पुनस्तद्वमनंतुष्टभावोरघूत्तमे॥ निवर्तनंप्रजानांचैकषायइवकालनम्॥१९॥

भा॰टी॰ - येदोनो प्रसन्न होके तमसाके तीरसें रामजीको फिर बनमें गमन भया॰ जैसा॰ कादा उकलताहै तैसे पुरवासी प्रजाओंको पीछा आना भया ॥१९॥

श्लो॰ पुरवासिनाम्विलापश्चपुनःप्रोक्तंमुनीश्वर॥
रामश्चस्वस्वभावेनगुहेनाशुसुतोषितः॥२०॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा॰टी॰ - सोई प्रजाको फिर विलाप भयाहै॰ हे मुनिजी; रामजीको स्वभाव सोई गुहनाम भीलहै सो भील रामजीकों प्रसन्न करता भया ॥२०॥

श्लो॰ स्वभावाचलनम्विप्रशृंगवेरपुरःस्मृतः॥ औ
दासिन्यंचरामस्यशिंशिपस्तरुसत्तमः॥२१॥

भा॰टी॰ - रामजी अपने स्वभावसें कभी चलायमान नहीहोते॰ सोई शृंगवेरपुरहै॰ रामजीके नकोई मित्रहै नकोई वैरीहै सोई शिंशिपावृक्षहै तिस्के नीचे रामलक्ष्मण जानकी सहित बसते भये २१

श्लो॰ रूपध्यानंकृतन्तेनरामेणतरुसन्निधौ॥ त॰
दासनम्महाबाहोप्रेमोत्कंठाःकुशास्मृताः॥२२

भा॰टी॰ -रामजीनें ईश्वरके रूपको ध्यानकरते भये॰ सोई आसन गुहने बनाताभया॰ रामजीने ध्यान करिके प्रेमसें गद्गद होगयेसोई कुशहै तिस कुशको आसन बनाया ॥२२॥

श्लो॰ कुकर्मणोनिवृत्तिश्चसागुहस्यैवभावना॥
तैःकुशैरामचंद्रस्यगुहेनकृतमासनम्॥२३॥

भा॰टी॰ - रामजीने खोटे कर्मसें चित्तकों खैंचे रहतेहै सोई गुहने रामजीकी भक्ति किया तिन कुशोंकरिके गुहने रामजीकों आसन बनाताभया ॥२३॥

श्लो॰ तस्मिन् शिश्ये स्वपत्न्याचरामोनिद्रांचकारवै
सत्सभाविहराक्रान्ताबुद्धिर्निद्रास्मृतामुने ॥२४॥

भा॰टी॰ - तिस आसनपर जानकी सहित रामजी सोते भये॰ हे॰ मुनिजी; रामजीकों साधुवोंकी सभाका वियोग होजाताहै॰ उस॰ वियोग करिके रामजीकी बुद्धि दुःखी होजातीहै॰ सोई निद्राकरते भये ॥२४॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो॰ असद्वार्तादयोधर्म्मायेचैवंमायया कृताः॥
तेविभूषणवस्त्राद्यास्त्यक्ताद्वाभ्यांगुहान्तिके॥२५

भा॰टी॰ - मायाकरिके रचेंज्योखोटेखोटे धर्म सोई संसारके गहना तथा वस्त्रहै तिन सबकों राम लक्ष्मण गुह मित्रके सामने त्यागते भये॰॥२५॥

श्लो॰ गुहलक्ष्मणयोः सुप्तेसपत्नीकेरघूत्तमे॥ बभूवतुः सत्कथनेसद्विचिन्तनमेवच॥२६॥

भा॰टी॰ - रामजीकों तथा जानकीकों सोए जानके गुहको लक्ष्मणको संवाद भया दोनोनें सुंदर धर्म तथा ईश्वरकी चिंता कर्त्ते भये सोई संवादहै॥२६॥

श्लो॰ संवादजागरौप्रोक्तौतौतयोर्जान्हवीतटे॥
शरीरशुद्धिर्योगेनपूर्वोक्ताजान्हवीस्मृता॥२७॥

भा॰टी॰ - पहिले बर्णन भईजो गंगाजी तिस्के तीर गुहको तथा लक्ष्मणको संवाद तथा जागते भये॰ सुंदर धर्मकोकथन तो संवाद भयाहै॰ ईश्वरकीचिंताकर्ना सोजागना भया॥२७॥

श्लो॰ शुद्धमाचरणन्तोयम्बाह्याभ्यंतरयोः शुचिः॥
तटौद्वौमुनिभिः प्रोक्तौतरंगिण्योनुशासिकाः॥२८

भा॰टी॰ - शुद्ध कर्मकों कर्ना सोई गंगाकोजलहै॰ और देहके बाहर जलमृत्तिकासें शौच कर्ना, हृदयमें ज्ञानसे शौच कर्ना॰ ये दोनो कर्म गंगाके दोतीरहै॰ गुरुकी दीक्षा लेना सोई गंगाकीठहरहै

श्लो॰ स्वभावाचरणंवंशंतत्प्रीत्यायष्टिसंज्ञया॥
योगाचरणयानावा तारणंशुद्धसंस्थितिः॥२९॥

भा॰टी॰ जीवोंके स्वभावकों आचरण सोई वांसहै उसी स्वभावरूप वांसमें प्रीति करना सोई वांसकी लाठीहै॰ योगको करना

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

सो नांवहै॰ शुद्धकर्ममें टिकना सोगंगाको उतरनाहै॰ इसप्रकारसें योग सें गुहने रामलक्ष्मण जानकीकों गंगाकेपार लेगया॰॥२९॥

श्लो॰ कृतंगुहेनसहसाप्रयागंहृदयस्थलम्॥सज्जनैर्भाषणंस्नानंतस्यप्रीतिःसरस्वती॥३०॥

भा॰टी॰ - गुहनें पारउतारे रामजीकीहृदयसो प्रयागहै॰ सज्जन मानुष्योंसें भाषण करना सोस्नानहै इसी सज्जनोंके भाषणमें प्रीति सो सरस्वतीहै॰॥३०॥

श्लो॰ तत्संगतौचयत्प्रेमतद्रुचिर्यमुनास्मृता॥वटःस्वधर्मोविप्रेंद्रसत्कर्माचरणोमुनिः॥३१॥

भा॰टी॰ - सज्जन जीवोंके मिलापमें प्रेम औरउसीप्रेममें रुचि सोयमुनाहै॰ जीवोंको आपना२ धर्मसो अक्षय वटहै॰ सुंदरकर्म करनी सो भरद्वाजमुनिहै॰ तिनके आश्रमपर रामजी जाते भये॰॥३१॥

श्लो॰ पूजितोयेनरामोवैजानकीलक्ष्मणान्वितः॥सुखमापमहाराजोरामोराजीवलोचनः॥३२॥

भा॰टी॰ - जोभरद्वाजमुनी राम लक्ष्मण जानकी को पूजन करतेभयें भरद्वाज मुनिके आश्रमपर एकरात्रि रामजी रहे तहां बहुत सुख॰ पातेभये॥३२॥

श्लोक॰ उवासरामोमुनिनासुपूजितोविदेहपुत्र्यासहानुजोविभुः॥प्रातःसमुत्थायप्रियासहोदरैःस्नानंत्रिवेण्यांविधिवच्चकारवै॥३३॥

भा॰टी॰ - मुनिकरके पूजित ऐसे रामचंद्र जानकी लक्ष्मण भरद्वाजमुनिके आश्रमपर रात्रि बसके प्रातःकाल उठके पहिले वर्णनहुइ जोत्रिवेणी तिसमें विधिपूर्वक शुद्ध आचरणहै रामजीको सोईविधिहै॰ और पहिले वर्णन भयाजो जल तिसमें डरसें हीनकर्म रूप॰

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

स्नान राम लक्ष्मण जानकी करते भये- ॥३३॥

इतिश्रीवेदान्तरामायणे अयोध्याकांडेपं० शिवसहा यबुधविरचितेसम्वर्तवरतन्तुसम्वादेरामचंद्रभारद्वा जाश्रमनिवासेप्रथमोमोक्षोपानः॥१॥

वरतन्तुरुवाच॥ श्लोक- आत्मज्ञानस्यस्वपितुःरामे णचिन्तनम्मुने॥सवाल्मीकिर्मुनिःप्रोक्तःशत्रुजेता जयोगिरिः॥१॥

भा-टी- - वरतन्तु मुनिबोले रामजीने अपने पिताजो आत्मज्ञान तिस्काचिंतन करतेभये- सो वाल्मीक मुनिहै तिनके आश्रमपर रामजी जाते भये- रामजीको पराक्रम कामादि शत्रुवोंकों जीतनेमे बडाबल वानहै- सो चित्रकूटपर्वतहै- वाल्मीककी आज्ञापायके तिस चित्रकूटपर रामजी बसते भये॥१॥

श्लो० रामस्यसततंप्रीतिर्यारूपेसापयस्विनी॥सभ यादिगुणास्तत्रमुनयोवनवासिनः॥२॥

भा-टी- - भगवानके रूपकी प्रीति रामजीके हृदयमें नित्य बनी रहतीहै- सोई मंदाकिनी नदीहै- अधर्मके भय आदि गुण रामजी में हैसो इस बनके मुनिहै- अधर्मसैं डरे सोई महात्माहै॥२॥

श्लो० इंद्रियाणाम्प्रचंडानामविस्वासादयोगुणाः तैरारण्यचरैर्नित्यंसेवितोजानकीपतिः॥३॥

भा-टी- - बडीजबर्दस्तजो इन्द्रीहै तिनको विस्वास रामजी कभीन हीकरते ऐसा गुण सोई वनके रहनेवाले मानुष्यहै- सो मानुष्य रा मजीकी सेवा करतेभये॥३॥

श्लो० गिरेर्वैजयरूपस्यचित्रकूटस्यनित्यशः॥अ

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

चलत्वंचतत्प्रेमकुटीरौरामसंकृतौ॥४॥

भा॰टी॰ - पहिले बर्णन भया जो रामजीका काम आदि जय रूप चित्रकूट सो अचल है तथा उस अचलमें प्रेम ये दोनो राम लक्ष्मणकी पर्णकुटी है ॥४॥

श्लो॰ तद्गिरौनिश्चलाप्रीतिर्वसतीराघवस्यवै॥प्रपं चरहितंसौख्यंप्राप्तंरामेणतत्रच॥५॥

भा॰टी॰ - ऐसे चित्रकूटमे रामचंद्रकी प्रीति निश्चल है सोई चित्रकूटपर रामचंद्रको वास है॰ रामजी संसारके प्रपंचसें रहित है॰ सोई चित्रकूटका सुख है ॥५॥

श्लो॰ अयोध्यासुमतेर्भूरिर्निश्चलेनैवसंकृता॥ तत्सुमंतागमःप्रोक्तःपुनारामांतिकान्मुने॥६॥

भा॰टी॰ - जिसको चित्त कभी धर्मसें चलायमान नहीं होता सो सुमंतरूप सारथीने सुमतिरूप अयोध्याको प्रेम निश्चल होके किया सोई रामजीके पाससे सुमंतको फिरि अयोध्यामें आना भया है॰

श्लो॰ सत्समाजेविनष्टोभूदात्मज्ञानंनिरंतरम्॥तदे वमरणम्प्रोक्तमयोध्याधिपतेस्तदा॥७॥

भा॰टी॰ - सत्पुरुषोंकी समाजमें रोज आत्मज्ञान नष्ट होगया सोई दशरथको मरण है ॥७॥

श्लो॰ कृतंकोलाहलंसर्वैःसज्जनैःसत्सभातले॥ पूर्वोक्तनृपभार्याभिर्युगपत्तद्विलापनम्॥८॥

भा॰टी॰ - सत्पुरुषोंकी सभामें आत्मज्ञानको नष्ट देखके उसीसभामें बैठके सज्जनोने बहुत उच्चस्वरसें रुदन किया सोई पेस्तरबर्णन भई सो राजाकी स्त्री है॰ सो सब इकठी होयके विलाप करती भई॥८॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो० निर्दयत्वंसदाशक्तेस्तत्केकयपुरस्मृतः॥ ध-
र्माचरणदूतास्तेवसिष्ठेनैवप्रेरिताः॥ गतास्तेत-
त्पुरंप्रोचुः क्रूरंकेकयभूपतिम्॥ ९॥

भा-टी- - शक्ति निर्दई है जीवको फसानेमे मोहनही करती- किय
हगरीब दुःख पावेगा- ऐसा शक्तिको स्वभावहै सोई कश्मीरनगर
है- वसिष्ठजीने आपने धर्मके आचारमें बडे पुष्ट सो सब दूत है
तिन दूतोंकों कश्मीरकों भेजते भये- दूत जायके कश्मीरको केक
यीको क्रूरस्वभाव सोई कश्मीरको राजा है तिस्सें बोलते भये ९

श्लो० नृपस्यमरणंशीघ्रंगृहीत्वातत्स्फुतोतदा॥ कु
मत्याप्रापितौतत्रपूर्वोक्तौनृपनंदनौ॥ १०॥

भा-टी- - जलदी आत्मज्ञान दशरथको मरण कहिके कुमति करी
के कश्मीरको लेगयेजो राजाके दो पुत्र भरत शत्रुघन तिनदोनो-
कों संगलेके॥ १०॥

श्लो० आयाताःस्कमतिन्दूताभरतानादरम्प्रजाः॥
भगवच्चिंतकाःसर्वेप्रजाश्चपुरवासिनः॥ ११॥

भा-टी- - दूतोनें स्कमतिरूप अयोध्याकूं आतेभये- तब भगवा
नके भजनकर्नेवाले रूपजो सब पुरवासी है सो भरतके अनादरकों-

श्लो० चक्रुश्चानादरन्तस्यहास्यरूपन्निरंतरम्॥ आ
स्वासितौवसिष्ठेनक्षमामार्गेणरोदनम्॥ १२॥

भा-टी- - करते भये- क्या अनादर किये रोज भरतकूं देखके हसना
सोई अनादर है- और वसिष्ठजीने क्षमारूप आस्वास किया- सोई-
भरत शत्रुघनको रोना है॥ १२॥

श्लो० चक्रतुःशपथंवीरौकौशल्यांभरतोऽर्जवम्॥
चकारमातुःस्वस्येवभर्त्सनंधैर्यनाशनम्॥ १३॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा-टी- - भरत को कोमल स्वभाव सोई दोनोभाई सौगंद करतेभये रामजीको वियोग तथा दशरथको मरण स्कनिके भरत शत्रुघनकी धीरज नष्टहोगई सोई केकयीकों भरत ताडना करतभये-१३

श्लो० दाहादीनिसमस्तानिकर्म्माणिमुनिसत्तमः॥
कारयामासभूपस्यशुद्धाचाराणितेनवै॥१४॥

भा-टी- -सबजीवोंको शुद्ध आचार सोई दशरथकी दाह क्रियादिकर्म वसिष्ठने भरतसें करवाये ॥१४॥

श्लो० पूर्वोक्तसेनाजननीबांधवैः पुरवासिभिः॥गुरुणाविप्रवर्गैश्चसंयुतोगमनञ्चसः॥१५॥

भा-टी- - पहिले वर्णन भई जो फौज तथा माता भाई पुरवासी गुरु ब्राह्मण इनसबों करिके संयुक्त भरत होकर रामजीके पासजानेकी तयारीकिया-॥१५॥

श्लो० परमानंदरूपंहिगुहेनभाषणंकृतम्॥रामधैर्यस्वरूपंचतत्प्रतीतिनिवासनम्॥१६॥

भा-टी- - भरतने परमरूप आनंदमें लीन भये सोई गुहको तथा भरतको संभाषण भया- रामजीको धीरज स्वभाव सोई गुहकी- निश्चयहै- श्रीरामकों मिलने वास्ते भरतजातेहै सोई भरतको गंगा तटपर टिकाना भया ॥१६॥

श्लो० सैन्यविश्वासनंचक्रेरामध्यानेनसंयुतः॥भरतस्वस्वभावेनससैन्यमातृबांधवैः॥१७॥

भा-टी- - भरत शत्रुघन रामजीको ध्यान करतेभये- सोई फोजकोंविश्वास देनाहै- तथाभरत अपनेस्वभावमें दृढहै सोई सेना भाई गुरुमाता-सहित ॥१७॥

श्लो० गंगापारंस्करवेनासोगुहप्रेरितनौकया॥प्रया

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

गस्थोमुनिश्चक्रेसत्कार्य्यंभरतस्यच ॥१८॥

भा०टी० - गुहसें चलाई नाव करिके गंगाके पार गये प्रयागजीमें टिके जो मुनि भरद्वाज पहिले बर्णन हुए सो भरतको सत्कार करतभये

श्लो० यमादिभिर्योगपथैः सन्तुष्टोनृपनन्दनः। बभूवाव्यक्तकथनंश्रोतृणांचाचिनांतथा॥१९॥

भा०टी० - किस चीजसें सत्कार किया रखो टाबचन नही बोलना इंद्रियोंकोंजीतना इनआदि अनेक प्रकारके सुंदर कर्म्मो करिके सत्कार किये तब भरत संतुष्ट होके चित्रकूट कूंगये तब चित्रकूट पर रहनेवाले जीवोंको तथा कहने वाले जीवोंके बीचमें ईश्वरको धर्म वर्णन भया ॥१९॥

श्लो० चतुर्णांचैवभ्रातृणामन्येषांचपरस्परम्॥ समागमस्सोविख्यातः परमात्म प्रकाशकः ॥२०॥

भा०टी० - तथा चारोंभाई रामजीके और अनेक जीवोंके आपसमे परमात्माके रूपको प्रकाश मालूम पडा सोई सबको चित्रकूटपर आनाभया ॥२०॥

श्लो० पादुकेरामचंद्रेणसत्यबुद्धिः सहिष्णुता॥ स्वानुजायस्वयन्दत्तेप्रीत्याशृत्यागमत्पुरीम्॥२१॥

भा०टी० - सत्यराखना हृदयमें तथा कोई आपनेको दुःख देवैसो उस्कोदुःखदेनेकाबिचारनानही ये दो पादुकाहै सो दोनों पादुका रामजीने प्रसन्न होके भरतकूं देतेभयेभरतनें दोनों पादुका अपने स्वभावरूप शिरपर धरिके अयोध्यापुरीमें आतेभये॥२१॥

श्लो० भरतोभ्रातृसहितः सेनामातृमुनीश्वरैः। वासंचक्रेपुरीबाह्ये पंचक्रोशमितेशुभे॥२२॥

भा०टी० - भाई सेना माता मुनीश्वर सहित आयके आपभरतअके

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

लेपुरीके बाहेर पांचकोसपर टिकते भये॥ २२॥

श्लो॰ कदापिसुमतिःकुर्याकुमतेःसंगमद्भुतम्॥ अ
तोतद्दूरतःस्थित्वापंचदुष्टेन्द्रियोज्झिते॥२३॥

भा॰टी॰ - भरत विचारते भये कि दैवयोगसें सुमतिजोहै सोकुमति की संगत करलेवे तो बडा आश्चर्य होजावे इसवास्ते पांच दुष्टइंद्रियों करिके त्याग भया जो सुंदर कर्म्म उसी पांचकोशमें वासकरते भये॥२३॥

श्लो॰ सत्कर्माचरणे वीरोनन्दिग्रामेसुशोभने॥ न
न्दीतिरूपिणीम्बध्वाजटांरामइवस्वयम्॥२४॥

भा॰टी॰ - सुंदर कर्मको आचरण कर्ना सोई नंदिग्रामहै॰ तिसमेटिकते भये॰ नंदिग्रामकी प्रीतिरूप जटा रामसरीके भरतभी शिर में बांधिके॥२४॥

श्लो॰ द्वयोःपादुकयोश्चक्रेरंजनंप्रीतिसेवनम्॥
शमादीनाम्प्रजानाम्वेविपरीतोद्भवोद्भवैः॥ भरतोर
क्षणंचक्रेदुःखितानांमुहुर्मुहुः॥२५॥

भा॰टी॰ - पेस्तर वर्णन भयेजो दोनूपादुका तिनको स्नेहरूप प्रीतिसोईसेवन करते भये॰ शम दम यज्ञ आदि औरजो सुकर्म सोई सब प्रजा भये॰ तिन सबकी रक्षा करते भये भरत खोटीइंद्रियोंको जो खोटा अर्थ तिस करिके वारंवार दुःखीजो प्रजा तिनकोरक्षा करते भये॥ २५॥

इतिश्रीवेदान्तरामायणेपं॰शिवसहायबुधविर
चितेनंदिग्रामे भरतवासेद्वितीयोमोक्षोपानः॥२

इति अयोध्याकांडम् समाप्तं

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

अथारण्यकांडः

श्लोक· वरतन्तुरुवाच कुज्ञानसमुदायाश्चतेमृगाः काननौकसः ॥ सलक्ष्मणेनरामेण हतानि पतितानि क्षितौ ॥१॥

भा·टी· - वरतन्तु मुनि बोले खोटा खोटा ज्ञान जैसे परस्त्रीकों भोगना· परधन हरना· चोरी करना· इनआदि बहुत ज्ञानसो सब बनके मृग भये· तिन मृगोंकूं राम लक्ष्मण मारते भये· वे मृग भूमिपर पडगये ॥१॥

श्लो· ज्ञानहर्षशरैस्तीक्ष्णैर्जघानारण्यसंश्रितान् राक्षसानपिपूर्वोक्तान्मनोरावणप्रेरितान् ॥२॥

भा·टी· - तथा मन रावण करिके आज्ञा पायके बनमें फिरते जो राक्षस तिनकोभी रामजी ज्ञानमें हर्ष मानना सोई बाण है तिस्स बाणों करिके मारते भये ॥२॥

श्लो· रूपभक्त्याश्चजानक्याःपादौतच्छ्रुतिकीर्तने आलस्योनिजतुंडेननिजघानस्करेशजः ॥३॥

श्लो० रामस्यवचनंश्रुत्वाहरिःप्रोवाचराघवम्॥ सखेशृणुकथामेतामेकदामहिषासुरः॥२॥

भा·टी· –विवेकरूप रामजीकी बचन स्फनिके गुरुदेवकोउपदेशरूप स्फ्रीव बोलते भये· हेमित्र, यह कथा स्फनिबे लायकहै

श्री लक्ष्मीधर-विद्यामन्दिर, देवप्रयाग (गढ़वाल-हिमालय) व्यवस्थापक-पं० चक्रधर जोशी

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

सो आपस्कनो : एकदिन महिषासुर राक्षस ॥२॥

श्लो॰ असत्याचरणोवालिंस्ववशेकरणायच॥ कि
ष्किधामाजगामाशुभयवेगकलीर्षणैः॥३॥

भा॰टी॰ - हट करिके झूठ कर्मको आचरण कर्ना सोई महिषासु
रहै॰ सो महिषासुर वालिकों जीतने वास्ते किष्किंधा पुरीकों आ
ताभया॰ जीवोंको भयदेना, कामकरनेमें जलदी रखना, सब-
जीवोंसें लडाई कर्ना, सब जीवोंसें इर्षा करना इनकरिके ॥३॥

श्लो॰ पादैरेतैश्चसंयुक्तो दुराचर्यादिसम्भवैः॥रो
मभिर्भूरिभिर्व्याप्तन्देहम्बिभ्रन्मदाकुलः ॥४॥

भा॰टी॰ - एच्यार महिषासुरके पगहै॰ इनच्यारि पगोंकरिकेयु
क्तहै॰ खोटे कर्मसें उत्पन्नजो कर्म सो रोमहै॰ तिस बहुत रोमकों
धारण करिके उन्मत्त होरहाहै ॥४॥

श्लो॰ दुरुक्तिनिरयाभ्यांवैनेत्राभ्यांरागरंजितः॥
पैशून्यपरघाताभ्यांशृंगाभ्यांतीक्ष्णनिर्मितः ५

भा॰टी॰ -खोटी वाक्य बोलना तथा नरकमें पडने माफिक कर्म
कर्ना येदोनो कर्म दोनेत्रहै इन दोनों कर्ममें स्नेह सोई लालरंग
है तिसकरिके दोनों आंख लाल होरहीहै॰ चुगली कर्ना तथा
दूसरेकूं मारना ये दोनो शींगहै इन कर्मोंमें प्रेम सो शींगकी धार
है ऐसी शींग करिके युक्तहै ॥५॥

श्लो॰ पैशून्यसरवपुच्छेनलंबमानेनशोभितः॥
एतादृशोहतोरामवालिनामहिषासुरः॥ ६॥

भा॰टी॰ -चुगलीमें सरव मानना सोई पूंछहै तिस पुच्छ करिके
शोभितहै ऐसे महिषासुरकूं वालिनें मारडाला॰ ॥६॥

श्लो॰ हतमुत्थापतंवीरश्चिक्षेपक्रोधसंकुलः ॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

पपातपर्वतस्यास्यसमीपेरघुनन्दन ॥७॥

भा॰टी॰ - हेरघुनंदन महिषासुरकों मारिके वालिने उसकीदेह कों उठायके फेंकताभया॰ तब वोदेह इस पर्वतके सामने आय पडी॥७॥

श्लो॰ स्वेच्छाचारमतंगस्यचाश्रमेपतितोसुरः॥ दुष्टाचरणरक्तैश्चरंजितोभूत्तदाश्रमः॥८॥

भा॰टी॰ - वेदशास्त्र लोककों संमत नहीं मानना अपनी इच्छा में आवे सोई करना ऐसे स्वभावकों शास्त्रमें मतंगऋषि कहते हैं ऐसे मतंग मुनिके आश्रम पर मरा हुवा आय पडा॰ तथा खोटा कर्मको आचरण रूप करिके जोरक्त उससें मुनिका आश्रम लाल होगया॥८॥

श्लो॰ गुरुध्यानगिरेरस्यसमीपेवानरोत्तम ॥यद्या गन्तासिवैमृत्युस्तत्क्षणेनेभविष्यति॥९॥

भा॰टी॰ - तब स्वेच्छाचार रूप मतंग मुनि बोलेकि हे कपियोंमें उत्तम वालि यहजो गुरुदेवको ध्यानरूप प्रवर्षण पर्वत है इसके समीप जो तूं आवेगा तो उसीबखत मरजावेगा॰॥९॥

श्लो॰ एवंज्ञात्वारघुश्रेष्ठनायात्यत्रकदापिच॥ एवंज्ञात्वाचमेवासङ्कृतोऽत्ररघुनन्दन ॥१०॥

भा॰टी॰ - हेरघुनंदन मैं ऐसा जानाकि वालि यहां नही आसक्ता इस वास्ते इसपर्वतपर मैंने वासकियाहै॥१०॥

श्लो॰ श्रुत्वाचसुग्रीवसमीरितंवचङ्प्रोवाचरामङ् करुणाश्रुपूरितः॥ अहंहनिष्यामितवाशत्रुद्रोहि णंसखेऽभिषेच्यामिचत्वान्नृपासने॥११॥

भा॰टी॰ - ऐसी सुग्रीवकी वाक्य सुनिके रामजी बोलेकि हेमित्र,

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

तुमारे द्रोह कर्नेवाले बालिकूं हम मारेगे और तुमकूं किष्किंधा पुरीको राजा करेगें ॥११॥

श्लो॰ रामोक्तिं कपिवीरस्तुनिशम्योवाचराघवम्॥
किष्किंधाधिपतिंमान्त्वं वानराणामधीश्वरं॥१२

भा·टी· -विवेकरूप रामजीकी वचन सुनिके गुरुको उपदेश रूप सुग्रीव बोलेकि हे रामजी, जो आपु मेरेकों गुरुदेवमें खोटी बुद्धि कर्ना ऐसी किष्किंधा पुरीको राजा ॥१२॥

श्लो॰ करिष्यसियदावीरतदातेजानकीमहम्॥पु
रीमपिशुभांकुर्य्यांसुबुद्धिंगुरुसत्तमे॥सप्तपाता
लविवरात्सप्तोर्द्ध्वाद्रघुनन्दन ॥१३॥

भा·टी· -करोगे तब मैं पुरीकोंभी सुंदरबुद्धि गुरुसे करिदेऊंगा·तथा जानकीकोंभी सात पातालनीचे सात ऊपर ॥१३॥

श्लो॰ विनाश्यजानकीदुःखदातारंसकुलम्प्रभो॥स
गुरुंसपुरंदुष्टंसमित्रंसहचारिणम्॥१४॥

भा·टी· -मैभी जो जानकीकों दुःख देनेवाले दुष्टको परिवार गुरुपुर मित्र संगरहनेवाले इनसबकों नाशकरिके ॥१४॥

श्लोक दास्यामितुभ्यंजनकात्मजामहंसखेध्रुवं
प्राप्यकपीश्वरेशतां॥हनिष्यसेत्वंकथमद्यवालि
नंवीरंसुवीरार्च्चितपादपल्लवम्॥१५॥

भा·टी· -जानकीको आपकूं देऊंगा· परंतु हे मित्र जो मेरेकों किष्किंधाको राज्यमिलेगातो हे रामजी बडेबडे वीरजैसे ध्यान ज्ञान उपदेश इन आदि और अनेक सुंदरकर्म वालिके पगकी पूजन करतेहै कि हे गुरुकेवियोग दुष्ट वालि तूं जीवोंको गुरुदेवसें वियोग मतिकर ऐसेवीर वालिको आप अभी कैसे मारोगे ॥१५॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो॰ इत्युक्त्वा दर्शयामास सप्ततालान्कपीश्वरः॥
रामचंद्रायत्वरितं शष्कंच दुंदुभेश्शिरः॥१६॥

भा·टी· -रामजीसें सुग्रीव ऐसा कहिके रामजीकों सात तालके वृक्ष तथा दुंदुभीको सूखाशिर देखाते भये ॥१६॥

श्लो॰ कुतृष्णायास्सुतान्सप्तलंबमाननभश्चरान्॥
परसौख्यविनाशंच परवित्तकलत्रयोः॥१७॥

भा·टी· -खोटे कर्ममें तृष्णा करनी तिस तृष्णाके सात पुत्र जमीन सें आकाश तक ऊंचे दूसरे जीवके सुखका नाशकरना· और दूसरे जीवको धन तथा स्त्रीको ॥१७॥

श्लो॰ हरणंसुकृतविद्वेषमन्यायेवर्तनंसदा॥स्व·
स्त्रीनिरादरंनित्यंमरणाचिन्तनंतथा॥१८॥

भा·टी· - हरणकरना तथा ईश्वरके गुणकों जाणनेवाले जीवोंसें वैर राखना· रातिदिन अन्याय कर्ममें रहना· आपनी स्त्रीको रोज अनादर करना मरणेकी चिन्ता नहींकरना॥१८॥

श्लो॰ एतान्तालान्स्वस्वसुखैः पत्रैश्चवर्द्धितान्कपिः
प्रोवाचदर्शयित्वैतान्धृत्वाकंपयतेऽसकृत् ॥१९॥

भा·टी· - येसात कर्मरूप सात तालके वृक्षहैं·येसात तालके वृक्ष आपने आपने कर्ममें सुख मानना उसीसुखरूप पत्र करिके वर्द्धित होरहेहैं· सुग्रीवने ऐसे सात तालके वृक्ष रामजीकों दिखायके रामजीसें बोले कि इन सातों वृक्षोंकों एकहीवार वालि पकडिके हिलाताहै॥१९॥

श्लो॰ वालिर्यद्येकबाणेन द्वेदितुन्त्वंक्षमःप्रभो॥
तदावालिवधेरामविश्वासोमेप्रजायते॥२०॥

भा·टी· - हेरामजी जोएक बाणकरिके आपु सात वृक्षोंकूं काट

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

नेमें समर्थ हो तब बालिकों मारनेमें विश्वास मेरेकूं होवे ॥२०

श्लो० सर्वप्राणोत्तमं ज्ञानं गुरोर्यद्रघुनन्दन ॥ तद्दुं
दुभिशिरश्चेदमार्द्रक्षिप्तञ्चबालिना ॥ २१ ॥

भा·टी· - हेरघुनंदन सबजीवोंसें अपने गुरुकूं उत्तम माननासो ई दुंदुभीको शिरहै सोई शिरयह आपके सामने पडाहै यह-शिर आलारहाथा तब बालिने उठायके ह्यांपरफेंकदिया ॥ २१

श्लो० तवास्योत्क्षेपनेरामचेत्पश्यामिपराक्रमम्
तदात्वयाहतंमन्येबालिनम्वीरसम्मितम् ॥ २२ ॥

भा·टी· - और अब यहशिर सूखाहै तो भी आपु इस्को उठानेको भीजो समर्थ होवो तो मैं जानूं कि आपके मारे बालि मरेगा ॥ २२

श्लोक· इत्युक्तः कपिनारामो विवेकोज्ञानवारिधिः ॥
सत्संगार्बुदछायायाः छायाछायार्बुदेनवै ॥ २३ ॥

भा·टी· - ऐसी सुग्रीवकी वचन सुनिके ज्ञानके समुद्र रामजी विवेकरूपसो सत्संगकी अर्बुदभागजो छाया तिस छायाकी छायाके अर्बुद भागको एकभाग सोई बाणहै तिस एकबाण करिके एक ही दफेमें सातों वृक्षोंकूं काटडारे दोकाअर्थमिलाहैसोयुग्महै २३

श्लो० भागेनैकेषुणारामश्चिच्छेदयुगपत्तरून् ॥ क
दापिरामचंद्रस्यस्वभावोभ्यासतश्चलेत् ॥ २४ ॥

भा·टी· - विवेक रूप रामजीकोस्वभाव कभी ईश्वरके ध्यान करने सें चलायमान होताहै औरकभी चलायमान नही होता ऐसास्वभाव रामजीके दोनोपगहैः दोकोअर्थमिलाहैसो युग्महै ॥ २४ ॥

श्लो० कदापिनचलेत्तस्मादिमौपादौप्रकीर्तितौ ॥ अ-
चलोदक्षिणोज्ञेयश्चलोवामइतीर्य्यते ॥ २५ ॥

भा·टी· - रामजीको अभ्यासमें अचलस्वभाव सोई रामजीको द

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

क्षिण पग है॰ और चल स्वभाव वाम पग है॰

श्लो॰ याश्चलाश्चलयोः प्रीत्य स्ताश्चांगुल्यः प्रकीर्तिताः॥ द्वयोश्चलवृत्तय त्तदंगुष्ठं निगद्यते॥२६

भा॰टी॰ - चल पगमें तथा अचल पगमें जो बहुत प्रीति सो दोनोंपगोंकी अंगुली है॰ रामजीके दोनो पगोका अचल स्वभावसो दोनोंपगोंका अंगुठा है॥ २६॥ इस श्लोकमे प्रीति शब्द ईवन्त है॰

श्लो॰ तच्छिरश्चाशुचिक्षेपवामांगुष्ठेन राघवः॥ एतत्पराक्रमन्दृष्ट्वा रामस्य कपिसत्तमः॥२७॥

भा॰टी॰ - रामजीने वामपगके अंगुठेसे उगायके जलदी दुंदुभीको शिर बहुत दूर फेंकदिया॰ ऐसा॰ रामजीको पराक्रम सुग्रीव देखके॥२७॥

श्लो॰ राज्यस्पृहांपरित्यज्य ज्ञानयुक्तो बभूव ह॥ बद्ध्वा करांजलिं रामम्प्रोवाच विनयान्वितः॥२८॥

भा॰टी॰ - राजकी इच्छा छोडिके ज्ञानकुं प्राप्ति भया जो सुग्रीव है सो हाथजोडके रामजीसें बोला॰॥२८॥

श्लो॰ राज्यं न कांच्छे रघुवीर दुःखदं त्वत्पादसंलग्नरजोभिवांच्छकः॥ भवामि नित्यन्तव दासकिंकरः प्रदेहि राज्यं तवसेवनावधिम्॥२९॥

भा॰टी॰ - हे रामजी॰ जिस किष्किंधा पुरीको राज पायके गुरुदेवमें दुष्ट बुद्धि होवे ऐसा दुःख देनेवाला राज्य कों मैं नही चाहताहूं॰ आपके चरणकी धूलि चाहताहूं॰ आपु आपके चरणोकी सेवन रूप राज्य मेरेकूं देवो॥२९॥

इति श्री वेदान्तरामायणे किष्किंधाकांडे शिवसहाय बुधविरचितसुग्रीवनिश्चये तृतीयो मोक्षोपानः॥३॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लोक- वरतन्तुरुवाच सुग्रीववचनंश्रुत्वासं-
शिक्ष्यकपिसत्तमम्॥ प्रेरयामासयुद्धायवालिना
रघुनन्दनः॥१॥

भा-टी- - वरतंतु मुनि बोले सुग्रीवकी वचन सुनिके रामजीने सु
ग्रीवकूं शिखायके वालिकेसंग युद्ध करनेकों भेजा॥१॥

श्लो० चतुर्भिर्मंत्रिभिस्सार्द्धंराघवाभ्यांचसंयुतः
क्रोशैकेगुरुदुर्बुद्धिकिष्किंधायाश्चनिश्चये॥२॥

भा-टी- - चारि मंत्री सहित तथा रामलक्ष्मणसहित गुरुमें दुष्ट
बुद्धिरूपजो किष्किंधा तिस्के एककोशपर॥२॥

श्लो० तद्दूरेलक्ष्मणोस्थित्वाचत्वारश्चैवमंत्रिणः॥सु
ग्रीवेणतदाहूतोवालिर्वीरशिरोमणिः॥३॥

भा-टी- - सुग्रीवखडाहोके गुरुके वियोगरूप वालिकों पुकारता-
भया- और सुग्रीवसे कुछदूरपर रामलक्ष्मण और सुग्रीवके-
चारमंत्री येसब खडे रहे॥३॥

श्लो० तूर्णमागत्ययुयुधेस्वानुजेनकपीश्वरः॥गुरु
वाक्येषुविश्वासस्सुग्रीवपुच्छवर्णनम्॥४॥

भा-टी- - गुरुकी वाक्यमें विश्वास मानना सोई सुग्रीवकी पुच्छहै
कपीश्वरजो वालिहै सो जलदी आयकर अपना भाई सुग्रीवसें यु
द्ध करते भये॥४॥

श्लो० तद्विश्वासज्ञानंचवालिपुच्छभिगद्यते॥ता
भ्यांयुद्धंचद्वौचक्रे पुनर्मुष्ट्याप्रजघ्नतुः॥५॥

भा-टी- - उसी गुरुकी वाक्यमें विश्वास नहीं मानना सोई वालिकी
पुच्छहै- सो पहिलेतो दोनो वीरोनें पुछसें युद्ध करते भये पीछे मुष्टि
सें युद्ध करते भये॥५॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो॰ ब्रह्मसृष्टोचयद्दुस्कृतन्मेसर्वंगुरुर्हरिः॥ इ
तिबुद्धिस्समाख्यातासुग्रीव मुष्टिबंधनं॥ ६॥

भा·टी· - ब्रह्माके बनाए जोतीनलोक चवदा भुवनमें जोचीज है· सो सब चीजरूप मेरा गुरुहै ऐसा गुरुको ब्रह्मरूप माननेवाली बुद्धि सो सुग्रीवकी मुष्टिको बांधना है॥ ६॥

श्लो॰ बुद्धिस्तदन्यायातस्मिन्सावाल्यंगुलिबंधना
मुष्ट्यायुयुधतुर्वीरौसुग्रीवोवालिनाडितः॥ ७॥

भा·टी· - और गुरुमे ऐसी बुद्धिसे हीन जो दूसरी बुद्धिहै कि जैसी जुदी जुदी सब वस्तुहै तैसेई गुरुभीहै ऐसी बुद्धि वालिकी मुष्टिबंधनहै ऐसी मुष्टिसें वालिकों सुग्रीवनै मारा· सुग्रीवकों वालिनै मारा· सुग्रीवतो चाहताहै कि गुरुके वियोग रूप वालिको मार डारों· तो जीवोंसे गुरुवियोग नहीं होवे· और वालि चाहताहै कि गुरुके उपदेशरूप सुग्रीवकों मारि डारों तो गुरुकोउपदेश संसारमें नष्ट होजावे· और मेरा राजरहे· सोवालि सुग्रीवकों मारा· तब सुग्रीव दुःखी होगया· ॥ ७॥

श्लो॰ प्लाव्यायादुःखितोभूत्वागिरिमूर्ध्निस्वमाश्रमं
॥स्पृष्टोविवेकरामेणकरेणकपिसत्तमः॥ ८॥

भा·टी· - तब सुग्रीव दुःखी होके भागिके पर्वतपर अपने आश्रम पर आया· तब विवेकरूप रामजीने आपना हात सुग्रीवकेऊपर फेरते भये· कृपाकरिके देखना सोई हात फेरना है· ॥ ८॥

श्लो॰ गत श्रमःसुखंपेदेशौर्येणमंत्रिभिःसह॥ उ·
वाचरामंसुग्रीवः कथंघातयसेरिणा॥ ९॥

भा·टी· - तब सुग्रीवके देहकी पीडा· नष्ट होगई· और सुग्रीव सुखकों प्राप्तिभये· मंत्रियों सहित बडेमानसे जैसा पुत्र पितासें मा·

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

नकरिकै बात करै कि मैंतो आपको बालक हौं यह काम आपकूं करना पड़ेगा तैसेई सुग्रीव रामजीसें बोले कि हे रामजी, बैरीसें मेरेकूं आपक्यों मराते हो मारना होवे तो आपही मेरेकों मारिडालो ९

श्लो० इत्युक्तो राघवः प्राह नज्ञातस्त्वं मयासखे ॥ एकरूपौ युवां वीक्ष्य नत्यक्तश्शायको मया ॥१०॥

भा०टी० - ऐसी सुग्रीवकी वाक्य सुनिके रामजी बोले कि हे भाई तुमदोनो एकरूप रहेये इसवास्ते मैंनही जानाकि कौन वालि है कौनसुग्रीव है इस वास्ते मैंने बाण नही छोडा ॥१०॥

श्लो० पुनराह्वय वालिन्त्वं हतं पश्यसि भूतले ॥ इत्युक्त्वा लक्ष्मणं प्राह रामः सत्यपराक्रमः ॥११॥

भा०टी० - सोफिर बालिकों तुम पुकारो अबकी वालिकों मरादेख लेना सुग्रीवसें ऐसा कहिके सत्यहै पराक्रम रामजीको सो लक्ष्मण सें बोलते भये ॥११॥

श्लो० मत्प्रीतिरूपां बध्नीहि मालां कंठेऽस्य धीमतः ॥ यथेमं चिन्हितं ज्ञात्वा वालि प्राणं हराम्यहम् ॥१२॥

भा०टी० - हे लक्ष्मण मेरी प्रीति सुग्रीवपर बहुत है उसी प्रीतिरूप माला सुग्रीवके गलेमे बांधि देओ उस माला करिके मैं जानोंगा कि यह सुग्रीव है ऐसा जानिके वालिके प्राणकों मैं हरूंगा ॥१२॥

श्लो० इत्युक्तो लक्ष्मणस्तूर्णं बध्वा मालां हृदांशुभाम् ॥ रामप्रीतिस्वरूपां च तद्धर्षपुष्पपुष्पिताम् ॥१३॥

भा०टी० - रामजीकी ऐसी वाक्य लक्ष्मण सुनके जलदी सुंदर माला सुग्रीवके गलेमें बांधते भये रामजीकी प्रीतिरूप माला है सुग्रीवको हर्ष सो पुष्प भया है तिस पुष्पों करिके माला फुल्लाय मानहोरही है ॥१३॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो॰ बद्धमालस्तुसुग्रीवः पुनर्गत्वातिशीघ्रतः॥ आ
ह्वयामासप्रोच्चैस्तंवालिंयुद्धायनिर्भयः॥१४॥

भा॰टी॰ -मालाकूं गलेमें बांधिके सुग्रीवने जलदी बडे जोरसें वा॰
लिकों युद्ध करने वास्ते निर्भय होके पुकारताभया॰॥१४॥

श्लो॰ वालिश्चपुनराहूतस्सुग्रीवेनातिक्रोधितः॥
तारयावारितोपीत्थंरामचंद्रगुणम्प्रति॥१५॥

भा॰टी॰ - सुग्रीव करिके पुकाराजो वालि है सोबडा क्रोध करिके
चलनेको विचार कियातौ तारानें रामजीको सबगुण वालिकों सु॰
नायके वोली आप मतिजावो- बडेजबरदस्तसे सुग्रीवकी मिताई
भई है॥१५॥

श्लो॰ तांतिरस्कृत्यसमगात्सुग्रीवंयुद्धलालसम्॥
युद्धंप्रचक्रतुर्वीरौवालिनाविह्वलीकृतम्॥१६॥

भा॰टी॰ - वालिने ताराको अनादरकरिके युद्धकी इच्छाकिहेजो॰
सुग्रीवहै तिस्केपास आयके फिर दोनोंसे युद्ध होतीभई॰ तबवा
लिने सुग्रीवकों विह्वल करिदिया॥१६॥

श्लो॰ सुग्रीवंराघवोवीक्ष्यपूर्वोक्तेधनुषिप्रभुः॥ पु
नश्शिक्षोद्भवंज्ञानं बाणंसंयोज्यशीघ्रतः॥१७॥

भा॰टी॰ - सुग्रीवकों व्याकुल देखिके रामजीने पहिले वर्णन॰
भयाजो धनुष तिसपर फिरि सुंदरकर्मकोशिखाना रूप बाण ज
लदीचढायके॥१७॥

श्लो॰ वियोगकृतमज्ञानम्वृक्षंकृत्वापुरस्सरम्॥ आ
लक्ष्यहृदयंतस्यससर्जशरमुग्रिणम्॥१८॥

भा॰टी॰ -गुरुके वियोग करिके कियाजो अज्ञान सोई वृक्षहै॰ ति॰
सवृक्षकों आपने सामने करिके आप वृक्षके आडे होयके वालि

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

की हृदयकों देखिके शिक्षारूप बाण बडा कठिण तिस कूं छोडते भये॥ १८॥

श्लो० तेनाहतः पपाताशु दृष्ट्वा रामम्पुरस्थितम्॥ स्तुत्वा क्षमाप्य स्वाघं च प्राणान्तत्याज वानरः॥१९॥

भा·टी· - तिस बाण करिके मृत्युकूं प्राप्ति भयाजो वालि सो जलदी पृथ्वीमें पडगया· तब रामजीकों सामने देखिके अपना अपराध रामजीसें क्षमा कराय के प्राणकों छोडि दिया· गुरुदेवको वियोगको मरण भयासो सब जीव आनंदयुक्त भये॥१९॥

श्लो० चक्रुर्विलापन्ते सर्वे सुग्रीवाद्याः कपीश्वराः॥ जनिष्यति पुनस्सोयमिति शोकम्च चक्रिरे॥२०॥

भा·टी· - गुरुके वियोगरूप वालिके मरणकूं देखिके गुरुके उपदेशरूप सुग्रीव तथा सुग्रीव आदि औरजो वानर है सो विलाप करते· भये· कि यह गुरुको वियोगरूप फिर कभी जन्मेगा ऐसा चिंतनरूप विलाप करते भये॥ २०॥

श्लो० वालिनं निहतं श्रुत्वा तारा द्या वालिवल्लभाः॥ अंगदादिसुताः सर्वे विलापं चक्रिरे तदा॥२१॥

भा·टी· - वालिके मरणकों देखके गुरुके वियोगकी चिंतारूप तारा तिसकों आदि लेके और जो वालिकी स्त्री हैं सो सब तथा गुरुके वियोगकों शांति करनेकी उपाय रूपजो अंगद है तिस्कों आदि लेके सब वालिके पुत्र विलाप करते भये॥ २१॥

श्लो० शरणं कस्य यास्यामः कोस्मान्संगृह्य पालयेत्॥ एतादृशं विलापं च चक्रुस्सर्वे विमोहिताः॥२२॥

भा·टी· - अंगद विचार कियाकि जो गुरुके वियोगरूप वालिजीतारहा तब तो उस वालिकी शांति करनेकी उपायजो मैं हूं सो मेरेको सब·

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

जीव आदर देतेथे कि इस्को आदर करेंगे तो यह गुरुको वियोग रूप वालिको सांति कर्नेकी उपाय है और अब वालि मरगया हम किसकी शरण कूं जावें कोण हमारी पालन करेगा ऐसा विलाप करते भये॥२२॥

श्लो॰ निर्निंदराघवं तारापतिप्रेमपरायणा॥वियोगादर्शनंजातं तदेवनिन्दनं मुने॥२३॥

भा॰टी॰ - पतिके प्रेममें कुशल जो तारा है सो गुरुके वियोग कूं नही देखती भई सोई रामजीकी निंदा करती भई॥२३॥

श्लो॰ बोधितारामचंद्रेण ज्ञानं प्राप्य तदासती॥
गुरूपदेशस्यपतेस्सुखहर्षंजहर्षसा॥२४॥

भा॰टी॰ - तब रामजीने ताराकूं ज्ञान दिया तारा ज्ञान कूं पायके गुरुके उपदेशरूप जो सुग्रीव है तिस्के सुखके हर्षकूं पायके बहुत खुशी भई क्योंकि गुरुके वियोगकी चिंता तो ताराखुद है नित्य विचारतीथी कि यह गुरुको वियोग शांति होवे तब जीवोंको सुख होवे परंतु अज्ञानसें उसी वियोगकी स्त्री भई रही ज्ञान पायके जानलिया कि मेरा पति गुरुको उपदेशरूप सुग्रीव है॥२४॥

श्लो॰ परस्परंकृतावार्तातस्यवालेश्चतैस्तदा॥पराक्रमस्यनित्यस्यसहरामकपीश्वरैः॥२५॥

भा॰टी॰ - तब रामजी सहित सब कपियोंनें आपसमें वालिके पराक्रमकी वार्ता कर्ते भये कि देखो भाई वालि कैसा बली था कि गुरुकी महिमा कों वेदशास्त्र पुराण लोक ये सब तारीफ कर्ते है तिस गुरुको वियोग जीवोंसें करदेना यह बडे बलीको कर्म है

श्लो॰ सैववालेर्दाहक्रियाकृतातेनांगदेनवै॥राज्यं ददौततस्तूर्णंसुग्रीवायरघूत्तमः॥२६॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा॰टी॰ - ऐसी वार्ता सब करते भये सोई वालिकी दाह आदिक्रिया अंगद कर्ता भया॰ तब रामजीनें जलदी किष्किंधा पुरीको राज सुग्रीवकों देते भये॰ ॥२६॥

श्लो॰ राज्यासनस्थेसुग्रीवेकपीनांराघवप्रिये॥पुर्यांपूर्वस्वभावश्चनष्टोभून्नैवदृश्यते॥२७॥

भा॰टी॰ - रामजीका प्यारा सुग्रीव जब वानरोंका राजा भया तब किष्किंधा पुरीको स्वभावजो पेलरया कि गुरुमे खोटी बुद्धि देखना॰ सोस्वभाव नष्ट होगया॰ कहीं देखनेमे नही आता॰ किसी स्थान॰ पर गुरुमे सुंदर बुद्धि होगई किष्किंधापुरीकी ॥२७॥

श्लो॰ साराज्यप्राप्तिस्सुग्रीवेतत्सुखंमदवर्द्धनं॥गुरोर्वियोगमरणंदृष्ट्वारामोऽतिहर्षितः ॥२८॥

भा॰टी॰ सोई सुग्रीवकों राज्य प्राप्ति भयाहै तिस राज्य प्राप्ति में सुख सोई अभिमानकी वृद्धिहै॰ तथा गुरुके वियोग रूप वालिके मरणकूं देखिके रामजीभी खुशीहोते भये ॥२८॥

श्लो॰ विज्ञापनंचगुरवेचोपदेशायवालिजम्॥दातुंजीवान्युवराजंचक्रेरामोत्यनुग्रहः॥२९॥

भा॰टी॰ - बडे दयालु रामजीने अंगदकों युवराज करते भये॰ कि॰ जबकोई जीव गुरुसें उपदेश लेनेकों जावे तब अंगद गुरुदेवसें॰ अर्ज करे॰ किमहाराज आपसें उपदेश लेनेकूं जीव आयाहै॰ ऐसा॰ कर्म सोई युवराजहै॰ सो युवराज पदवी अंगदकों रामजी देते भये

श्लो॰ सएववासोरामस्यप्रवर्षणगिराबभूत्॥आत्मज्ञानंस्वपितरन्निर्मोहंभरतन्तथा॥३०॥

भा॰टी॰ - ऐसा अंगदकों युवराजपद देना सोई रामजीको प्रवर्षण पर्वतपरटिकना भयाहै॰ तथा रामजीने अपने पिता जो आत्मज्ञान

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

तथा निर्मोहरूप भरतकों ॥३०॥

श्लो० शक्तिपुत्रंवसिष्ठंचजानकीविरहन्तथा॥ एते षांचिंतनस्पर्शनमस्प्रीत्याप्तिहेतवे॥३१॥

भा·टी· - शक्तिके पुत्र जो वसिष्ठ तिनकों जानकीकी विरहको चिंतवन जैसा पिताको चिंतवन तथा भरतको मिलाप· वसिष्ठकोन मस्कार जानकी की प्रीति इनसबकर्मों में प्राप्ति होनेको॥३१॥

श्लो० विचारावार्षिकामासास्तत्सुखाश्चमनोहराः॥ संगतिम्प्राप्यदुष्टानांजानकीकिंकरिष्यति॥३२॥

भा·टी· -विचार करना सोई च्यारिमास वर्षा ऋतुके है उसी च्यार कर्म्मोमें सुख सोई वर्षा ऋतुकी शोभाहै· रामजीने ऐसेच्यार मास वर्षामें विचार करतेभयेकि दुष्टजीवोंकी संगत पायके जानकी क्याकरैगा॥३२॥

श्लो० भविष्यतिस्वधर्माद्वाविच्युतासाच्युताऽपिवा ईदृग्विलापोरामेनकृतःसंगतिकारणात्॥३३॥

भा·टी· जानकीको धर्म ईश्वरकी भक्ति उस भक्तिरूप धर्मकों छोडिदेवेगाकि नहीं छोडेगा ऐसाविलाप संगतिके कारणसें रामजी करते भये॥३३॥

श्लो० चतुर्णांचचतुर्णांचकिंचिन्मासागताःस्मृताः चत्वारोविगतान्मासान्नायान्तंकपिसत्तम॥दृष्ट्वा रामोद्रुतंप्रेम्नाप्रेषयामासलक्ष्मणम्॥३४॥

भा·टी· -पहिले वर्णन भये जोचारि महीने सो बीतिगये कारण· धीरज धरिके रामजी पिताकों वसिष्ठकों भरतकों जानकीकों चिंतवन मिलाप नमस्कार प्रीति इनसबको विचारको थोरा कर्म करते भये सोई च्यारिमासको बीतना भयाहै· परंतु सुग्रीव रामजीकेपा

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

पासनही आया॰ तब प्रेम करिके लक्ष्मणकों भेजते भये॰॥३४

इतिश्रीवेदान्तरामायणेपं॰शिवसहायबुधविरचि
तेकिष्किंधाकांडेचतुर्थोमोक्षोपानः॥४॥

श्लो॰ वरतन्तुरुवाच प्रेषणम्प्रेमरूपञ्च गम-
नंताद्विवर्द्धनम्॥ क्षुत्तृषासुखदुःखौच हानि
लाभौप्रियाप्रिये॥१॥

भा॰टी॰ - वरतन्तु मुनि बोले रामजीको प्रेम सुग्रीवकेऊपर बहु
तहै उसी प्रेमरूप सुग्रीवके पास लक्ष्मणकों भेजना भयाहै प्रे-
मकी वृद्धि सोई लक्ष्मणको सुग्रीवकेपास जाना भयाहै॰ क्षुधा
तृषा॰ सुख दुःख हानि लाभ॰ प्रिय अप्रिय॥१॥

श्लो॰ जीवनम्मरणंनिद्रायस्यापस्याद्यस्तथा॥
इत्याद्यश्चयेभावासर्व्वायेषांनविद्यते॥२॥

भा॰टी॰ - जीवन मरण॰ निद्रा॰ यश अपयश इन आदिजो औरस
वजीवोंके कर्महै जिनकी गिनती नहीहै॥२॥

श्लो॰ सर्वेषामंडजातानांनराणांचविशेषतः॥ एते-
सर्वेगुरो र्दृश्यामन्तव्याश्चविशेषतः॥३॥

भा॰टी॰ - सबजीवोंके येकर्महैं परंतु नरस्वरूप जीवोंकेतो बहु
तहै॰ येसबकर्म गुरूमें देखना॰ तथा मानना॰ किजैसा सबहै तै-
साही गुरुभीहै॥३॥

श्लो॰ तएवकपयः प्रोक्तास्तेरुद्धोलक्ष्मणस्तथा॥
गुरोयेदुष्टभावाश्चतैर्क्लेशैरपिसर्वशः॥४॥

भा॰टी॰ - सोई सबकर्म वानरहै रामकी संगति जिनकूं भईथी वो-
तोस्वभावकों छोडि देतेभये और जिनकूं रामकी संगत नहीं भई-

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

सो दुष्टरहे ऐसे दुष्ट कर्मरूप जो बंदर सो लक्ष्मणको रोकने लगे किस्किंधाके भीतर नहीं जाने दिये॰ पेस्तर कहे तृषाआदि आठ॰ औगुण गुरुमें देखना॰ सोई रीक्ष है॰ वोभी लक्ष्मणकों रोक लिहे॰४

श्लो॰ तेषांदुर्बुद्धिहरणंक्रोधंचक्रेरघूत्तमः॥ ताराङ्गदाभ्यामानीतोमारुतेनविशेषतः॥५॥

भा॰टी॰ -तिन सब दुष्टकर्मोंकी दुष्टबुद्धिको हरणरूप क्रोध लक्ष्मण करते भये॰ तब कपियोनें लक्ष्मणके क्रोधरूप उपदेश पायके बुद्धि सुंदर धर्ममें लगाते भये॰ खोटा कर्म छोड दीन्ही॰ गुरुकों ईश्वर मानने लगे तब तारा अंगद हनुमान येतीनो लक्ष्मणको आदर करिके सुग्रीवके पास लेगये॥५॥

श्लो॰ क्रोधशान्तिं कपीनांवैदृष्ट्वाबुद्धिंसुनिर्मलां॥ अहंगुरूपदेशोवेनान्योस्तिपृथिवीतले॥६॥

भा॰टी॰ -सुग्रीवनें लक्ष्मणकों देखिके आदर किया॰ तथा कपियोंके क्रोधकी शांति देखिके और बुद्धि सुंदर कर्ममें देखिके सुग्रीवनें ऐसा विचार कियाकि विवेकरूप रामजी सरीके मेरे मित्र और॰ गुरूको उपदेशमें बडे सुंदर कर्म करनेवाले मेरे सब कपि ऋक्ष अब मेरे सरीखा पृथ्वीपर कोई दूसरा नहीं है ऐसा सुग्रीवकूं अभिमान भया॰॥६॥

श्लो॰ तन्माननाशनंत्रासंकृत्वारामानुजःकपिम्॥ सर्वैःकपिवरैस्सार्द्धंयुवराजादिमारुतैः॥७॥

भा॰टी॰ -तब लक्ष्मणके सामने सुग्रीवको अभिमान नाश होना भया॰ सोई सुग्रीवको त्रास करिके सब वानर तथा सुग्रीव अंगद॰ हनुमानसहित॥७॥

श्लो॰ जांबवान्नलनीलाद्यैरानयितात्वरान्वितः॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

प्रवर्षणेनिपेतुस्तेरामस्याग्रेचवानराः॥८॥

भा॰टी॰ - जांबवान् नलनील आदि वानरोंसें बहुत देस देसके गुरुमें दुष्टकर्म देखनेवाले जो कर्म सोई वानर हैं तिनकों संगलेके प्रवर्षण पर्वत पर रामजीके सामने सब पडतेभये॥८॥

श्लो॰ विवेकदर्शनम्विप्रतेषांतत्पतनंस्मृतम्॥ पृष्टा रामेणतेसर्वेस्वकर्मकरणंसदा॥९॥

भा॰टी॰ - सब गुरुमें दुष्टबुद्धि करनेवाले कर्म देस देससें आय के विवेक रूप रामजीके दर्शन करतेभये सोई सबको पृथ्वीमें पडनाहै॰ तबरामजीनें सबके कर्मकी कुशल पूंछतेभये॥९॥

श्लो॰ चतुर्दिशस्समायाताः कपीनांयूथपास्तदा॥ असंख्यागणितुंशक्तानशेषेनापिकर्हिचित्॥१०

भा॰टी॰ - तब चारोंदिशासें और बहुत गुरुमें दुष्टकर्म देखनेवाले जो दुष्टकर्म रूप वानर सोभीआतेभये जिनोंकी गिनती करनेकी शेषकीभी सामर्थ्य नहीहै॥१०॥

श्लो॰ पूर्वोक्ताः कपयःसर्वेदृष्ट्वारामंचतत्यजुः॥ नमस्कृत्यस्वभावन्तेप्रयाताःसर्वतोदिशम्॥११॥

भा॰टी॰ सब कपि ऋक्ष रामजीकूं देखिके नमस्कार करिके अपना स्वभाव जो गुरुमें दुष्टकर्म देखना सो छोड देतेभये॰ गुरुको ईश्वर मानतेभये॥११॥

श्लो॰ सुग्रीवप्रेषिताःसर्वेजानकीशोधकारणे॥ निर्वंचनास्वभावश्चवृत्तिर्मासावधिःकृता॥१२॥

भा॰टी॰ - सुग्रीव करिके भेजेजो सब वानर रीछ जानकीकों शोधनेवास्ते चारों दिशाकों जातेभये॰ कपियोंको अपने स्वामीसें कपट नहीकरना ऐसे स्वभावकी वृत्ति सोई सुग्रीवने एक मास

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

का प्रमाण करते भये श्लोक ग्यारा तथा बारा का अर्थ मिला है॰ इस-
कुं युग्म कहते है॥१२॥

श्लो॰ जांववन्तं हनूमंतमंगदादीननेकशः॥ दक्षि
णांप्रेषयामासस्कग्रीवोजानकीकृते॥१३॥

भा॰टी॰ - जानकीकों शोधनेवास्ते सुग्रीवनें जांववान हनुमान
अंगद आदि बहुत वानरोंकों दक्षिणदिशाको भेजते भये॥१३॥

श्लो॰ धर्मादीनांशुभाचिन्ताश्चतस्रश्चदिशःस्मृताः
तत्प्राप्तिप्रेषणम्प्रोक्तंगच्छन्तंमारुतिम्प्रभुः॥१४॥

भा॰टी॰ - धर्मकी चिंता सो पूर्व दिशा है॰ अर्थकी चिंता सो दक्षिणदि
शा है॰ कामकी चिंता सो पश्चिम दिशा है॰ मोक्षकी चिंता सो उत्तरदि-
शा है॰ इन च्यारों अर्थ धर्म काम मोक्ष प्राप्ति होना सो कपियोंको भेज
ना भया है॰ हनुमान जाने लगे तब रामजीने॥१४॥

श्लो॰ रामोददावांगुलेयम्प्रीतिजम्प्रेमनिर्म्मलम्॥ ह
नूमतेप्रसन्नश्चप्रोचावचनंहरिः॥१५॥

भा॰टी॰ - रामजीकी प्रीति जानकीपर बहुत है उसी प्रीति करिके
उत्पन्न जो निर्मल प्रेम सोई मुँदरी है उस मुँदरीकों रामजीने हनुमा
नकों देते भये॰ तथा प्रसन्न होके हनुमानसें बोले॰

श्लो॰ देयाजनकजायैषात्वयातानसचेतसा॥ एता
म्प्राप्यध्रुवंदेवीविश्वासंतेकरिष्यति॥१६॥

भा॰टी॰ - हे सुंदर कर्ममें मोहरूप हनुमान यह मुँदरी तुम जान
कीकों देना॰ इस मुँदरीकों पायके जानकी तुमारा विश्वास करेगा॰ कि
यह कोई विवेकरूप रामजीको दास है॥१६॥

श्लो॰ तामादायययुः सर्वेनमस्कृत्यरघूत्तमम्॥
मासेपूर्णेनिवृत्तास्तुचिदिग्भ्यःकपयःशुभाः॥१७

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा॰टी॰ - तिस मुँदरीकों लेके हनुमान आदि सब कपि चलते भये एकमास बीतगया उसीदिन तीनदिशासें वानर आयके ॥१७॥

श्लो॰ समागत्यसमाचख्युरप्राप्तिंकपिसत्तमाः॥
जानक्याश्चुत्यतद्रामोलक्ष्मणश्चकपीश्वरः॥ त्रय
स्तेदुःखमापन्नास्स्वस्वकार्यविनाशनम्॥१८॥

भा॰टी॰ - सुग्रीवसें कहते भये कि हम सबतो जानकीकों आपनी२ दिशामें शोधनकिया॰ परंतु जानकी नहीमिली॰ ऐसी कपियोंकी वचनकूं सुनिके रामलक्ष्मण सुग्रीव बहुत दुःखी होतेभये॰ रामजी कातो जानकीका वियोग रूप दुःख भया और लक्ष्मणकों रामजीकी दुःख देखके दुःखभया॰ तथा सुग्रीवकों रामजीसें करारकियाहै॰ कि जानकीका शोधन मैंलगाऊंगा॰ सो दुःखभया ॥१८॥

श्लो॰ सुबोधितौरामकपीश्वरौतदाविमूर्छितौतो
षबलेनबन्धुना॥ दुःखम्परित्यज्यसुखेनसंयु
तौबभूवतुर्धैर्यबलेनतौतदा॥१९॥

भा॰टी॰ - मूर्छाकों प्राप्तिभये जोरामजी तथा सुग्रीव इन दोनोंकों संतोष रूप लक्ष्मण रामजीके भाईहै उन्होने ज्ञान देते भये तबज्ञानकों पायके रामजी तथा सुग्रीव दुःखकों त्यागिके धीरज धरिके सुखकों प्राप्ति होते भये ॥१९॥

इतिश्रीवेदान्तरामायणेकिष्किंधाकांडे शिवसहा
यबुधविरचितेसंवर्तवरतन्तुसंवादे जानकीशोधने
पञ्चमोमोक्षोपानः॥५॥ समाप्तश्चायंकिष्किंधाकांडः

अथसुंदरकांड प्रारंभः

श्लो॰ वरतन्तुरुवाच युवराजादयस्सर्वेकप-

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

योदक्षिणान्दिशम्॥ चक्रुर्विशोधनंतस्यागिरि-
दुर्गेष्वनेकशः॥१॥

भा॰टी॰ - वरतंतु मुनि बोलते भए अंगद आदिसब वानर दक्षिणदिशामेपर्वतोंके बडेबडे कठिन गुहा तिसमें जानकीको शोधतेभए॥१॥

श्लो॰ नकेषामपिसूक्तंचगृह्यतेयेनकारणात्॥स
गिरिः क्रूरताकर्मदुर्गमित्यभिधीयते॥२॥

भा॰टी॰ - जिस मूर्ख पणासें जीवमात्रकी सुंदर वाक्य नसुनै तथा बुरी वाक्य सुनै ऐसे स्वभावकों पर्वत संज्ञाहै उसी स्वभावरूप पर्वतमें बहुत बुराकर्म करै सो पर्वतोंकी कठिनगुहाहै॥२॥

श्लो॰ भ्रमतांकपिवीराणांशोधार्थंजानकीकृते॥
निर्वंचनास्वभावस्यगतामासावधिस्तदा॥३॥

भा॰टी॰ - पेस्तर वर्णन भएजोकपि तिन्होमें वीरजो अंगद आदि तिनकों जानकीके वास्ते शोधन करते २ निःकपटको स्वभावरूप जो मास एक कोप्रमाण सोवीतिगया॥३॥

श्लो॰ तां व्यतीतांसमालक्ष्यबभूवुर्दुःखसंयुताः॥
अंगदस्तुविशेषेणरुरोदपितृवर्जितः॥४॥

भा॰टी॰ जोप्रमाण सुग्रीव करिदियाथा मास १ जानकीकी शोधनकरिके आना ऐसे प्रमाणको वीतिगया देखि सब हनुमान-आदिकपि दुःखी होते भये तथा अंगदतो गुरुवियोगरूप पितासें हीनहै इसवास्ते रुदन कर्ता भया॥४॥

श्लो॰ जांववान्दुःखितान्दृष्ट्वासमस्तान्कपिसत्तमान्॥उवाचवचनंवीरोमायाचेष्टेतिदुःसहः॥५॥

भा॰टी॰ - बडाकठिन मायाको विचाररूप जांववान सो सब वान

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

रोंको दुःखी देखिके सब कपियोंसें बोलताभया॰ ॥५॥

श्लो॰ स्वभाववचनात्यक्त्वासर्वेजन्मावधिन्दृढां॥
कुर्वन्तांजानकीप्राप्तिर्ध्रुवन्नश्वभविष्यति॥६॥

भा॰टी॰ - अरेहे वानरो सुग्रीवनौ निःकपटस्वभावरूप एकमासको प्रमाण दियो सोनो बीतिगयो॰ अब जबतक आपन सब जीवे तबतककी प्रतिज्ञा करो॰ विना जानकीकी शुधि लिहे सुग्रीवकैपास नहीं जावेंगे॰ ऐसी दृढता करोगे तब निश्चय जानकी प्राप्ति होवैगा॰ ॥६॥

श्लो॰ ऋक्षेशवचनंश्रुत्वातथोक्तंकृत्यसादरम्॥जानकीशोधनेयत्नाःपुनर्वीरायुस्तदा॥७॥

भा॰टी॰ - जांबवानकी वाक्य सुनिके कपियोनें फिरि जानकीके॰ शोधनेवास्ते जातेभये ॥७॥

श्लो॰ मार्गेप्राप्तातदातेषांयोगिनीयोगतत्परा॥निर्वेचनायास्तनुजाबिलंकपटभेदनम्॥८॥

भा॰टी॰ - तब रस्तेमें एक योगिनी मिली॰ कैसी योगिनीहै निःकपटकी लडिकी॰ कपटको काटनारूप योगिनीकी बिलहै॥८॥

श्लो॰ निवृत्तसिद्धिस्सारव्याता पातालंतत्सुरवंमुने
॥तयाविश्वासमार्गेणसर्वेनिष्कासिताबिलात्॥
अपकृद्दृद्याःपूर्वंज्ञानपक्षास्तयाकृताः॥९॥

भा॰टी॰ - मोक्षकी सिद्धिरूपसो योगिनीहै॰ उसी मोक्षके सिद्धिमें जोसुख सो पाताल है॰ कपटको नाश करने वालीजोबिलिसोपातालमें मिलीहै॰ ऐसी निःकपटकी लडिकी योगिनी मोक्षकी सिद्धिरूप सो विश्वासरूप रस्ता करिके वानरोंकोउसबिलसें निकारिके बाहेर करि देती भई बाहेर करनाय हहैकि पेस्तर कपिकु छुत्तानन-

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

हीं जानतेरहे सो योगिनी कपियोंकों ज्ञानमें पक्काकरिदिया ९

श्लो॰ कपटोन्मूलनंतेषांतन्निःकाशन्निगद्यते॥
लंकाकनकहर्षोद्धितटेतस्युश्चवानराः॥१०॥

भा॰टी॰ -मोक्षकी सिद्धिरूपयोगिनी पूर्वोक्तजो वानरहै तिन्हो कीकपटकोंमूलसहित नाशकिया सोही बिलसें कपियोंका निकसनाहुआ॰ बिलसें निकसिकै लंका सरवको हर्षसो समुद्रहै तिसके तटपरवानरोने टिकते भये॥१०॥

श्लो॰ रामांगुलेयविश्वासदर्भविस्तीर्यतेनदा॥पृथिव्यांतउपाविश्यप्राणान्त्यक्तुंसमुद्यताः॥११॥

भा॰टी॰ -रामजीकी मुँदरी पासहै इससें सब वानरोकों विश्वास है कि हम लोगोकोंरामजी अपना कार्य सिद्धिविचारिकेतो हमारे दलमें मुँदरी दिएहै ऐसाविश्वाससोई कुशभया॰ तिसकुशको जमीनमें बिछायकै उसी कुश आसन परबैठिकैसब वानर प्राणत्यागनेकी तयारी करते भये॥११॥

श्लो॰ स्वभावक्रूरताप्राणंत्यजतांवनचारिणाम्॥
दैवयोगात्तदाप्राप्तस्संपातिर्गृध्रसत्तमः॥१२॥

भा॰टी॰ - वानरोंका स्वभाव बडा क्रूरहै तिसकों त्यागतेजो वानर उसी समयमें दैवयोगसें संपाति नाम गीध आताभया॥१२॥

श्लो॰ दुर्लक्षणजटायोश्चभ्राता दुर्गतिवर्द्धनः॥तन्दक्षाकपयःसर्वेस्वात्मानंतेनभक्षितम्॥१३॥

भा॰टी॰ -खोटा लक्षण जोजटायु तिस्का यह भाई खोटी गतिकों बढानेवाला बडीलोभरूप संपाति गीधहै॰ तिसबडीलोभरूपसंपातिकों वानरोने देखिकै अपनी २ देहकाभक्षण॥१३॥

श्लो॰ अमन्यन्त तदोक्तश्चयुवराजेनगृध्रराट॥सं

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

पातिश्चरितम्भ्रातुश्श्रुत्वा विह्वलमानसः॥१४॥

भा॰टी॰ - मानतेभए कियह दुष्ट हमसब लोगोंको खावैगा॰ तब अगदनें संपातिसें पहिलेकी सबबात कहतेभए संपाति जटायुको मरण सुनिके विह्वल होगया॰ विचार कियाकि जीवोंको षोटाल क्षण जटायु बडी लोभजोमें हूं तिस मेरा आदर करताथा॰ अब व हमरिगया जीवमात्रसब सुलक्षण होगए मेरेकों आदरकौन-देवैगा॰ इसवास्ते संपाति दुःखी भया॥१४॥

श्लो॰ कथित्वासस्वचृत्तांतं जानक्याश्चकपीन्प्रति॥
प्राप्तपक्षोयथौपक्षी स्वगतिन्त्वरितंखगः॥स्वस्था
वासार्ज्जवौप्रोक्तौगृद्धपक्षौशुभाशुभौ॥१५॥

भा॰टी॰ - अति लोभरूप संपाति अपनी हाल तथा जानकी की प्राप्ति होनेकी हाल कहिके संदरिअवस्थामें वास तथा बडी लोभको दुष्टस्वभाव छोडिके कोमलस्वभाव ए दो पक्ष प्राप्ति होके चला॰ गया॥१५॥

श्लो॰ कपीनांदर्शनफलादतिलोभंचत्यज्यसः॥
गतेगृद्धेनिरीक्ष्याथकपयस्सागरंतदा॥१६॥

भा॰टी॰ - कपियोंके दर्शनकेफलतें अति लोभकों त्यागिके संपा॰ ति महात्मा होगया तब गीधके गएपीछे वानरोंनें समुद्रकों दे॰ खिके सब॥१६॥

श्लो॰ एनमुल्लंघ्य कोवीरोलंकांगत्वाचजानकीम्॥
दृश्यारव्यास्यतिरामायजानकीकुशलंसुधीः॥१७

भा॰टी॰ - आपसमें विचारने लगेकि ऐसा वीर कौन है॰ जोवीर इस समुद्रकों कूदिके लंकाकोंजायके जानकीकों देखिके जा॰ नकीकी कुशल रामचंद्रसैं कहै॥१७॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो० स्वस्ववीर्यवदन्तिस्मसर्वेकपिवरास्तदा॥
गुरुमानवभावंवैकार्य्यकर्त्तुन्नतेक्षमाः॥१८॥

भा·टी· -गुरुकों मानुष्यसरीके देखतेथे वानर लोग सो वानरका पराक्रमहै उसी अपने २ वीर्यको समुद्रके लाँघने वास्ते आप समें सब वानर कहते भये· परंतु समुद्रकों कूदिके लंकाकों जा· यके जानकीकों देखिके फिरि समुद्रकों कूदिके जानकीकी हा ल रामजीसे कहनेको किसीकी सामर्थ्य नहीं होती भई॥१८॥

श्लो० दुःखितान्वानरान्वीक्ष्यप्रेरयामासमारुतिम्॥
क्लेशोरामचंद्रस्यप्रीतितृष्णासमुद्भवम्॥१९॥

भा·टी· -वानरोंकों दुःखित देखिके रामजीमें जोप्रीति तिसकी जो तृष्णा तिसतृष्णाके पुत्रजो हनुमान तिस्कों जांबवान आज्ञा· देताभया॥१९॥

श्लो० रामपादरतेर्मोहं हनुमन्तम्महाकपिम्॥ आ· रुरोहगिरिंवीरोरामनिन्दनरूपिणम्॥२०॥

भा·टी· - कैसे हनुमान है रामजीके चरणोंकी जोरति तिस रति में मोहरूपहै ऐसाजो हनुमानहै सो दुष्टजन रामजीकी निंदा करते है सोई निंदारूप पर्वतपर चढिगए॥२०॥

श्लो० दासाभिमानपादेनतमापीड्यमहागिरिम्
सिंन्धूल्लंघनकार्यार्थमारुरोहनभःकपिः॥२१॥

भा·टी· - हनुमानविचारेकि मैं रामजीके दास हों ऐसा दासको· अभिमान सोई हनुमानको पगहै तिसपगकरिकै रामजीको निं दनरूप पर्वतकों दाबिके समुद्रकों कूदनेवास्ते हनुमान आ· काशकों चढिगए॥२१॥

श्लो० कार्यसिद्धिंस्वतोज्ञात्वाचिंताशून्यंनभस्मृतं॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

पूर्वोक्तसागरे हर्षतोयवृद्धिप्रपूरिते॥ तिष्ठंतीव-
निताकाचित्कुकर्मरीतिरद्भुता॥२२॥

भा०टी० - रामजीके कार्यकी सिद्धि हनुमाननें आपसे जानि कैं चिं
ताको त्याग दिहे सो चिंताहीन हनुमानको चित्त सोई आकाश
भयाहै पेस्तर बर्णन भयाहर्ष सोई जलहै तिसजलकी वृद्धि क
रिकै पूर्ण जो समुद्र तिसमें कुकर्मकी रीति रूप कोई स्त्री बडी अ
द्भुत॥ २२॥

श्लो० सिंहिकासासमाख्याता तयाग्रस्तस्तदाकपिः
छायामार्गेणसावीरञ्च कर्षस्वान्तिकंहि सा॥२३

भा०टी० - सिंहिका उसका नाम सोस्त्री हनुमानकी छाया पकरिकै
अपने साम्नेको हनुमानकों षेंचि लेती भई॥ २३॥

श्लो० स्वच्छायांहनुमान्वीक्ष्य कार्यबुद्धिं दृढांकपिः॥
शीघ्रंगमनक्रोधेनकार्यविघ्नेन मुष्टिना॥२४॥

भा०टी० - रामजीके काजमे हनुमानकी बुद्धि बहुत दृढ है सोई ह
नुमानकी छायाहै तिस छायाकों ग्रसित देखिकै तब रामजीके
काज वास्ते जलदी जाना तिसमें विघ्न होना सो हनुमानके हात
की मुष्टि है तिस मुष्टिकरिकै॥ २४॥

श्लो० तांहत्वाचपुनर्गतुमारेभेसहसाकपिः॥ सुरै
र्जग्राहतंवीरम्प्रेषितासुरसासती॥ २५॥

भा०टी० - सिंहिकाकों मारिकै जलदी चलतेभए तब देवतों करि
के भेजीजो सुरसा सो हनुमानकों पकडि लिया॥२५॥

श्लो० सुकार्य्यभ्रांतिस्साज्ञेयामार्गन्देहीतितांकपिः॥
प्रोवाचनददौमार्गंसुमनस्त्वञ्चसायदा॥२६॥

भा०टी० - सुंदरकाजमेंजो भ्रांति होतीहै सोई सुरसा है तब सुर

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

सासैं हनुमान बोले हे सुरसे तूं सुंदर काजकी भ्रांति है सो मेरे सुंदरमनरूप रस्ता दे रामजीके काज करनेमें मेरे मनमें भ्रांतिरूप तूमति दिकु ऐसा हनुमान कहे जब सुरसाने रस्ता नहीं दिया२६

श्लो॰ तदा कपिस्तान्निर्भर्त्स्य गंतुकामः प्रचक्रमे॥
गच्छंतं साकपिं दृष्ट्वा भक्षितुं समनुद्यता॥२७॥

भा·टी· - तब हनुमान उसकों त्रास करिके जबरदस्तीसैं चलते भये· तब चले जात जो हनुमान तिन्को खावनेवास्ते उपाय करती भई

श्लो॰ रामकार्येषु विद्वेषन्तत्तस्या मुखवर्द्धनम्॥अ
हं द्रक्ष्यामि वैदेहीमिति हर्षरवन्तनुः॥२८॥

भा·टी· - रामजीके काजमें वैर सोई सुरसाको मुखको बढाना· भया· तथा हनुमानजी विचारेकि मैं जानकीकों देखोंगा ऐसा हर्षकी वृद्धि सोई जलदी हनुमानको भी देहका बढाना हुआ· ॥२८

श्लो॰ कपिना वर्द्धितस्तूर्णं ज्ञात्वा तस्य पराक्रमम्॥त
दास्यमदनाशश्च तन्मुखं विश्य तनुं कपिः॥२९॥

भा·टी· - सुरसा हनुमानके पराक्रमकौं देखिके तब सुरसाके मुखबढानेको अभिमान नष्ट होगया· तब हनुमान सुरसाके तनुरूप मुखमैं प्रवेश करिके ॥२९॥

श्लो॰ गन्तुकामन्निरीक्ष्यैव ददावाशिषमुत्तमाम्॥नि
र्मोहताशिषन्दत्वा गताकाशं च सा पुनः॥३०॥

भा·टी· - यह श्लोक युग्म है हनुमानकौं जाता देखिके निर्मोहरूप आशीर्वाद हनुमानकों देती भई कि हे हनुमान रामजीके चरणकेप्रीतिमें तुमारी मोह सदा बनी रहेगा· ऐसा कहिके आकाशकों जाती भई॥३०॥

श्लो॰ चिंतापानीयतद्वीर्यं सुरकार्यविवर्जनम्॥दुष्ट

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

कर्माण्यनेकानि तेषाम्मध्ये शतैस्तदा ॥३१॥

भा० टी० - तब हनुमान समुद्रके पार जाते भये कैसा समुद्र है हनुमानकी चिंतारूप जल सोई समुद्रको पराक्रम है देवतोंके कार्यकों कर्ने नही देना सोई अनेक दुष्ट कर्म है तिन दुष्टोंके मध्यमें शैकरौं १०० दुष्टकरिकें ॥३१॥

श्लो० महाबलैर्विस्तृतं च दुरीहजन्तुसंकुलम् ॥ ईदृशं सागरन्तीर्त्वागतः पारं च दक्षिणम् ॥३२॥

भा० टी० - बडे बलीकरिकै विस्तार होरहा है तथा दुष्टोंकों रातिदिन षोटेकर्ममें भाव सोई जलके जीव है तिन जीवों करिके व्याप्त होरहा है ऐसै समुद्रकों पार जायके समुद्रके दक्षिण तटकों हनुमान प्राप्ति भए. तीन श्लोक ३० तथा ३१ तथा ३२ कौ अर्थ मिला है सो कुलक है ३२

श्लो० मंस्यन्ति मातरं मेऽद्य धन्यामेतच्चराचरम् ॥ इतिहर्षं कपिर्मेने तद्दक्षिणतटं मुने ॥३३॥

भा० टी० - हनुमाननैं विचार कियाकि अभी यह संसारके चराचर जीव मेरी माताकों धन्य मानैंगे ऐसा हर्ष हनुमान आपने हृदयमें मानते भये सोई समुद्रका दक्षिण तट है ॥३॥

श्लो० संस्मृत्य रामस्य स्वरूपमद्भुतं कपीश्वरः सिंधुतटस्थितो बभौ ॥ अहं भविष्यामि द्वयोस्सुवीरयोस्सुकंठसन्तोषनुदोस्सदा प्रियः ॥३४॥

भा० टी० - हनुमान रामचंद्रके अद्भुत स्वरूपकों स्मरण करिके खुशी भये सोई समुद्रके तटपर टिके जो हनुमान तिनकी सोभा है जानकीकूं देखिके रामजीके पास जाउंगा तब रामजीकों तथा सुग्रीवकों बडा प्यारा होउंगा ऐसा आनंद मानते भये ॥३४॥

इति श्री वेदान्त रामायणे शिवसहाय बुधविरचिते

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

सुंदरकांडेप्रथमोमोक्षोपानः॥१॥

श्लो० वरतन्तुरुवाच सिंधोस्तटेसमासीनोवि
चारंकृतवान्कपिः॥ रामचन्द्रपदध्यानन्तद्विचा·
रंहनूमतः॥१॥

भा·टी· -वरतंतु मुनि बोले हर्षरूप समुद्रके तटपर हनुमान टिकि
के रामजीके चरणकोध्यानकर्ते भये· सोई ध्यान लंकामें प्रवेश कर
नेवास्ते हनुमानकोविचारकर्नाभया॥१॥

श्लो०रामचन्द्रपदद्वंद्वप्रीतितृष्णासुतस्यवै॥ जगतो
लघुज्ञानत्वंलघुरूपंचनद्भुतम्॥२॥

भा·टी· -रामजीके चरणमेंजो प्रीति उसी प्रीतिकी तृष्णा तिसके
पुत्र हनुमानसें अपनी हृदयमें ऐसाविचार करनेहैंकि तीनलोक
चौदाभुवन विवेकरूप रामसे थोराहै एरामजी सबसेबडेहैंऐसा
विचार सोई छोटा रूप भयाहै· ऐसे रूपकौं हनुमान धरिकै लंका
में प्रवेश कर्ते भये॥२॥

श्लो०दुष्टकर्म्मस्थितिं प्रीत्याहठात्सारावणालया॥
प्रविशन्तं कपिन्दृष्ट्वात्तर्ज्जयामाससानिजैः॥चिर·
संस्थैश्चरित्रैश्चदुष्टराक्षससंस्थितैः॥३॥

भा·टी· -तब हठसें षोटेकर्ममें प्रीतिसें टिकना ऐसीजो लंकारू
पराक्षसी सो लंकामें प्रवेश कर्तेजो हनुमान तिनकों आपनेचरित्र
करिकै डराती भई· कैसाचरित्रहै बहुत दिनोसें दुष्टराक्षसोंके·
संगवास रूपचरित्र॥३॥

श्लो०लंकाप्रवेशहर्षस्यया तृष्णाभूत्कपेस्तदा॥त·
यामुष्यामहावीरोहत्वाताम्प्राविशत्पुरीम्॥४॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा-टी- - हनुमाननैं लंकामें प्रवेश किए तब बडा हर्ष भया-उस हर्षमें जो तृष्णा सो हनुमानकी हात के मूठि भई उसी मूठि करि-के लंका राक्षसीकों मारिके लंकामें प्रवेश कर्ते भये ॥४॥

श्लो०जानकीशोकसविताजगामास्तन्तदाकपिः॥
कपेर्धैर्य्यमभूत्सायम्प्रवेशंहर्षवर्द्धनम् ॥५॥

भा-टी- -तबजानकीको शोकरूप सूर्यका अस्त होगया तथा हनुमानकी धीरजपण सोई सायंकाल होगया- हनुमान अत्यंत खुशी भए सो खुशी होना लंकामें हनुमानको प्रवेश भया है ॥५॥

श्लो० मदांधबुद्धिर्दैत्यानांरावणादिप्रतापिनां॥ सा-
निशाजानकींद्रष्टुंतस्याम्बभ्रामवानरः॥ ६॥

भा-टी- -रावण आदि लेकें बडे बडे राक्षसोंकी बुद्धि अभिमानकरिकें अन्धी होरही है सोई रात्रि भई तिस रात्रिमें जानकी के देखने वास्ते प्रेमरूप भ्रमण हनुमान करते भए॥ ६॥

श्लो०नापश्यज्जानकींतत्रब्रह्मभक्तिं कपीश्वरः॥रा
क्षसानांदुरावृत्तिस्साचिन्ताप्य भवत्कपेः॥ ७॥

भा-टी- - ब्रह्मकी भक्ति रूप जानकीकों नही देखे हनुमान तब राक्षसोंकी खोटी वृत्तिरूप चिन्ताको हनुमान प्राप्ति भये॥७॥

श्लो०चिन्ताग्रस्तःकपीशश्चजगामाशोकवाटिकाम्॥
कदापिदैवात्सत्संगोरावणस्यापिसंभवेत् ॥८॥

भा-टी- -उसी चिंता करिकें ग्रसित जो हनुमान सो अशोक बगीचामैं गए-कभी दैवयोगसें रावणकोभी सत्संग होजावैगा॥८॥

श्लो०यत्रकुत्रापितद्धर्षस्साऽशोकतरुरुच्यते॥त-
त्प्रीतिर्वाटिकाप्रोक्ताश्चान्येवृक्षास्त्वनेकशः ॥९॥

भा-टी- -जिसी किसीजगहपर ऐसा विचारमे जो हर्ष सो अशोक

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

नाम वृक्ष है॰ उसी हर्ष रूप अशोक वृक्षमें जो प्रीति सो अशोक बगीचा है तथा दूसरे कामके हर्षरूप वृक्षतो अनेक है ॥९॥

श्लो॰ तेसर्वेशोकवृक्षानांसुखाश्चामितशाखिनः॥
फलिनस्तरवश्चान्येदुःकर्मामोदरूपिणः॥१०॥

भा॰टी॰ - और जो वृक्ष अनेक अनेक प्रकारके है सो अशोक वृक्षोंके सुख रूप है॰ और पोटेकाजमें आनंद मानै ऐसा रूप वृक्ष फूलवाले भी है क्योंकि बगीचामें एकैरकमको वृक्ष नही रहता बहुत प्रकारके रहते है ॥१०॥

श्लो॰ पूर्वोक्तावाटिकामुख्याचेयमाभ्यन्तरस्थिता॥
राक्षसानांविलासायचान्यास्तासुचभूरिशः॥११॥

भा॰टी॰ - तथा अरण्यकांडमें जानकी केटिकाते वखत अशोकवाटिकाको वर्णन भयाहै॰ असिल वह है यहतो बगीचाके भीतर भी बगीचा रहताहै सो यह है॰ राक्षसोंको आनंद करनेवास्ते अशोव बगीचामे इस्से भी और बहुत बगीचा है॥११॥

श्लो॰ समारुह्यकपिर्वीरोद्रढिमानंतरुंसुधीः॥ददर्शतद्धोवीरोहर्षाशोकस्वरूपिणि ॥१२॥

भा॰टी॰ - हनुमानके हृदयमें ऐसी दृढता है कि मैं रामजीकोकार्य करूंगा॰ सोई एक वृक्ष है जिसके नीचे जानकी रहतीथी॰ तिसवृक्षपर हनुमान चढिके कभी हर्ष कभी शोक ऐसा हनुमानकीहृदयमें होताहै सोई उस वृक्षको नीचतल भया है ऐसे वृक्षकेनीचेजानकीको हनुमान देखते भये॥१२॥

श्लो॰ जानकीम्ब्रह्मणोभक्तिंजन्ममृत्युविनाशिनीम्॥
एकवेणीधरान्देवीरूपचिन्तास्वरूपिणीम्॥१३॥

भा॰टी॰ - कैसी जानकी है ब्रह्मकी भक्ति है॰ जन्म तथा मरणकेबा

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

धाकी नाशकर्नेवाली है. भगवानके रूपकी चिंता जानकी राति-दिन कर्ती है सोई शिरमें एक पाटी बनायके उसीपाटीको शिरमें धारण कियेहै॥ १३॥

श्लो० कृशितांराक्षसानाम्वैमुक्तिदानस्यचिंतया॥ बिभ्रतीम्मलिनंवस्त्रंरामचंद्रवियोगजं। दुःखरूपं विलोक्याशुजहर्षकपिसत्तमः॥ १४॥

भा-टी- - इनदुष्टराक्षसोंकामोक्ष कैसा होवैगा ऐसी चिंतारूप-सोई जानकी दुर्बल होरही है. रामजीको वियोगरूप मैलावस्त्र जानकीनें धारण कियाहै ऐसा दुःखरूप जानकी को स्वरूप हनुमान जलदी देखिके बहुत खुशी भए कि जानकी दुःखी है परंतु मैं दर्शन जानकीको पाया-इसवास्ते खुशी भए॥ १४॥

श्लो० आजगामतदावीरोरावणोराक्षसेश्वरः॥ जानकींस्वस्त्रियंकर्तुंतन्दृष्ट्वापिहितःकपिः॥ १५॥

भा-टी- - तबउसीवखत जानकीको रावण अपनी स्त्री बनानेवाला आताभया-तिसको देखिके हनुमान छिपिगए॥ १५॥

श्लो० दर्शयित्वाचसामादिरावणोवैपराजितः॥ न स्वीकृतन्तयासर्वाराक्षसीःप्रत्युवाचह॥ १६॥

भा-टी- - रावणने साम दाम दंड भेद जानकीको देखाय केहारि गया. जानकी रावणकी वाक्यको नहीं मानती भई. तब रावण-बोला हेदेवि मैभी भगवानको अंशहौं इति साम॥ हेदेवि मैभी तुमारा नामलेउंगा. इतिदाम. हेदेवि मेरी विनती नहीमानो तो मैं तो भ्रष्ट होगया हौं परंतु तुमकोंभी भ्रष्ट करिदेवोंगा इति दंड. आपनी प्रकृति रूपराक्षसीयोंको भेजिके जानकीके पास चुगली कराया. मेरी मंडलीमेंआइ जावो यहचारिभेद नहीमानी जानकी तो

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

राक्षसीयोंसें बोला रावण ॥१६॥

श्लो० द्विमासाभ्यन्तरेसीतानमद्वशमुपेष्यति॥तदास्याः कर्त्यचांगानिराक्षसेभ्यः प्रदास्यथ॥पूर्वोक्तराक्षसाप्रोक्तास्त्यागन्तत्तनुकृंतनम्॥१७॥

भा-टी- - दोमहीनेके बीचमे सीता हमारी बसमें नही आवेगातो इस जानकीकी देहकों काटिके राक्षसोंकों तुमसब मिलके देदेना जानकीकों लंकासे निकालिदेना-येही देहको काटनाहै-पहिले कहेहुए राक्षसोंकों जानकीकेरक्षावास्ते देना सोई देहकाटके देनाहै १७

श्लो० इंद्रियाणांचहीचेष्टौकर्मज्ञानेतिसर्वदा॥इत्युक्त्वाराक्षसीरक्षोजगामस्वालयशठः॥१८॥

भा-टी- - दसइंद्रियोंकी दोचेष्टाहै पांच ज्ञानेंद्रियस्वभाव पांच कर्मेंद्रियस्वभाव यहसदा है सोई दोमहीनाभयाहैं ज्ञानसें तथाकर्मसें समुझाओ-ऐसा राक्षसियोंसें कहिके रावणजो शठहै-सो अपनेघरकूंगया-॥१८॥

श्लो० गतेदशाननेसीताभिदेर्षाद्यास्त्वनेकशः॥राक्षस्यस्त्रासयामासुस्त्रासनन्तन्मदक्षयम्॥१९॥

भा-टी- - रावणके गयेपीछे परनिंदापराई इर्षा इन्हो आदि लेकेगिनतीरहितजो राक्षसी है सोसब अपना अनेकप्रकारकीमदकी क्षयरूपजो त्रास सोजानकीकों देनें लगीं॥१९॥

श्लो० वर्ज्जयित्वाचतास्सर्वास्त्रिजटावाक्यमब्रवीत्॥शत्रुत्रयविनाशायत्रिधाबुद्धिश्चसाम्मृता॥२०॥

भा-टी- - कामक्रोधलोभकी नाश करनेकी बुद्धिजो त्रिजटाहै सोरामजीकी प्यारीहै वहसब राक्षसीयोंकों मनाकरिकै बोलतीभई॥२०

श्लो० मात्रासयतवैदेहींरावणस्यकुलक्षयम्॥अचि

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

रेणैवमेदृष्टो राज्यातिश्चविभीषणे॥२१॥

भा॰टी॰ - अरे दुष्टिनी राक्षसीयों जनकपुत्रीकों त्रास मतकरो॰ रावणके कुलका नाश थोरेही दिनमें मैं देखतीहूं और लंका कोराज बिभीषणकों होवैगा येभी मैं देखतीहूं॥२१॥

श्लो॰ एवमुक्तास्तयासर्वा बभूवुर्निद्रयायुताः॥ जानक्यैशमनीम्बुद्धिन्दत्वागात्त्रिजटागृहम्॥२२॥

भा॰टी॰ - त्रिजटाकरिके इसप्रकार कहीजो राक्षसी हैं सो सब निद्रासे व्याकुल होयके सोगई॰ त्रिजटा जानकी प्रति सांति बुद्धि दैके॰ अपने घरकूं गई राक्षसीयोंका बुराकर्म छूटनासोनिद्रा॰ सोनाहै॥२२॥

श्लो॰ संसारसुखत्यागश्चत्रिजटागेहमुत्तमम्॥ तदादिसर्वरामस्यचरितंकपिरभाषत्॥२३॥

भा॰टी॰ - संसारके सुखको त्याग सोई त्रिजटाको घर है॰ त्रिजटाकेगएपीछे आदिसे रामजीको सब चरित्र हनुमान कहते भए॰२३

श्लो॰ श्रुत्वापिसर्वरामस्यचरितंकपिवर्णितम्॥ स्वपतिप्रीतिसन्त्यागाविश्वासंप्रापजानकी॥२४॥

भा॰टी॰ - कपिके मुखसें कहाजो रामजीका चरित्र सो संपूर्ण जानकीसुनी तोभी चित्तमें बिचारकियाकि मैंने आपने पतिकी प्रीतिरक्षाकर्नेवास्ते दूसरेकी वचन नहीसुननीहूं दुसरेकी बचनसुननेसें अपनेपतिकी प्रीतिको त्याग होताहै॰ ऐसा अविश्वास किया विश्वास नहीमानी॥२४॥

श्लो॰ जानक्यारामचंद्रस्यप्रीतिरत्यंतवल्लभा॥ तदुत्पन्नंचयत्प्रेमददौतद्धनुमान्कपिः॥२५॥

भा॰टी॰ - जानकीकेऊपररामजीकी बडीप्यारी प्रीतिहै तिसप्रीतिसें जोउत्पन्नभयाप्रेम सोमुद्रिकाहै उस मुँदरीकों हनूमाननें जानकी

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

कूं देतेभए ॥२५॥

श्लो॰ रामांगुलीयंसंगृह्यसकतंमेनेकपिंसती ॥ नि
तिक्षारूपसम्वादं चक्रतुः पुत्रमातरौ ॥२६॥

भा॰टी॰ - रामजीकी मुँदरी लेके जानकीने हनुमानकूं अपनापुत्र मानती भई दुष्टके कर्मकों देखके क्रोधनहीकरना ऐसीबात पुत्र जो हनुमान माताजो जानकी ये दोनो करतेभये ॥२६॥

श्लो॰ क्षद्रावणमिलापेच्छातयार्तोराजकन्यया ॥
अनुज्ञातोबभक्षाशुफलानिनिर्भयःकपिः ॥२७॥

भा॰टी॰ - हनुमानजीके रावणसें मुलाकात कर्नेकी इच्छा सोई भूखहै तिसभूखसें बडा दुःखी होके हनुमान जनककी कन्या जोजानकी तिस्सें आज्ञा मागिके और भयछोडिके फलखातेभये

श्लो॰ दुष्टकर्मादितरवः फलंतेषांपरार्दनम् ॥ तानु
त्पाट्यकपिर्वीरोभक्षित्वातत्फलानिच ॥२८॥

भा॰टी॰ - जुआ चोरी जहरदेना आगिलगाना इनकों आदिलेके औरजो बुरे कर्महै सोसब वृक्षभएहै तिनकों हनुमान मूलसें तोडिडाला इनवृक्षोंका फल क्याहै दूसरेकूं दुःख देना ऐसेफलोंको भीखाया त्रेता द्वापरमे एनष्टहोगये कलियुगमें पुनिभये ॥२८

श्लो॰ जगर्ज्जदुष्टनाशश्चराक्षसीभिर्निवेदितः ॥ गर्ज
न्वीरोमनश्चक्रेरावणंहंतुमुद्यतः ॥२९॥

भा॰टी॰ - बुरे कर्मको नाशरूप हनुमानको गर्जना भया तथाराक्षसीयोंने रावणसें सर्व हाल कहतीभई गर्जना करते करते हनुमानजी मनरूपरावणकों मारनेको विचार कर्तेभए ॥२९॥

श्लो॰ विवेकरूपस्यरघूत्तमस्यतृष्णासकतं प्रेम
रसस्यमोहः ॥ गर्जन्कपीशाधिपतेश्चदूतोवितर्क-

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

यामासदशास्यमृत्युम्॥३०॥

भा॰टी॰ -विवेकरूप रामजीके भजनकी तृष्णा के पुत्र हनुमान तथा रामजीके प्रेमके मोहरूप सुग्रीवके दूत ऐसे हनुमान रावणको मरणविचारते भए॥३०॥

इतिश्रीवेदान्तरामायणेसुंदरकांडेसम्वर्तवरतन्तुसंवादेशिवसहायबुधविरचितेअशोकवाटिकानाशोद्वितीयोमोक्षोपानः॥२॥

श्लो॰ वरतन्तुरुवाच राक्षसीभिःसमाश्रुत्यकपेःकर्मचरावणः॥ स्वपुत्रमक्षनामानंकलिंयाहीत्यनोदयत्॥१॥

भा॰टी॰ - वरतन्तु मुनि बोलते भए राक्षसियों करिके कथितजो हनुमान का किया कर्म तिसकों रावणने सुनिके आपना पुत्रजो सब जीवोंसे लडाई रूप अक्षनाम तिसकों भेजता भया॰ उससें कहाकि तूंजायके हनुमानकों पकडि ल्यावो॥१॥

श्लो॰ पित्राज्ञातोययौशीघ्रंकलहोरामपादयोः॥ तृष्णात्मजंचतन्मोहंददर्शस्वस्वरूपिणम्॥२॥

भा॰टी॰ - पिताकी आज्ञाको पाइके जलदी अक्षय कुमारगयाजायके बहुत हुसियार होयके टिकैजो हनुमान तिसकों देषा॰ कैसेहनुमानहै रामजीके दोनोचरणोकीजोतृष्णा तिसके बेटाहै॰ तथा रामजीकेपगकी जोमोह सोई हनुमानहै॥२॥

श्लो॰ सद्रोहोराक्षसेन्द्रस्यप्रासादोवाटिकास्थितः॥ तमारुदंकपिन्दृष्ट्वाहन्तुंसोभिप्रदुद्रुवे॥३॥

भा॰टी॰ - मनरूपरावणनें सुंदरकार्यमें द्रोह किया॰ सोईद्रोहरूप

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

अशोकबगीचामें हवेली है अक्षय कुमारनें तिस हवेलीपरबैठे जो हनुमान तिस्कों मारनेवास्ते दौडताभया॥३॥

श्लो॰ सहतः कपिवीरेणपपातधरणीतले॥ विरुद्ध बुद्धिसम्भूते दुर्वाक्येरावणात्मजः॥४॥

भा॰टी॰ - रावणकोपुत्रहनुमान करिकें माराथका सो भूमिमेंपडि गया॰ षोटीबुद्धिसें उत्पन्न जो षोटावचन सो भूमिऊपर कहातीहै तहां पडिकें मरिगया॥४॥

श्लो॰ किंचित्कलिंस्वतनयंहतंदृष्ट्वाचरावणः॥ दुश्चेष्टितंमेघनादं प्रेरयामाससत्वरः॥५॥

भा॰टी॰ - रावणने थोराकलहरूप अपना बेटा अक्ष तिस्कोंमरा देखिकें जलदी षोटे काजकी प्रीति जैसा दूसरेका सरव देखिके॰ जलना सोई मेघनादहै तिस्कों भेजताभया॰॥५॥

श्लो॰ सस्ते नकृतवान्युद्धंस्वस्वकर्मप्रशंसनम्॥ सत्तिरस्कारपासेन बबंधत्वरितंकपिम्॥६॥

भा॰टी॰ - मेघनादनें अपने कुलकी तारीफकिया॰ तथा हनुमान॰ नें रामजीकी समाजकी तारीफ किया॰ ऐसी युद्ध दोनो कर्ते भए॰ तिस पीछे साधुलोगोंको जो अनादर सोई पास भयाहै तिस पाश करिकें हनुमानकों बांधताभया॥६॥

श्लो॰ रामचन्द्रविरुद्धेच्छासासभारावणस्यच॥ कपिर्बद्धोययौतांचतेनानीतोदुरात्मना॥७॥

भा॰टी॰ - रामजीके संगविरुद्ध करनेकी इच्छा सोई रावणकीस॰ भाहै सोरवोटे काजमें प्रेमरूप मेघनाद उसी सभामें बंधे हुए हनु मानकूं लेगया॥७॥

श्लो॰ मनसारावणेनैवपृष्टः कस्त्वमिहागतः॥ कि

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

मर्थ्यकाननन्भष्टं कृतंतेमेसुतोहतः ॥ ८॥

भा० टी० - मनरावण हनुमानसे पूछनै लगा तूं कौनहै इहां क्यों आया और अशोकवाटिकाको नाश क्यों किया तथा हमारे पुत्रकों क्यों मारा ॥ ८॥

श्लो० इतिपृष्टस्तदोवाचनिर्भयोहनुमान्कपिः ॥ दूतोहंरामचन्द्रस्यनिर्मोहोहनुमान्कपिः ॥ जानकीदर्शनायात्रप्राप्तस्सुग्रीवप्रेरितः ॥ ९॥

भा० टी० - मैं विवेकरूप रामजीको दूत हौं हनुमान मेरा नाम है गुरुको उपदेशरूप जो सुग्रीव उन्ने जानकीकों देखने वास्ते मेरे कौं लंकामें भेजा है ॥ ९॥

श्लो० इत्युक्तस्ताडयामासरावणोराक्षसैस्तदा ॥ कपिम्विषयजैस्सौख्यैर्गणनावर्ज्जितैर्म्मुहुः ॥ १०॥

भा० टी० - हनुमानकी वाक्य सुनिके गनती सैं हीन जो विषय कौ सुख तिसकरिके रावण राक्षसोंसें हनुमानकों मराताभया ॥ १०

श्लो० रामचन्द्रपदप्रीतितृष्णापुत्रस्यदाहनम् ॥ विचार्यराक्षसाश्चक्रुस्तत्पुच्छेवस्त्रवेष्टनम् ॥ ११॥

भा० टी० - रामचंद्रके चरणकी तृष्णा तिसके पुत्र हनुमान मोहनामऐसे हनुमानकों भस्म करने वास्ते खोटा कर्मरूप सब राक्षस हनुमानकी पुच्छमें वस्त्र लपेटते भये ॥ ११॥

श्लो० रामसेवासुखेहर्षं तल्लांगूलं कपेस्मृतम् ॥ दुष्टकर्मसुखैर्वस्त्रैर्वेष्टित्वाग्निंसमाददुः ॥ १२॥

भा० टी० - रामजीकी सेवामें जो सुख तिस सुखको हर्ष सोई हनुमानकी पुच्छ है तिस पुच्छमें खोटे कर्मोंमें जो सुख सोई कपडा भया है तिस कपडेकों हनुमानकी पुच्छमें लपेटिके अग्नी लगाय

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

देतेभये ॥ १२ ॥

श्लो० स्वशक्त्यभावः कार्येषुसोग्निरित्येवकीर्त्यते ॥
चिंताप्रजागरन्तैलंरज्ज्वक्षशोकमुत्तमम् ॥ १३ ॥

भा०टी० -थोडे काजोमें राक्षसोंकी शक्ति नष्ट होगई सो अग्नि भई तथा राक्षसोंकों चिंता करिके नींद नही आती सो तेल है अक्षय कुमारकी शोक सो वडी पुष्ट रस्सी है तिस रस्सीसें पूंछिमें वस्त्रकों बांधिके अग्नी लगाय देतेभये ॥ १३ ॥

श्लो० ग्रहणंहठसंवेगोभ्रमणञ्चदुरासदम् ॥ हस
नंराक्षसानांवैरामचन्द्रपराजयः ॥ १४ ॥

भा०टी० - राक्षसोंकी हठकी वृद्धि सोई राक्षसों करिके हनुमानकों पकडना भयाहै राक्षस बडे दुःखसें जीतवे योग्यहै ऐसा दुष्टोंकोबल सोई लंकामें हनुमानको भ्रमण कराना भयाहै रामजीकों हमजीति लेवेंगे ऐसा राक्षसोंकों विचार सोई हास्य भयाहै ॥ १४ ॥

श्लो० राक्षसानांकुकर्माद्यास्तेसर्वेन्यायकौशलाः ॥
तएवताडनाभूरिकपेर्हर्षविवर्द्धनाः ॥ १५ ॥

भा०टी० - राक्षसोंकी थोडे कर्मआदि लेके चतुराई सोई हनुमानके हर्ष बढानेवाला ताडना भयाहै ॥ १५ ॥

श्लो० एतैश्चान्यैश्चबहुभिश्शरीरस्थैश्चराक्षसैः ॥
प्रेरितैर्दशभालेनसंमोहरभासितः कपिः ॥ १६ ॥

भा०टी० - इनसें औरभीजो शरीरमें बहुत से राक्षस टिके हैं सोसब मनरावण की आज्ञा पायके रामजीके प्रेमके मोहरूप जो हनुमान तिसकों त्रास देतेभए ॥ १६ ॥

श्लो० भ्रामितोहसितश्चैवताडितोगपिप्रकुत्सनैः ॥ सं
मोहोहनुमानापशान्तिंरामप्रक्रोधतः ॥ १७ ॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा॰टी॰ - रामके प्रेमके मोह रूप जो हनुमान सो दूसरे जीवोंकोंदु
ख देनेवाले राक्षसों करिकैं धुमाए गए तथा माराजाता भए तथा
हंसे जाते भए तौभी विवेकरूपरामजीकेक्रोधतें शांतिकों प्राप्तिभ
ए॰ विचार किहेकि लंकामेंजो मैकुछ ज्यादाउत्पात करोंगातो रा
मजी मेरी दुर्गति करैंगे ॥१७॥

श्लो॰ नकिंचिद्राक्षसान्सर्वान्मन्यतेकपि सत्तमः॥
लघुनाकृतरूपेणपाशान्निर्गत्यतत्क्षणे॥१८॥

भा॰टी॰ - हनुमानने राक्षसोंको कछुभी बलवान नहीगननेथे
यहजो राक्षसोंकी लघुता सो हनुमानको लघुरूप भयाहै ऐसा
लघुरूप धरिकै हनुमान उसी वखत राक्षसोंकेपाससें निकलगए

श्लो॰ दुष्टकार्यस्थितिंप्रीत्याहवज्जांहनुमान्कपिः॥
ददाह लंकान्नगरींराक्षसानांप्रपश्यताम्॥१९॥

भा॰टी॰ - बुरेकाजोंमें हठसें प्रीतिसें टिकना ऐसी लंकाहै तिस॰
लंकाकों राक्षसोंके देखते २ हनुमान भस्मकरिदेते भए॥१९॥

श्लो॰ पूर्वबुद्धिपरित्यागस्सेवदाहोविकथ्यते॥नि
न्दर्षाभूरितृष्णाद्या दुष्टकर्मरतिस्सदा॥परवित्त॰
कलत्रादिस्पृहाचसततंहृदि॥२०॥

भा॰टी॰ - हनुमानकी त्रासतें राक्षसोंकी पेस्तर वाली बुद्धि कों॰
थोरा थोरा त्यागना सोई लंकाको जलानाभयाहै तथा परजीवकी
निंदा इर्षा बहुत तृष्णा बुरेकाजोमें प्रीति सदा करना दूसरेको धन
स्त्री आदि हरण करनेकी सदा इच्छा करना ॥२०॥

श्लो॰ एवमाद्यास्तसंख्याताराक्षस्योभुवनत्रये॥ग्रं
थवृद्धिभयाच्चैवनोक्तास्सर्वामयाधुना॥२१॥

भा॰टी॰ - इनकों आदिलेकै गनती नहीजो कुकर्ममेंप्रीति सोरा

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

क्षसी तीन लोकमें भई है. सब राक्षसीयों का वर्णन करे तो ग्रंथ बहुत बडा होजावैगा. इस भयसें नही मैंने वर्णन किया ॥२१॥

श्लो० भयन्तासांविलापश्च मदहानिश्चरक्षसां ॥ पुच्छशीतलतासाच लंकादुःखमनेकधा ॥ रूपभक्तेश्वजानक्यास्सेवास्वासनकपुनः ॥२२॥

भा-टी- - लंकाकों जरती देखिके राक्षसी सब बहुत डरिगई सोई राक्षसीयों को विलाप हुवा तथा राक्षसोंके मदको नाश भया सोई हनुमाननें पूंछि बुझायके ठंढी करते भए. औरजोजीव लंकामें बसेथे सबको बहुत दुःख भया सोई हनुमाननें फिरि जानकीकों विश्वास देते भए ॥२२॥

श्लो० पुत्रप्रीतिम्महावीरेताम्मणिंजानकीददौ ॥ तां गृहीत्वानमस्कृत्य तूर्णंचलितुमुद्यतः ॥२३॥

भा-टी- - जानकीने हनुमानमे पुत्र सरीके प्रीति करतीभई सोई चूडामणि है. तिस मणिकों हनुमानकों दिया. जानकीनें. उस मणिकों हनुमान लेके रामकेपास चलते भए ॥२३॥

श्लो० कार्यसिद्धिंस्वतोवीक्ष्य हर्षंचक्रेकपिस्तदा ॥ तदेवलंघनंसिन्धोः पुनराभून्मुनीश्वर ॥२४॥

भा-टी- - हनुमाननें अपने पराक्रमको देखिकें खुशी भए सोई. फिरि समुद्रकेउत्तरपार आना भया ॥२४॥

श्लो० गुरुदेववियोगस्यशान्त्युपायांगदस्यच ॥ आस्वासनंकपिश्चक्रेस्वचरित्रप्रवर्णनैः ॥२५॥

भा-टी- - गुरुके वियोग शान्तिकी उपायजो अंगद तिस्को हनुमान जो लंकामें कर्म किया उस कर्म रूपविश्वास देते भये ॥२५॥

श्लो० कपेर्गुरूपदेशस्य विशङ्काचरणंगुरौ ॥ तत्रव्या

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

तंकाननंतस्यकदापिविच्युतम्फलम् ॥२७॥

भा॰टी॰ - गुरुकोउपदेशरूप सुग्रीव निस्कों नित्य गुरुके पूजनमें शुद्ध आचार सोई सुग्रीवको मधुनाम वगैचाहै दैवयोगसें सोई आचार कभी क्षण भरेको नष्ट होजाताहै सोई फलहै ॥२६

श्लो॰ तस्यैवभक्षणञ्चक्रुः कपयोंगदप्रेरिताः ॥ गुरावाचारमननध्यानचिन्तनकीर्तनाः॥२७॥

भा॰टी॰ - क्षण भरेको आचार नष्ट होजाताहै सोई फलकों अंगद की आज्ञापायकै कपियोंने खाते भए गुरुके चरणमें आचार मानना॰ ध्यान चिंतन कीर्तन करना॥२७॥

श्लो॰ एतेवनेशाः कपिना कृतारक्षापरायणाः॥ एते पुचकदालस्यास्तेन्यूनवनयार्द्दिताः ॥२८॥

भा॰टी॰ - ध्यान आदि इन्होंकों सुग्रीवने वनको मालिक कियाहै एसब गुरुके आचारके रखनेमें बडेचतुर हैं॰ इन्कोंजो कभी आलस्य होजातीहै सोवनके रक्षाकरनेमें छोटे मालिकहैं॰ उनकोंकपिलोगोनें मारतेभए॰॥२८॥

श्लो॰ निपीडितास्तेवनपाः कपीश्वरैर्विप्लुत्यमानास्वलितामुहुः पथि॥ सुग्रीवमूचुः करुणापरास्तदातत्काननस्यैवविनाशनमुने॥ २९॥

भा॰टी॰ - हेमुनिजी कपियोंसें पीडितजो पेस्तरवर्णन हुए बगीचाके रक्षाकरने वाले सो सब अपनादुःख तथा बगीचाको नाशसुग्रीवसें कहते भए॰ २९॥

इतिश्रीवेदान्तरामायणेसुंदरकांडे संवर्तवरतन्तुसंवादेशिवसहायबुधविरचितेकपिमधुवनफलभक्षणेतृतीयोमोक्षोपानः॥३॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो० वरतन्तुरुवाच तेन्यूनवनपास्सर्वेप्रेरि-
तैः कपिभिरुत्तदा॥ अंगदेनभृशञ्चैव ताडितावि
मदुद्रुवुः॥ तेषांविस्मरणान्नष्टस्मरणाभिश्च-
ताडना॥२॥

भा-टी- - वरतनु मुनि बोले अंगदकी आज्ञाकों पायके कपियोंनें व
नमेंजो छोटे २ मालिक तिनकों मारते भए- मारना क्याहै एसर्वध्यान-
आदिस्कंदरकर्मोंकों गुरुदेवमें भूलिजातेरहे सो भूलना नष्टहोग-
या- अब ध्यानआदिको स्मरण नित्यकरैंगे एई मारनाहुआ- इसप्रका
रसें ताडनाकी प्राप्तिजो वनके रखानेवाले सो भागतेभए॥१॥

श्लो० कम्पनम्पूवनम्प्रोक्तंप्राप्योचुःकपिसत्तमं॥
सर्वंकपिकृतंश्रुत्वाकपीशोहर्षमाययौ॥२॥

भा-टी-वनकेरखवा लोंकेहृदयमें ध्यान आदिकी आलस्य कांपनेलगी-
सोईतिनको भागनाहुआ- इसप्रकारसें भागिके सुग्रीवसें सब हा-
लकहतेभए कि हमारीसबकी अब पूर्व देहको लक्षण- नष्टहोगया-
सोई कहना भयाहै- वानरोंके कर्मकों सुनिके सुग्रीवकों बडाहर्ष
प्राप्ति हुआ- ॥२॥

श्लो०स्वात्मानमचलंमेनेकपिस्तद्धर्षमुच्यते॥स्वप
क्षवर्द्धनंज्ञानंतत्प्रभंराघवस्यच॥३॥

भा-टी- - सुग्रीवने अपनेरूपकों अचल मानते भए-किजो दुष्टकर्म
गुरुदेवकी आज्ञासें मेरेकोंदूरिकर्तेथे सो धीरे २ नाशभएचलेजातहै
यहसुग्रीवको हर्षहै तथा रामजीनें अपनापक्षजो ज्ञान- विराग- स
त्संग- यमनियम- इन्हो आदि लेके सुंदर कर्मोंकी वृद्धि मानतेभए
सोई सुग्रीवसें रामजीको प्रभ भयाहै॥३॥

श्लो०एतस्मिन्नंतरेचैवकपयस्तेसमागताः॥स्वस्वभा

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

वंपरित्यज्ज्यपतिताराघवान्तिके॥ ४॥

भा-टी- -ऐसी आनंद समीमें पेस्तर कहेहुए जो वानर सो सब अपने अपने स्वभावकों छोडिके रामजीके सामने पडिजातेभए॥४॥

श्लो० पृष्टारामेनतेसर्वेकुशलम्वद्भिरेतदा॥ कृपया तवराजेंद्रवयम्भिर्मलिनंकृताः॥५॥

भा-टी- - विवेक रूपरामजीनें वानरोंसें कुशल पूछे तो वानर बोले कि, हेरामजी जिसदिन हमारे सर्वके ऊपर आपकी कृपाभई उसीदिन गुरुमें बुराकर्म देखना इससे आदि औरजोकर्म ऐसे वानर रिक्ष हम सर्वजो हैसो आपने मलरूप स्वभावते छूटिगए॥५॥

श्लो० प्रोवचहनुमान्सर्वंलंकावृत्तांतमादितः॥ स्वस्मिन्तनयप्रीतिंचजानक्यामणिमाददौ॥६॥

भा-टी- - लंका कोसमाचार सब हनुमान रामजीसें कहते भए आपनेकुं जानकी लडिका मानिकेपुत्रवालीप्रीतिकियासोई पुत्रकी प्रीति मणि भईहै सो मणि हनुमानकों देती भई सोईमणि हनुमानने रामजीकोंदिया रामजीनें मणिपायके खुशी भए॥६॥

श्लो० जानकीबालकोयम्वेप्रेमरूपंपुनःपुनः॥ उवाचरामस्तम्प्रीत्यातत्तदादरमुच्यते॥७॥

भा-टी- - रामजीवारंवार सबसें कहते भएकि जानकीको ब्रह्ममेजो प्रेम सो पुत्ररूप हनुमान है ऐसी रामकी वाक्य सो हनुमानको आदर भयाहै॥७॥

श्लो० गुरौदुर्भावनात्यक्ताकप्यृक्षेश्वरभावना॥ कृतावसेवसेनायायोजनागणनाशुभा॥८॥

भा-टी- - जीवोंको गुरुदेवमें दुष्टभाव छूटिगया सुंदरभाव करनें लगेकि हमारेगुरु साक्षात् ईश्वरहै ऐसीजीवोंकी बुद्धि सोई सेनाकीग

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

नती तथा लंकाको चलना भयाहै॰॥८॥

श्लो॰ दुष्टकर्मस्थितिप्रीतिलंकासौख्यस्यकांचनं॥
तद्धर्षवारि धेर्नाशचिंतासातत्रसंस्थितिः॥९॥

भा॰टी॰ - खोटेकाजोमें हठकरिके टिकना॰ ऐसीजो लंका तिस॰ का सुख सो सुवर्ण तिस्को हर्ष सो समुद्र ऐसे समुद्रके नाश करनेकी चिन्ता सोई समुद्रके तटपर रामजीकी फोजको उतरना होताभया॰

श्लो॰ कुकर्मत्रासरूपेण बोधितश्चदशाननः॥ भ्रा॰
त्राविभीषणेनैवतेननिष्कासितोबलः॥१०॥

भा॰टी॰ - बुरेकाजमें डरना सो बिभीषण है॰ सो मनरूप रावणकों॰ बिभीषणनें ज्ञान दिया॰ कि भाई सुंदरकर्म करो॰ बुराकर्म छोडि देवो॰ ऐसी वचन सुनिके लंकासें बिभीषणकों रावणनें निकासि दिया॰ बुराकर्म कर्नेमें राक्षस भयसें हीन भये सोई बिभीषणकों लंकासैं निकारना हुआ॥१०॥

श्लो॰ सत्यार्जवनिरानन्दाहिंसनास्तस्यमंत्रिनः॥स
मायान्मंत्रिभिश्चैतैश्शरणंराघवस्यवै॥११॥

भा॰टी॰ - सत्यवचन॰ कोमलस्वभाव॰ अभिमानहीन चित्त॰ जीवमात्र की दया यहचारि बिभीषणके मंत्रीहैं॰ इनचारोंकों संगलेके रामजी की शरण आया॥११॥

श्लो॰ नाम्नश्चार्थमविज्ञातंकपिभिस्तस्यकर्हिचित्॥
त्रासन्दास्यत्ययन्तस्मान्नोऽतश्चक्रुर्निवारणम्॥१२

भा॰टी॰ - कपियोनें त्रासरूप बिभीषणके नामको अर्थ कभी नहींजाणते थें यहजानते थेकि त्रासरूप राक्षस सबकों त्रास देताहै॰ विचारकि हेकि, यह आवैगातो हमसबकों त्रास देवैगा॰ इसवास्ते रामजीकेसामने बिभीषणकों नहीं आनेदिए॥१२॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो० आज्ञप्तारामचन्द्रेणबोधिताश्चापिवानराः॥क
पयश्चानयामासुस्तञ्चराक्षससत्तमम्॥१३॥

भा·टी· - रामजीवानरोंसें बोलेकि यह विभीषणसबकों त्रासनहीं देता·एतौ खुद्दबुरेकाजसें डरताहै इस्कोल्यावो·ऐसारामजीसें ज्ञानपायके विभीषणकौंरामजीके पास लेआए॥१३॥

श्लो० ईश्वरप्राप्त्युपायस्यमूलम्प्राप्यजहर्षसः॥स
एवपातोरामस्यपादाग्रेतस्यवर्णितः॥१४॥

भा·टी· - ब्रह्ममें प्राप्ति होनेकी उपायको मूल रूपविवेक रूपरामजी जिनकोपायके विभीषण खुशी भया सोई रामजीके चरणके साम्नेवि भीषणको पडिजानाहुआ॥१४॥

श्लो० लंकायाशिक्षणार्थायलंकाराज्यंददौहरिः॥
भविष्यतिचसालंकासाधूनाम्प्राणवल्लभा॥१५॥

भा·टी· लंका को भगवानकीसेवनआदि सुंदरकर्मशिखाने वास्ते· लंकाकोराज रामजीनें विभीषणकौंदियाकि लंकाको राजा विभी षण होवैगा·तोयह लंका साधु लोगोंकों प्राणसें प्यारी होवैगा·ऐ साविचारिकें॥१५॥

श्लो० लंकासुरवहिरण्यस्यहर्षवारिधितारणे॥ई·
श्वरप्रार्थनारूपम्विचारंकृतवान्प्रभुः॥१६॥

भा·टी· - लंका कोसुरव सोई सुवर्णहै तिसकरिके लंकाजडीहै· उससुवर्णमें हर्ष माननासो समुद्रहै जैसासमुद्रको पारनहीं तैसा ही हर्षकोपारनहीं ऐसेसमुद्रकेपार जानेवाले इश्वरकी विनतीरूप· विचार रामजीकर्तेभए॥१७॥

श्लो० एतस्मिन्प्रेरितोशीघ्रमागतौशुकसारणौ॥राम
सेनांरावणेनकृतघ्नगुरुद्रोहिणौ॥१८॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा-टी- - ऐसाविचार रामजी करिरहेहैं उसी वखत रावणकी आज्ञापायके जलदी शुक सारण ये दोराक्षस रामजीकी फौजमें आये- शुक तो कृतघ्नरूपहै- जोउपकार करैउसकों नाहीमानै- और सारण गुरुसें द्रोह करताहै तिसकारूपहै॥१७॥

श्लो॰ दूतौदशाननस्यैतौ कृतघ्नगुरुद्रोहिणौ॥ कप यस्ताडयाञ्चक्रुर्ज्ञात्वाकपिनृपाज्ञया॥१८॥

भा-टी- - ये दोनो कृतघ्नतथागुरुद्रोहरूप रावणके दूतहैं ऐसाविचारिकें सुग्रीवकी आज्ञा पायकें वानर मारने लगे॥१८॥

श्लो॰ स्वकर्मणि हयोः प्रीतिर्यापुराजन्मतोऽप्यभूत् रामदर्शनमात्रेणविनष्टासाचताडना॥१९॥

भा-टी- - कृतघ्न तथागुरुद्रोहरूप शुक सारणको स्वभावकिउपकारकोनहीं मानना तथागुरुको द्रोह करना- ऐसीजो दूतोंकी अपना२ कर्ममें प्रीति रहीसो प्रीति रामजीके दर्शनसे नष्ट होगई- सोई शुक सारणकी ताडना हुई॥१९॥

श्लो॰ मोचितौरामचंद्रेणगतौरावणसन्निधिम्॥- रव्यापयांचक्रतुस्सर्वंरावणायथाक्रमम्॥२०॥

भा-टी- - रामजीने दूतोंकों कपियोंकी त्रासतें छुडाय दिया- तब दूनो दुष्ट निर्मल होकें रावणसें रामजीकी हाल जो देषिगएं सो सब- कहते भये॥२०॥

श्लो॰ पूर्वप्रकृतिनिर्मुक्तौतदेवमोचितौतदा॥ तिरस्कृतौरावणेन कुसंगत्यागकारणात्॥२१॥

भा-टी- - पहिलेके दुष्टस्वभावसें दूनो छूटिगए सोई कपियोंकी त्राससें रामजीको छुडानाहुआ- तथाषोटीसंगतिसें छूटिगए सोई रावणसें अनादरपायकें॥२१॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो० शरणंरामचन्द्रस्यसमायातौपुनर्द्रुतम्॥रा
मसंगतिजं सौख्यंप्रापितौमुक्तिकारणम्॥ २२॥

भा०टी० - शुकसारण जलदीरामजीकी शरण आते भए० मुक्तिको बीज ऐसाजो रामजी को संग तिसमें उत्पन्न हुआ सुख उससुखको प्राप्ति होते भए ॥ २२॥

इतिश्रीवेदान्तरामायणेसुंदरकांडे संवर्तवरतन्तुसंवा
देशिवसहायबुधविरचिते शुकसारणमोक्षे चतुर्थो
मोक्षोपानः ॥ ४॥ इतिसुंदरकांडसमाप्तः

अथ युद्धकांड प्रारंभः

श्लोक० वरतन्तुरुवाच सर्वेषाम्मतमाकृत्य०
रामस्सत्यव्रतस्सुधीः॥ लंकासुखहिरण्यस्य
हर्षपालनहेतवे॥ १॥

भा०टी० - वरतन्तु मुनि बोलते भए सब वानर तथा रिक्षोंके मत० कोंलेके बडेबुद्धिमान रामजी हैसो लंकापुरीको सुखरूप सुवर्ण तिसके हर्ष सोई समुद्र तिस्के रक्षाकरने वास्ते ॥ १॥

श्लो० प्रेमोत्कंठाशमादीनान्तेकुशाविजयंरिपोः॥
तद्रूपमासनंकृत्वाव्रतंरामः समादधे॥ २॥

भा०टी० - शमन्यम० दम० दया इन्हो आदि लेके और जो ईश्वरके प्यारे कर्म हैं तिन्ह कामोमें प्रेमसें गद्गद होना वचनन कहिआवे ऐसेस्व भाव कुशहैं तथा रावणकोंजीतिके अपनी विजय सोई आसन० है ऐसा कुशके आसन पर बैठि कै जीव मात्रके मोक्ष करनेको विचा ररूप व्रत रामजी धारण करते भए० ॥ २॥

श्लो० त्रयः कालादिनाऽप्रोक्तास्सर्वानाकृष्यमंडले॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

सत्सङ्गस्यनयिष्यामिसर्वान्जीवान्चराचरे॥३॥

भा०टी० - भूत भविष्य वर्तमान एतीनकाल तीन दिन भएहैं· राम जीनें विचारेकि, मनरूपरावणको नाश करिकै तिसपीछै सबजीवोकों ज्ञान की रस्सीसे पकडिकै सत्संगमें लैआवैगे· मोक्षहोनेवास्ते ऐसा उत्तम व्रतरामजी धारण करतेभये॥३॥

श्लो० मूलमालस्यमुक्तंचफलन्तत्स्करवर्धनम्॥·
सत्कर्मनाशकोज्ञात्वातत्त्यजेहौरघूत्तमः॥४॥

भा·टी· - दोप्रकारकी आलस्यहै एकतौ बुरेकाममें दूसरा सुंदर कर्ममेंसे ब्रह्ममे प्रीति तिस्में आलस्य करना सोई बनको मूलहै तिस्कों रामजी त्यागि देते भए· उसी आलस्यमे हर्ष माननासो फलहै उसफलकोंभी त्यागिकै रामजी निराहारव्रत कर्ते भए॥४॥

श्लो० लंकासुरवहिरण्यस्य हर्षवारिधिमुत्तमम्॥
हानिरूपंमहामार्गं मयाचत रघूत्तमः॥५॥

भा·टी· - लंका को सुरव सोई सुवर्ण उस्मे हर्ष सोई समुद्र· तिस समुद्रकी हानि रूप बडी रस्ता रामजी समुद्रसें मागतेभए· कि· तूं हानि मानिकै सुषिजावो· तौ लंकामें हमाराराज होजावै॥५॥

श्लो० अदृष्ट्वाहर्षहानिंवैरावणस्यवधोद्यतः॥तद्वा
निशमनोपायंक्रोधञ्चक्रेचराघवः॥६॥

भा·टी· - समुद्रकी हानि होती रामजीनहीं देखे· तौ रावणकेमारनेवास्ते उपाय करि रहे ऐसे रामजी तिस हर्षके शांति होनेवास्ते· उपायरूप क्रोध कर्ते भए॥६॥

श्लो० लंकांशुभांपुरींकर्तुंविचारंप्रकरोतिसः॥अनेः
कयत्नंरामश्चतत्सागरविशोषणम्॥७॥

भा·टी· - रामजीनें लंकापुरीकों सुंदरबनानेवास्ते रोजविचार कर्ते

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

है सोई समुद्रको शोषण है॥७॥

श्लो॰ धैर्येणविचकर्षाशुतेजरूपंशरम्प्रभुः॥ विक
र्षंतंशरन्दृष्ट्वारामंसत्यपराक्रमम्॥८॥

भा॰टी॰ - धीरज करिकै तेजरूपजो शर है तिस्कों रामजीनें हर्षरूप-
समुद्रके शोषण कर्नेवास्ते खैंचतेभए॥८॥

श्लो॰परपीडादयःसर्वेव्यथिताजलजन्तवः॥ अपश्य
न्तस्स्वशरणंदुःखिताश्चमुहुर्मुहुः॥९॥

भा॰टी॰ - परकों दुःख देनेवाले जोषोटेकर्म है सोई सब जलजीव है
सोसब आपनी रक्षा करनेवास्ते जीवकों नही देखेतो वारंवार दुःखी
होतेभए॥९॥

श्लो॰ नरामोमानवोयम्वैविवेकोमोक्षदायकः॥ इ
तिज्ञानंसमुद्रस्यद्विजरूपंतदेवच॥१०॥

भा॰टी॰ - समुद्रकों ऐसाज्ञान हुआकि, रामजी मानुष्य नहीहै ए
तो मोक्षदेनेवाले विवेकहै ऐसा ज्ञान सोई ब्राह्मणकोरूपहै॥१०

श्लो॰ तत्रासोधारणान्तस्यपात्रीतत्प्रीतिरुत्तमा ॥
मयासंतोषितेरामेपूर्वन्मेवसुरक्षस्थितिः॥११॥

भा॰टी॰ - रामजीकी त्रास सोई ब्राह्मणकोरूपकोधारणभया-
है तिस्कों धरिकै उसी ब्राह्मणके रूप धारणमें प्रीति सोई थाली-
भईहै समुद्रनें विचारकियाकि, जो मै रामजीकों प्रसन्न करिलेउ
गा तबपेस्तर सरीके मेरी स्थिति॥११॥

श्लो॰ वर्तिष्यन्तिचसौख्याद्याभविष्यंतिचमेतदा॥
एतेचान्येचतस्यासन्विचाररत्नसंचयाः॥१२॥

भा॰टी॰ - वनीरहैगा तथा बडेबडे सुखभी मेरेकों होवैगा इस्सरीके-
औरजो अनेक प्रकारको समुद्रको विचार सोई अनेक प्रकारकीबहु-

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

तसे रत्न भई है ॥१२॥

श्लो॰ सागरस्तान्समादायसंप्रापराघवान्तिकम् ॥
स्वस्यापिराघवेप्रेमवर्द्धनंस्तवनंकृतं ॥१३॥

भा॰टी॰ - पूर्वोक्त ब्राह्मणको रूप धरिके तथा पूर्वोक्तथालीमै पूर्वोक्तरत्न धरिके समुद्र रामजीके पास आताभया· समुद्रको भी प्रेम रामजीमें बहुत होगया सोई समुद्रने रामजीकी स्तुति कर्ताभया १३

श्लो॰ समुद्रेनैवरामस्यकृतायाविस्मृतिः पुरा ॥ दिगुत्तराचसाज्ञेयापूर्वमानोरिपुस्मृतः ॥१४॥

भा॰टी॰ - समुद्रने पेस्तर रामजीको भूलिगयाथा सोई उत्तरदिशाहै रामजीसें पेस्तर समुद्रने अभिमान कियाथा· सोसमुद्रको वैरीहै· जिसने समुद्रको ज्ञान हरिलियाथा ॥१४॥

श्लो॰ पूजितस्संस्तुतोरामः क्षामितःसिंधुनामुहुः ॥
तेनसंप्रार्थितोरामोजघानतद्रिपुन्तदा ॥ राक्षसानांविनाशायभूभारहरणायच ॥१५॥

भा॰टी॰ - समुद्रने रामजीकी पूजन स्तुति किया· तथा अपना अपराध रामजीसें क्षमा कराया· वैरीकों मारनेवास्ते प्रार्थना किया· तबरामजीने पेस्तर वर्णन हुआजो समुद्रको वैरी तिसकों मारते भए राक्षसोंकानाश कर्नेवास्ते तथा पृथ्वीको भार हरनेवास्ते ॥१५॥

श्लो॰ पर्णंचक्रेस्वयंरामस्सस्सेतुस्सागरेभवत् ॥ क्षमारूपञ्चपाषाणंरामस्यसेतुबंधने ॥ अन्येसत्सं गवीर्याद्यास्साहित्यास्तत्रबंधने ॥१६॥

भा॰टी॰ - रामजी प्रतिज्ञा कर्तेहुए सोई समुद्रमे पुल भयाहै· रामजीकेचित्तमें क्षमा बहुत है सो क्षमा पुल बांधनेवास्ते पत्थर भयाहै· तथापुल बांधनेमें औरजो अनेक प्रकारकी सामग्री चाहिए सो सत्सं

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

गको अनेक प्रकारको सुंदर कर्म्म है सो सब सामग्री भएहै ॥ १६ ॥

श्लो० बंधनंरामचंद्रस्य दृढत्वंस्वपणेऽभवत् ॥ ईदृ-
शःसागरेसेतुर्बद्धोरामेनवैतदा ॥ १७ ॥

भा०टी० - रामजी अपनी प्रतिज्ञासें चलायमान कभी नहीं होते सो ईपुलको बांधना भयाहै तब ऐसा पुल समुद्रमें रामजी बांधते भए

श्लो० रावणस्यातिबलिनोयुद्धेज्ञात्वारघूत्तमः ॥ महा
दुःखंभवेत्तत्रक्रूरेक्रूरतरेऽपिच ॥ १८ ॥

भा०टी० - बडाबली रावण तिसके युद्धमें क्रूरसे क्रूरयुद्धमें बडादुःख होवैगा ऐसा रामजीने जानिकै ॥ १८ ॥

श्लो० चक्रेसंस्थापनंतस्यस्वकर्मशिवरूपिणः ॥ अच
लत्वंचविश्वासम्पूजनंतत्रनिश्चितम् ॥ १९ ॥

भा०टी० - तब अपने स्वभावको अचल विश्वासरूप शिवकी स्थापनाकर्ते भए कि यातो रावणको मारैंगे या हम मरैंगे पण युद्ध छोडेंगे नहीं ऐसो स्वभाव पुष्ट कर्ते भए अपने स्वभावमें रामजीको निश्चय है कि मैंने स्वभावको जैसा राखौंगा तैसा रहैगा ऐसा निश्चय सोई शिवकी पूजन भईहै ॥ १९ ॥

श्लोक० एवंकृत्वाविधिंतत्रविवेकोराघवस्तदा ॥ संस्मृ
त्यचमनोरूपरावणंप्रबलंप्रभुः ॥ २० ॥

भा०टी० - विवेकरूप रामजीने मनरूपरावणको बडाबली जानिकै ऐसा उपाय कर्तेभए ॥ २० ॥

श्लो० स्वभावन्तत्यजुस्सर्वेपूर्वोक्तंगुरुसत्तमे ॥ पूर्वो-
क्ताःकपयश्चैवरिक्षाश्चरामसंश्रयात् ॥ २१ ॥

भा०टी० - तथा वानररिक्षभी रामजीकी संगति पायकै पेस्तरजो गुरुमें दुष्टस्वभावथा उसको त्यागिदेतेभए ॥ २१ ॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

गुरोसद्भावनंचक्रुर्ऋक्षाश्वकपयोनिशम्॥ तत्सैन्यो
त्तारणंब्रह्मन्बभूवराघवस्यच ॥२२॥

भा॰टी॰ - वानर तथा रिक्ष गुरुमें स्कंदरकर्म देखने लगे॰ रातिदिन सोई रामजीकी सेनाको समुद्रके दक्षिणपार जानाभयाहै॥२२

श्लो॰ दुष्टकार्येदशास्यस्य सदाप्रेमाचलम्मुने॥
सुस्कवेलोगिरिःप्रोक्तोयुद्धचिंतादशानने॥२३॥

भा॰टी॰ - हेमुनिषोटे कर्ममेंरावणको प्रेमकभीचलायमान नहीहो ता सोई स्कवेलनाम पर्वतहै तथा रावणके भी रामजीकेसंगयुद्ध करनेमेंचिंतारहतीहै ॥२३॥

श्लो॰ सास्थितीरामसैन्यानामभवत्तत्रपर्वते।महानं दयुतोरामोबभूवमुनिसत्तम ॥२४॥

भा॰टी॰ - सोईस्कवेलपर्वत पररामजीकी सेनाको टिकनाभयाहै॰ हेमुनिजी समुद्रके पारजायके सेनाको स्कवेलपर वास देखिकेराम जीकों बहुत आनंद होताभया॰॥२४॥

श्लो॰ दुःकर्म्मप्रीतिहृदसंस्थितिसौख्यहर्षसिंधुंव्य
तीर्यकपिसैन्ययुतोविवेकः॥तस्थौविभीषणमतेन
विभीषणाढ्याभूभारहारकुशलोरघुवंशकेतुः॥२५

भा॰टी॰ - पेस्तर वर्णनहुवाजो समुद्रनिस्केपार जायके विभीष॰ णकेमतसें विवेकरूपरामजी स्कवेलपर टिकिके भूमिकेभारना शकर्नेमें बडेचतुर खुशीहोते भए॥२५॥

इतिश्रीवेदान्तरामायणेयुद्धकांडेशिवसहायबुधवि
रचितेससैन्यरामस्यस्कवेलाद्रिस्थितिवर्णनेप्रथमो
मोक्षोपानः॥१॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लोक- वरतन्तुरुवाच तृष्णारतिर्मतिर्भूतिर्दु-
ष्टकार्येषुसर्वदा॥ वर्ततेमुनिशार्दूलमनसोरावं-
णस्यवै॥१॥

भा-टी- - वरतंतु मुनि बोले हे मुनियों में श्रेष्ठ- खोटे कर्मोंमें सदा तृ-
ष्णा प्रीतिबुद्धि विभूति ए सब रावणकी बनी रहती है॥१॥

श्लो०ताश्चतस्रोदिशःप्रोक्तालंकायादुष्टकर्म्माणि॥
पणप्रीतिस्थितेःपूर्वंकथितायाःसविस्तरम्॥२॥

भा-टी- -पेस्तर वर्णन भईजो लंका तिस्केए चारि चारिउ दिशा भईहै

श्लो० सत्संगनिंदनभित्यंतद्विनाशायचिन्तनम्॥
क्वचित्क्वचित्कृतंचापिसतांहासादिताडनम्॥३॥

भा-टी- - सत्संग कीनिंदा रोज करना सत्संगको नाश करने वास्ते चिं-
ताकरना- किसी२ जगह सत्संगको नाशभी करिदेना- साधु लोगों-
कों देखिके हसना आदि ताडन करना ॥३॥

श्लो०एतेद्वाराश्चचत्वारोलंकायामुनिनायक॥तेषुता
सुखजीवानामकरोन्मतिवारणम्॥४॥

भा-टी- - एचारि लंकाके चारि दरवाजाहै इन दरवाजामें तथा-
चारि दिशामें रामजीनें दुष्टजीवोंकी बुद्धि कोनाश करिके
सुंदरबुद्धि करदियाहै॥४॥

श्लो०तदेवरोधनंविप्रलंकायाश्चचतुर्दिशः॥चतु
र्ष्वद्वारदेशेषुराघवेनकृतंमुने॥५॥

भा-टी- - सो हे मुनिजी ऐसा कर्म सुंदरजीवोंकों सुख देने वा-
स्तेरामजीनें किये सोई लंकाको चार दरवाजा तथा चारि दिशा राम
जी घेरि लेते भए॥५॥

श्लो०सत्संगनाशनंचैवराक्षसैश्चक्वचित्क्वचित्॥कृ

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

तन्तदेवलंकायाश्चोत्तरंद्वारमुच्यते ॥ ६॥

भा-टी- - राक्षसोनें किसी किसी जगहपर सत्संगको नाश करिदि-
यासोई लंकाका उत्तरदरवज्जाहै ॥ ६॥

श्लो० विनष्टस्यपुनः कर्त्तुर्वर्द्धनोपायचिन्तनम्।सै
वस्थितिस्समाज्ञेयारामचंद्रस्यचोत्तरे॥ ७॥

भा-टी- - नष्टभयाजो सत्संग तिसकी फिरि वृद्धिहोनेकी उपाय-
को चिंतवन रामजी नित्य कर्ते है सोई लंकाके उत्तर दरवज्जेपर रा
मजीको टिकना भयाहै॥ ७॥

श्लो-सद्ज्ञानशिक्षणंरामेलक्ष्मणेचकपिष्वपि॥ऋ-
क्षेष्वपिविशेषेणसङ्गत्याशोधितेषुच॥ ८॥

भा-टी- - रामजीमे लक्ष्मणमे तथा बानरोमेंभी तथा रामकी संग
तिकों पायके शुद्ध भएजो रिक्ष तिन्होमेभी सुंदरज्ञान शिखानेकी
बुद्धि बहुत है॥ ८॥

श्लो० चक्रुस्तेशिक्षणंस्वस्वकर्मणोराक्षसेषुच॥दु
ष्टकर्मानिसर्वानिविधिनानिर्मितानिच॥ ९॥

भा-टी- - राम लक्ष्मणबानर एसब अपने अपने सुंदरकर्मकों राक्ष
सोकों शिखाते भए- जैसी जिस्की बुद्धिहै तिसमाफिक तथा तीनलोक
चवदाभुवनमें जो ब्रह्माकेबनाएहुए बुरेकर्म जितनेहै ॥ ९॥

श्लो० रावणेतानिवर्तंते कुम्भकर्णेविशेषतः॥दुष्ट
सङ्गादिकर्माणिस्करेशविजयेतथा ॥ १०॥

भा-टी- - सोसब रावणमेंवसतेहै कुंभकर्णमे तो विशेषसें वस-
तेहै तथा मेघनादमें कुंभकर्णसें ज्यादा बुरेकर्म्मोकोवासहै १०

श्लो- अन्येषुराक्षसेष्वेवमन्यायास्सर्वदास्थिराः॥शि
क्षणान्तेप्रकुर्वन्तिविवेकादीन्स्वकर्मणः॥ ११॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भाटी० - इसी प्रकारसें औरजो राक्षस है तिन्होमेंभी बुराकर्म रातिदिन टिकारहताहै रावण आदिलेकै सब राक्षस जो है सोस ब विवेकरूप रामजी आदिलेकै जो मोक्षके मित्रहै तिन्होंकों बुरा कर्म्म शिखवाते है ॥११॥

श्लो० एवंपरस्परंयुद्धंरामरावणयोर्मुने ॥ संकृत्य जीवन्मृतन्हौरामरावणवैरिणौ ॥१२॥

भाटी० - इस प्रकारकी अपना अपना कर्म शिखावनरूप युद्ध रामरावणकी होती भई रामरावण एदोनो आपसमे वैरमानिकै जीवको जुआकरिकै युद्धकर्ते भए ॥१२॥

श्लो० सूयोन्यै स्वर्गमोक्षायमहदैश्वर्य भुक्तये ॥ सर्वसौख्यायजीवस्यप्राप्तयेरघुनन्दनः ॥१३॥

भाटी० - जीवोंको सूंदरियोनिमें जन्म लेनेवास्ते तथा स्वर्ग प्राप्तिहोनेवास्ते तथा बहुत स्वर्ग भोगनेवास्ते तथा बहुत सूख भोगनेवास्ते तथा मोक्ष होनेवास्ते रामजी युद्ध करते भए विवेककी इच्छातो जीवोंकों मोक्षदेनेकीहै परंतु जो मोक्षकी उपायमें जीव भ्रष्ट होजावे तो संसारको सूख तो होवे ऐसाविचारि रामजी युद्धकर्ते भए १३

श्लो० सहित्वानेकदुःखानियुद्धंचक्रेरघूत्तमः ॥ कुयोन्यैनरकायैचरौरवाद्याप्तिहेतवे ॥१४॥

भाटी० - अनेक दुःख सहिकै रामजी युद्ध कर्ते भए तथा जीवोंकों षोटीयोनि प्राप्ति होनेवास्ते तथा रौरव आदि नर्क प्राप्ति होनेवास्ते १४

श्लो० अनेकदुःखभोगायजन्ममृत्युभवायच ॥ जीवस्यानेकदुःखाप्त्यैयुद्धंचक्रेचरावणः ॥१५॥

भाटी० - गनतीसें हीन दुःख जीवोंको भोगकर्नेवास्ते तथा वारंवार जीवकोंजन्म लेनेवास्ते तथा शरीरको छोडनेवास्ते और अनेकप्रकारको

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

दुःखजीवोंकों देनेवास्ते रावण युद्ध कर्ता भया ॥१५॥

श्लो० परितापान्ध्येनेकानिसहित्वापरतापनः॥ काम ँ क्रोधश्चलोभश्चमोहमानावहन्तथा ॥१६॥

भा-टी- - दूसरेजीवोंकों दुःख देनेवाला जोरावणसें अनेक दुःख सहताहै परंतु जीवकों दुःख देनेवास्ते युद्ध कर्ता भया· तथा काम क्रोध लोभ मोह मान अहंकार ॥१६॥

श्लो० सद्सत्कर्मवर्तंतेकर्मस्वेतेनिरंतरम्॥ असत्कर्मस्वसत्योक्तास्सत्कर्माणिचसज्जनाः॥१७॥

भा-टी- - एसब सुंदर कामोंमें भी रहतेहैं तथा बुरेकामोमें भीरहतेहैं षोटे कर्ममें षोटा कहातेहैं तथासुंदर कर्मोंमें सज्जन कहतेहैं

श्लो० असज्जाः कामवर्गाश्चयुद्धचेष्टाश्चसज्जनैः॥ कुर्वंतिराक्षसा भूत्वासद्धर्मान्पीडयन्तिच॥१८॥

भा-टी- - षोटे कर्मों करिकै उत्पन्नजो षोटे कर्म जैसा काम क्रोध आदि कर्म सोसबराक्षसहोके सज्जन लोगोंसें युद्ध कर्तेहैं तथा सुंदर धर्म जैसा कथा श्रवण स्नान दान दया जप पूजन इन्होआदि लेके औरजो सुंदर धर्म तिन्होको नाश कर्ते भए उसी वास्ते युद्ध कर्ते भए· क्योंकि विवेकरूप रामजी सुंदर धर्मको नाश नहींकरने देते ॥१८॥

श्लो० एवंपरस्परंयुद्धम्बभूवाहोनिशम्मुने॥ रामरावणयोः क्रूरंजन्ममोक्षाप्तिहेतुकम्॥१९॥

भा-टी- - इस प्रकारसेंजीवकों मोक्ष होनेवास्ते रामजी युद्धकरते भए· तथा जीवकों वारंवार जन्म लेनेवास्ते मनरावण युद्धकर्ता भया· सुंदर तथा बुरेकर्मको करना एई युद्ध भईहै ॥१९॥

श्लो० छिन्नंविवेकेनपुनः पुनश्शिरोज्ञानासिनारा

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

घववर्यसूनुना ॥ मनोदशास्यस्य महाहवेमुनेन-
चंचलत्वचतदेवतच्छिरः॥ २०॥

भा-टी- - मनकी चंचलता जोहै सोई मनरूप रावणको शिरहै तिस-
शिरकों रामजीनें वारंवार काटते भए-॥२०॥

श्लो० लज्जाश्रमविहीनश्चरावणोराक्षसेश्वरः॥
सएववर्द्धनस्तस्यशिरसश्चंचलस्यवै॥ २१॥

भा-टी- - मन रावण लज्जा तथा श्रमसें हीनहै चेसरम है सोई रा-
वणके शिरकी युद्धमे वृद्धि होती भई॥२१॥

श्लो०कापथात्तंसमाकृष्यसत्पथेचञ्चलंशठम्।
रामोनिवेशयामासचासकृद्दयया हठात्॥२२॥

भा-टी- - रामजीनें दयाकरिके रावणकों षोटीरस्तासें षैंचिके सुं-
दररस्तामें टिकाते भए-हठसें ॥२२॥

श्लो० तदेवछेदनंतस्यकृतंरामेनसंगरे॥ प्रवेशितो
ऽपितेनाशुसत्पथेहरिवल्लभे॥२३॥

भा-टी- - सोईराम करिके शिरको काटना भयाहै-युद्धमे- मनरू-
परावणको रामजीनें भगवानकीप्यारीरस्ताजो सत्संग तिस्मे-
टिकाते भए तौभी-॥२३॥

श्लो०तत्परित्यज्यसहसाकापथस्थुनराश्रितः॥ तत्त
स्यभूमिपतनमाकाशेव्याप्तिरेवच॥२४॥

भा-टी- - उसरस्ताकों त्यागिके षोटीरस्तामें फिरि टिकताभया- सो
ई शिरको भूमिमें पडना भया- तथा आकाशकोजाना भया-॥२४॥

श्लो०कदातृष्णांकदानिद्रांकदाशान्तिंकदाक्षमां॥
कदाहानिंकदाग्लानिंनीत्वनीत्वोकदामुने॥२५॥

भा-टी- - हेमुनिजी मनरूपरावण कभी तृष्णाको कभी निद्राको-

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

कभीशान्तिको कभी क्षमाको कभीहानिको कभीग्लानिको कभी-
नीतिको कभीअनीतिको ॥२५॥

श्लो० ज्ञानाज्ञानसुखंदुःखम्मूर्खतांसुज्ञतांकदा॥
एवमादीन्यनेकानियेषांसंख्यानविद्यते॥२६॥

भा-टी- -कभीज्ञानको कभीअज्ञानको कभीसुखको कभीदुःख-
को प्राप्ति होताहै कभीमूर्ख बुद्धिकों कभीसुंदरबुद्धिकों इन्होकों-
आदिलेके गिनतीसेंहीनऔरजोचीजहै ॥२६॥

श्लो० प्राप्नोत्यज्ञानतोनित्यंकदाराजाकदाप्रजाः।ध-
नाढ्योवित्तहीनश्चदानीचकृपणस्तथा ॥२७॥

भाषाटीका- - मनरूपजोरावणहै सो अज्ञानकी वशी होकै नि-
त्य कभी राजकों प्राप्ति होताहै कभीप्रजाकीरीतिकों प्राप्ति होताहै
कभी बडा धनमान होजाताहै कभी दरिद्री होजाताहै कभी-
दानी होजाताहै कभी कृपण होजाताहै कभी ईश्वरसे वैर राख
ताहै इसवैरके प्रतापसें अनेक दुःख सहताहै तौभी ईश्वरसें प्री-
ति नहीं लगाता इसवास्ते दुःख भोगताहै ॥२७॥

श्लो० क्षणेक्षणेभवत्येवंसामायादर्शितामुने॥सं-
ग्रामेरावणेनैवराक्षसेनमुहुर्मुहुः॥२८॥

भा-टी- - क्षण क्षणमें अनेक प्रकारकी जंजाल मन कर्ताहै सोई
युद्धमें रावणकी माया देख नाहुआहै ॥२८॥

श्लो० प्राणनाशोभवेन्मेचेत्तथापिनत्यजाम्यहम्॥स्व
कर्मरक्षसान्नाशंकरिष्यामि हठादपि॥२९॥

भा-टी- - रामजीनें ऐसी प्रतिज्ञा कियाहैकि चाहेमेरा प्राणरूप
सत्संग नाश होजावे परंतु मेराकर्मजो राक्षसोंको नाशसोतो मैं करौं
गा छोडौंगानहीं ॥२९॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो॰ रामेनेतिप्रतिज्ञातंरावणेनापितत्तथा॥ रामादि सर्वसाधूनांकर्ताहंमूलकृन्तनम् ॥३०॥

भा॰टी॰ - तैसेई रावणभी प्रतिज्ञा कियाकि चाहे मेरा प्राणरूप षोटाकर्म नाश होवे परन्तु तौभी रामजी आदि लेकै जो साधु हैं जे साविवेकराम संतोष हरिमें प्रेमतीर्थ इन आदिको जडसें खोदिकै नाशकरि देउगा॰॥३०॥

श्लो॰ द्वयोः पणोरामदशास्ययोर्मुनेसैवेदृशस्सं गरवर्द्धनस्तदा॥ बभूवपेतुश्चपरस्परहताभूमौक पीशाः खलुराक्षसामुने॥३१॥

भा॰टी॰ - हे मुनिजी रामरावणकी ऐसी प्रतिज्ञासोई युद्धकी वृद्धिभई रामकीसेनासें मारेहुए जो राक्षस तथा रावणकी सेना करिके मारेहुए जो वानर से भूमिमें पडिकै मरिजाते भए ॥३१॥

इतिश्रीवेदान्तरामायणेयुद्धकांडेशिवसहायबुधवि रचितेसंवर्तवरतन्तुसंवादे द्वितीयोमोक्षोपानः॥२॥

श्लो॰ वरतन्तुरुवाच दुस्संगकुम्भकर्णस्य- सदाप्रीतिस्स्वकर्मणि॥ सत्संगनाशनंचैवसानि द्रातस्यवैमुने॥१॥

भा॰टी॰ - वरतन्तु मुनि बोलतेभए खोटी संगतिरूपजो कुंभकर्ण है तिसकी अपने कर्ममें षोटे काजोमें प्रीति रोज लगी रहती है तथा सत्संगको नाशकर्नेमें नित्यप्रीति रहतीहै सोई कुंभकर्णकी निद्राहै॥१॥

श्लो॰ तस्यलोभगृहीतश्चसस्तस्यस्वपनस्मृतः॥ अहोनिशंनतद्ज्ञातंकदापीत्यम्बभूवह॥२॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा-टी- - सत्संगकी नाशकर्नेकी लोभसें कुंभकर्ण दुखी होरहा है सोई उसका शयन कर्ना है- रातिदिन कुंभकर्ण कों मालुम नही होता ऐसा सोनेमेमस्त होरहा है॥२॥

श्लो० चिन्तनंचद्वयोर्नित्यंकरोतिद्विजमानसे॥दुः
संगपणवर्षेचद्वाविमौचिंतनौमुने॥३॥

भा-टी- - हेमुनिजी कुंभकर्णनें भलाबुरा दोनो कर्मकी चिंतवन कर्ता है एई दूनौका चिंतवन बारह महीनेमें॥३॥

श्लो० निद्राक्षयदिनौप्रोक्तौकुंभकर्णस्यदुर्म्मतेः॥
भविष्यतिजयोयुद्धेरावणस्येतिनिश्चितम्॥४॥

भा-टी- कुंभकर्णके जागनेको दोदिन भए है- रावणकोऐसी निश्चय हैकि युद्धमें मेरी निश्चयसें जय होवैगा-॥४॥

श्लो० कुंभकर्णेनतत्तस्यकारयामासरावणः॥प्रोक्तं
जागरणम्विप्रदुस्संगहर्षगर्ज्जनम्॥५॥

भा-टी- - परंतु कुंभकर्ण करिकें जय होवैगा- ऐसा रावणको विचार सोई कुंभकर्णकोजगाना भयाहै- खोटा कर्म रूप कुंभकर्णको- खोटे कर्ममें हर्ष है सोई कुंभकर्णको गर्जना भयाहै॥५॥

श्लो० सत्कार्यालस्यद्यूताद्यैस्सत्तिरस्कारनिन्दनैः॥
असंख्यैर्विधिनासर्वैर्निर्मितैश्चकुकर्म्मभिः॥६॥

भा-टी- - ब्रह्माकरिके बनाए हुए गिनतीसे हीन कुकर्म जैसा सुंदरकाजमें आलस्य तथा जुआ खेलना तथा साधुजनोंको अनादर कर्ना निंदाकर्ना॥६॥

श्लो० एतेषांप्रेमसौख्याद्यैश्शस्त्रैरस्त्रैश्चभूरिशः॥
संयुतस्सैनिकैरागाद्युद्धायरघुनन्दनम्॥७॥

भा-टी- - इनकर्म्मोको प्रेम तथा सुख सोई हथियार भयाहै- तथा-

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

एही दुष्ट कर्म फोज भयी है· ऐसी फौंज तथा हथियार करिके युक्त· कुंभकर्ण रामजीसें युद्ध करनेकों आताभया ॥७॥

श्लो॰ शीघ्रन्दुस्संगरूपश्चकुम्भकर्णोमहाबली॥
तंसमायान्तमालोक्यविवेकोराघवस्तदा॥८॥

भा·टी· - जलदी दुस्संगरूप कुंभकर्ण युद्धमें आताभया· तिस्कों देखिकै विवेकरूप रामजी भी ॥८॥

श्लो॰ कपीनयोजयच्छूरानंगदादींश्चकोटिशः॥स्व
यम्भ्रातृसमायुक्तोयुद्धचक्रेरघूत्तमः॥९॥

भा·टी· - अंगद आदि वानरोंकों युद्ध कर्नेवास्ते आज्ञा देते भए· तथा आपुदोनो भाई युद्धकर्नेवास्ते चलते भए॥९॥

श्लो॰ पैशून्यमत्सरशुभाशुभदृष्टिपातैस्तत्सैनिकाः
कपिवरान्विभिदुः कुकार्याः॥अज्ञानवीर्यमदिराम्म
दवर्द्धिनीम्वैपीत्वाचसोपिविभिदेकपिवर्यवीरान्॥१०॥

भा·टी· - चुगली करना· दूसरेजीवोंके सुखकों देखिकै बुरामानना सुंदरकाजमें षोटाकाज देषना तथा खोटेकाजमें सुंदरकाज देखना· ऐसो आंखीसें खूबतरहसे निसान लगाय लगाय दुष्टकाजरूप पेस्तर वर्णन भएजो राक्षस सोसब वानरोंकों मारतेभए· अभिमानकों बढानेवालीजो अज्ञानको पराक्रमरूप मदिरा तिस्कों पीकै कुंभकर्ण भी वानररिक्षोंकों मारताभया॥१०॥

श्लो॰ ते वैहताश्चकपयःपतिताः पृथिव्यांसत्संगचिन्त
नमयींगमिताश्चमूर्च्छां॥तान्त्यज्यरावणसहोदर
नाशनायप्रोत्थायसर्वदितिजान्विभिदुर्नखाग्रैः॥११

भा·टी· - राक्षसोंकरिकै मारेगयेजो वानर तथारीक्ष सोसब पृथ्वीमें पडिकै सत्संगकी चिन्तारूप मूर्छाकों प्राप्ति होते भए· क्षणमात्रमें स·

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

संगकी चिन्तारूप मूर्छा कों त्यागिके कुंभकर्णके नाश कर्नेवास्ते उठिके सब राक्षसोंको अपने अपने नखके अग्र करिके छेदन भेद न कर्ते भए ॥ ११॥

श्लो॰ संचिन्तनन्निजगुरोर्बहुधानखानितत्पादध्या
नबहुप्रेमनखाग्रमुक्तम् ॥ तन्मानसार्च्चनमहागिरि
भिश्चवृक्षैर्जघ्नुर्गुरूपवसनामृतचिन्तनैस्तान् ॥१२

भा॰टी॰ - वानरोनें अपने अपने गुरुको बहुत प्रकारको ध्यान कर्ते भए॰ तथा गुरुको ध्यान नखको अग्र भयाहै॰ मन करिके गुरुका पूजन कर्ना सोई बडे पर्वत भएहै॰ गुरुके साम्ने टिकनेकी चिन्तवन सो वृक्ष भएहै॰ ऐसे वृक्ष पर्वत करिके वानर राक्षसोंकों मारते भए ॥१२॥

श्लो॰ तान्स्वान्निरीक्ष्यकपिभिर्विगतांश्चप्राणैस्संभ्रद्रु
तान्निपतितान्भुविसैनिकांश्च॥ मूर्छागतान्कपिवरांश्च
मदावलीदान्दुद्रावदुष्टगमनः खलुकुंभकर्णः॥१३॥

भा॰टी॰ - कुंभकर्णने आपनी दुष्ट कर्म रूप फौजको वानरोसें नष्ट भई तथा भगी पतित देखिके युद्ध कर्नेकों कुंभकर्ण दोडताभया॰ १३

श्लो॰ सज्जनैस्तत्तिरस्कारोगतिवेगोनिगद्यते ॥ तन्द्र
वन्तंविलोक्याशुकपीन्हतुंरघूत्तमः॥१४॥

भा॰टी॰ - सुंदर कर्म्म जो साधु है सो कुंभकर्णको अनादर करिदियाहै सोई कुंभकर्णका दोडना भयाहै॰ वानरोंको मारनेवास्ते दोडताकुंभकर्णकों रामजी देखिके ॥१४॥

श्लो॰ सज्जनार्च्चनद्रावेनद्रुत्यतत्सन्निधिंगतः॥ पूर्वो
क्तैरस्त्रशस्त्रैश्चकुंभकर्णंचराघवौ॥१५॥

भा॰टी॰ - सुंदर कर्म्म करामजी पूजन कर्ते है सोई रामजीका दोडनाभयाहै॰ इसप्रकारसें दोडिके कुंभकर्णके साम्ने आते भए॰ कुंभक

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

र्णभी सामनें राम लक्ष्मणकों देखिके ये स्तर कहे हुए बाणकरिके

श्लो॰ स्वसंगभ्रष्टमतुलंक्रोधंकृत्वाजघानतौ॥जघ्नतुस्तावपिक्रोधात्तस्य कर्मविचिन्तनात्॥१६॥

भा·टी· - कुंभकर्णने अपनी संपूर्ण संगतिकों भ्रष्ट देखिके सोई बे प्रमाण क्रोधहै ऐसा क्रोध करिके राम लक्ष्मणकों मारताभया· कुंभकर्णके कर्मको चिंतवन राम लक्ष्मण कर्ते भए· कि यह दुष्टनें सज्जनोंकों खूब दुःख दियाहै सोई चिन्तवन राम लक्ष्मणका क्रोधहै ऐसा क्रोध करिके राम लक्ष्मण कुंभकर्णकों मारते भए॥१६॥

श्लो॰ स्वशिक्षासायकैर्दुष्टं कुंभकर्णं मदाकुलम्॥तयोर्युद्धंसमीक्ष्याथसाधवोदुर्जनास्तदा॥१७॥

भा·टी· - रामजीनें दुष्टकों सुंदर धर्मशिखातेभए सोई बाण करिके दुष्टकों मारतेभए· रामजी और कुंभकर्णकी युद्धकों देखिके· साधुजन तथा दुष्टजन॥१७॥

श्लो· विस्मयंपरमंजग्मुः किन्त्वेतद्भविष्यति॥पुण्यपापौचसंज्ञातौतेनापिराघवेनच॥१८॥

भा·टी· - बडीविस्मयकों प्राप्ति भए यह क्या होवेगा· पुन्यको तथापापको रामजीभी जानतेहै तथा कुंभकर्णभी जानताहै

श्लो॰ द्वाविमावीश्वराधीनावितियुद्धंत्रिवासरं॥बभूवचद्वयोर्ब्रह्मन्वीरयोर्वीरतापनम्॥१९॥

भा·टी· - कि यह दूनो कर्म भगवानके अकति आरहै जिस्सें· जोचाहै सो करवावे ऐसा जानना सोई तीनदिन युद्धमेंभयाहै १९

श्लो॰ चतुर्थेदिवसेप्राप्तेद्वयोर्मानविवर्द्धने॥कुंभकर्णंमहावीर्य्यन्दुरसंगरौरवैधनम्॥२०॥

भा·टी· - रामजीको तथा कुंभकर्णको युद्धमें अभिमान बहुतहै सो

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

ई अभिमान चौथादिन भयाहै तिस चौथेदिन युद्ध में आया जोरी रवनर्क सो अग्नि भया तिस्की वृद्धि करनेवाला घोटीसंगरूप कुंभकर्णको ॥२०॥

श्लो० पूर्वोक्तैस्सैनिकैस्सर्वैस्संयुतं मृतशेषिकैः ॥ युद्धं चक्रे पुनर्वीरो विवेकोरघुनंदनः ॥२१॥

भा-टी० - मरेसें वचीजो फौज तिस्करिकै संयुक्त कुंभकर्णकोंरामजी युद्ध कर्तेभए ॥२१॥

श्लो० सत्कर्मशिक्षणैर्बाणैस्तंजघानरघूत्तमः ॥ पैशून्याद्यस्त्रशस्त्रैश्चजघानरघुनंदनम् ॥२२॥

भा-टी० - संदरकर्मकों शिखावन रूप बाण करिकै रामजी कुंभकर्णकों मारतेभए चुगली करना आदिलेके बुरेकर्मरूप बाण करिकै रामजी कों कुंभकर्ण मारता भया ॥२२॥

श्लो० बभूवतुश्च द्वौवीरौ बाणछिन्नकलेवरौ ॥ स्वस्वकार्यस्य प्राप्त्यर्थं चिन्तनं बाणछेदनम् ॥२३॥

भा-टी० - अपने अपने काजकी प्राप्ति होनेकी चिंतवन सोई बाण करिकै देहको काटना दूनोभी वीरोंका होता भया ॥२३॥

श्लो० सत्संगवासनासौख्यरक्तांगोरघुनन्दनः ॥ दुस्संगचिन्तनारक्तरंजितोराक्षसोत्तमः ॥२४॥

भा-टी० - सत्संगकी प्रीतिको सुख सोई रक्त भयाहै तिस रक्त करिकै रामजीकी देह लाल होगईहै । तथा कुंभकर्णकों मालुम पडिगयाकि, दुःसंगको नाश रामजी करेंगे उसी दुःसंगकी नाश होनेकी चिंता सोरक्तहै तिसरक्तकरिकै कुंभकर्णकी देह लाल होगईहै ॥२४

श्लो० एवंयुद्धेसमुद्भूते पृथिवी करुणातटा ॥ स्वधर्मगिरिभिश्चैवं वृक्षैश्चैव चचालह ॥२५॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा०टी० - रामजीकी तथा कुंभकर्णकी ऐसी कठिन युद्ध देखिके जीवमात्रके ऊपर दया राखना सोई पृथ्वी है उस पृथ्वीको धर्म क्षमा आदि सुंदर कर्म सोई पर्वत तथा वृक्ष है तिनसहित पृथ्वी कांपती भई ॥ २५ ॥

श्लो० विधूयमानामृथिवीन्निरीक्ष्यजघानरामः खलुकुम्भकर्णम् ॥ सदौपदेशेनशरेण दुर्मतिंपपात सोभूमितलेसदालये ॥ २६ ॥

भा०टी० - दयारूप पृथ्वीको कंपायमान रामजी देखिके सुंदर कर्मको उपदेशरूप बाण करिके कुंभकर्णको मारते भए रामजी करिके मारा जो दुस्संग रूप कुंभकर्ण सो सुंदर धर्म रूप जो पृथ्वी तलति स्त्रे पडिके मरिगया षोटी संगति को नाश भया सुंदरि संगति की वृद्धि भई एहीकुंभकर्णको मरण भया ॥ २६ ॥

श्लो० कुंभकर्णेहतेदुष्टेदुःसंगेसाधुदुःखदे ॥ रामेनधर्मजादेवाः पूर्वोक्ताःसज्जनादयः ॥ २७ ॥

भा०टी० - साधुजनोंको दुःख देनेवाला दुस्संगरूप कुंभकर्णके मरे पीछे पेस्तरबर्णन भएजो धर्मसें उत्पन्न देवता तथा सज्जन ए

श्लो० चक्रुर्जयजयारावं तेवैदुंदुभयस्तदा ॥ नेदुस्तद्धर्षमतुलंसुमनास्तंनिगद्यते ॥ २८ ॥

भा०टी० - सब जयजयकार करते भए सोई दुंदुभी बाजती भई तथा इन साधुजनोकों तथा देवताओंको बहुत हर्ष भया सोई पुष्प भया है ॥ २८ ॥

श्लो० शंकाविरहिताप्रीतिस्सज्जनानामभूत्तदा ॥ सत्संगेमुनिशार्दूलपुष्पवृष्टिश्चसाभवत् ॥ २९ ॥

भा०टी० - हे मुनिजी सत्संगमें सज्जनोकी प्रीति दुष्टोंकी शंकासें

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

हीन होती भई सोई पुष्पवृष्टि होती भई॥ २९॥

श्लो॰ दुःसंगरूपेरवलुरावणानुजेहतेचरामेणससै
न्यकेरवले॥ स्फरवं प्रपेदुः रवलुसज्जनाद्योनिश्शं
कराग्रपरमेश्वरेचलम्॥ ३०॥

भा·टी· – षोटीसंगतिरूप कुंभकर्ण रावणको छोटो भाई तिस्कों· रामजीने मारिडाले तब साधुजनोंकों भयरहित भजनमें प्रेम होता· भया· ऐसा स्फरव साधुवोंकों होताभया· तथा शंकारहित प्रेम परमेश्वरमें होताभया· ॥ ३०॥

इतिश्रीवेदान्तरामायणे युद्धकांडे शिवसहायबुधवि
रचितेसम्वर्तवरतन्तुसंवादेकुंभकर्णवधेतृतीयोमो·
क्षोपानः॥ ३॥

श्लो॰ वरतन्तुरुवाच कुंभकर्णहतन्दृष्ट्वारामे
नरावणस्तदा॥ स्वसुतंचसमाहूयदुश्चेष्टितमथा
ब्रवीत्॥ १॥

भा·टी· – वरतन्तु मुनि बोले रावणनें दुस्संग रूप कुंभकर्णको राम जीसें मराजानि कैषोटेकर्म को प्रेमरूप जो मेघनाद तिस्कों बुलाय कै· बोलता भया ॥ १॥

श्लो॰ दुश्चेष्टितमहाबाहोयाहियुद्धायसत्वरम्॥
विवेकेनहतोभ्राताकुम्भकर्णोममानुजः॥ २॥

भा·टी· – हे षोटे कर्मके प्रेममेघनाद मेरेभाई कुंभकर्णकों विवेक· रूपरामजीने मारिडालेहै से युद्धकरने वास्तेजलदीजावो॥ २॥

श्लो॰ दुष्टकर्मणियत्प्रेमतदिंद्रमर्दनस्स्मृतः॥ सश्रु
त्वास्वपितुर्वाक्यंशीघ्रंयुद्धायनिर्य्ययौ॥ ३॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

भा०टी० -षोटे कर्म्मों में प्रेमरूप मेघनाद पिताकी वाक्य सुनिके उसीवखत युद्ध करनेकों गया ॥ ३ ॥

श्लो० चकार युद्धमतुलं ताभ्यां च कपिभिः सह ॥ जार द्यूत महामोह हास्यस्निग्धादिकर्मभिः ॥ ४ ॥

भा०टी० - व्यभिचार जुआ षोटे कर्मों में बडी मोह साधुवोंकी मस्करी कर्ना इनकर्म्मों में स्नेह आदिलेके बुरेकर्म बाण है इन्वाणों करिके राम लक्ष्मण तथा वानरोंसे युद्ध इन्द्रजित कर्ता भया ॥ ४ ॥

श्लो० मंद स्मितादिवाक्यैश्च शरैश्चिच्छेद वानरान् ॥ राघवौ च विशेषेण जघानेभिश्शरोत्तमैः ॥ ५ ॥

भा०टी० - मुस्कि आयके बोलना यह बडा षोटा काम है इस्कों बाण बनायके वानरोंकों काटता भया इन्होंबाणों करिके राम लक्ष्मणकोंभी मारताभया ॥ ५ ॥

श्लो० एषाम्प्रीत्या महाशक्त्या चान्यैश्च विविधैरपि ॥ जघान लक्ष्मणन्तोषं राघवं च विशेषतः ॥ ६ ॥

भा०टी० - पेस्तर वर्णन भए बुरेकर्मरूप बाण तिन्वाणोमें प्रीति निर्दया सोई सांग है उसीसांग करिके सन्तोषरूप लक्ष्मणकों मारा तथा और अनेक बाण है तिन्हों करिके विवेक रूप रामजीकों तथा औरयोधोंकों मारता भया ॥ ६ ॥

श्लो० कदास्वकार्यं स्वस्यैव वर्द्धनं न्यूनता कदा ॥ आविर्धानन्तिरोधानन्तस्य तत्कथितम्मुने ॥ ७ ॥

भा०टी० - वीर मेघनाद अपनी युद्धमें कभी अपनी जयकी वृद्धि देखता है तथा कभीजयकी हानि देखता है एही युद्धमे मेघनादको प्रगट होना तथा गुप्त होना है ॥ ७ ॥

श्लो० एवं कृत्य महायुद्धन्तयोः शोकविवर्द्धनम् ॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

मूर्छितान्कपिवीरांश्चराघवौचापिदुर्मदः॥८॥

भा-टी- - इस प्रकारकी महायुद्ध करिके वानरोंको तथा रामलक्ष्मणकों मूर्छित करिके ॥८॥

श्लो० जगामस्वालयंवीरः पितृहर्षविवर्द्धनः ॥ रामे नघातितांसेनांसर्वांस्वस्यनिरीक्ष्यवै॥९॥

भा-टी- - पिताजो मनरूप रावण तिस्के हर्षकी वृद्धि करनेवाला इन्द्रजित अपने मंदिर कोंगया- दुष्टोंकी मंडली सो वाकी महल-है- अपनी फोजको राम करिकै नष्ट भई देखिकै भागिगया॥९॥

श्लो०रामबाणैरर्दितश्चजगामपितुरन्तिकम्॥तदा भूच्च हयोः सायंसंशयंमुनिसत्तम॥१०॥

भा-टी- - रामजीके बाण करिकै माराजो मेघनाद भागिकै पिताके पासगया- तब राम रावण दूनो शूरवीरोंकी संशयकी हमारा जय होवैगा कि नही ऐसा दोनों वीर विचारते है सोई संशयरूप सायंकाल होगया॥१०॥

श्लो० रामरावणयोरस्तंप्रतापभास्करोगमत्॥ किंभविष्यतियुद्धेस्मिन्चिन्तयेतिविचिन्ततोः॥११॥

भा-टी- - राम रावण ये दोनों अपने अपने चित्तमें चिंतन कर्ते है- कि, युद्धमे क्या होवैगा-जीतैगे कि हारिगे- ऐसाचिंतनरूप रामरावणको प्रताप भयाहै सोई प्रताप सूर्य सामको अस्त होगया ११

श्लो० सन्तोषम्पतितन्दृष्ट्वा शक्त्यानिर्दययाक्षितौ॥ घातितन्दुष्टकार्यस्यप्रेम्णारावणसूनुना॥१२॥

भा-टी- - राम आदिलेके सुग्रीव बिभीषण सुग्रीव सहित सब-वानर रोतेभए- क्योंरोतेभए षोटे कर्मोमे प्रेमरूप ऐसोजो रावणको पुत्र मेघनाद तिस्करिके लक्ष्मण संतोषरूपको मारादेखिकै निर्दया

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

रूप शक्ति करिकै दुष्टनें लक्ष्मणकों मारा तब लक्ष्मण मोक्षके प्रेमसें कुछ थोरा व्याकुल होगए सोई श्वाससें हीन मूर्छाकों प्राप्ति होगए है ॥१२॥

श्लो० मोक्षप्रेमाकुलत्वेननिरीक्ष्यस्वासवर्जितम् ॥ रामाद्यारुरुदुस्सर्वेसुग्रीवसविभीषणाः ॥ स्वस्वकार्येष्वधैर्यञ्चतद्देवरोदनंस्मृतम् ॥१३॥

भा·टी· - रामआदि आपने२ काजमें धीरज कों छोडि दिये सोई सबको रोना भयाहै श्लोकयुग्म है ॥१३॥

श्लो० सत्याचलस्वभावश्चरामस्यतेनबोधिनः ॥ सुषेणेनरघुश्रेष्ठोद्रोणयानयनहेतवे ॥१४॥

भा·टी· - द्रोण पर्वत पर संजीवन नाम औषधी लै आनेवास्ते रामजीको स्वभाव कभी सत्यसें चलाय मान नहीं होता· सोई स्वभाव रामजीको कहाकि द्रोणगिरसें संजीवन औषधी मँगावो ॥१४॥

श्लो० सन्तोषजीवनार्थायरावणस्यकुलान्तकम् ॥ कर्तुंतेनप्रतिज्ञातंसुंप्रभातावधिंकृता ॥१५॥

भा·टी· - रामजीनें प्रतिज्ञाकियाकि संतोष रूप लक्ष्मणकों जिवायकै पीछे रावणके कुलको नाश करोंगा· ऐसी रामजीकी प्रतिज्ञा सोई प्रातःकालकी मर्यादा भई है कि रातिमें लक्ष्मण जिआवे तबतो अच्छाहै नहीतो प्रातःकाल सूर्य दीखने बखत मरिजावेगे· रामरावणके सेनाकी चिंता सोई रातिहै ॥१५॥

श्लो० रामेनसच्चिदानंदध्यानंद्रोणाचलस्स्मृतः ॥ संजीवनन्तदानन्दमौषधञ्चकृतम्मुने ॥१६॥

भा·टी· - हे मुनिजी रामजी भगवानको ध्यान कर्ते है सोई द्रोणनाम पर्वतहै तथाध्यानमें आनंद होताहै· सोई संजीवनी नाम औ·

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

षधीहै॥१६॥

श्लो० रामेनप्रेषणम्प्रेममोहरूपस्यकथ्यते॥गति-
वेगोहनुमतोविवेकानुग्रहस्तथा॥१७॥

भा-टी- - रामजीके प्रेमके मोहरूप जो हनुमान तिस्के ऊपर रामजी
कोप्रेम बहुतहै सोई औषधी लेनेवास्ते हनुमानकों भेजनाभया
है- हनुमानकेऊपर विवेकरूप रामकी कृपा बहुतहै सोई संजी-
वन औषध लेआनेवास्ते हनुमानकोदोडनाभयाहै॥१७॥

श्लो० रामध्यानमभूत्संथादुष्टार्थोमुनिसत्तमः॥भग
वद्वाक्यशास्त्रस्यनिन्दनंतत्कमंडलुः॥१८॥

भा-टी- - हनुमानजी रामजीको ध्यानकर्तेभए सोई औषध लैने-
वास्ते जानेकीरस्ताहै- तथा षोडेकर्मोकों अर्थ जैसाजाते२ अनेक-
दुःख सहना सोही विघ्न कर्नेवास्ते कालनेमि मुनि भयाहै- ईश्वरकी
वाक्य रूप शास्त्र- तिस्की निंदाकर्ना सोईकालनेमिको कमंडलहै

श्लो० ददौहनुमतेतोयंतत्स्फरवंबुद्धिनाशनम्॥तत्त्यः
क्त्वाहनुमानूचेविज्ञायदम्भिनंमुनिं॥१९॥

भा-टी- - हनुमानकों प्यासाजानिके शास्त्रनिंदनरूप कमंडलुति
स्कमंडलका स्फरव सोई जलहै सज्जनोंकी बुद्धिको नाश करनेवा
ला जल तथा कमंडल हनुमानको मुनिने दिया- और कहाकिज
लपीओ- हनुमान मुनिकों चंडाल जानिके कमंडल त्यागिके दु-
ष्टमुनिसें बोले॥१९॥

श्लो० नानेनमेभवेच्छांतिस्तृषस्साचबलीयसी॥नि
चंतदौषधेदत्तंतदेषवचनंकपेः॥२०॥

भा-टी- - हनुमानको चित्तो औषधमें लगिरहा सोई हनुमानको
बोलनाभया- यहबोलेकि दुष्टमुनि- इसजलसें हमारी प्यासकी शां

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

न्नि नहीं होवैगा- क्योंकि हमारे कों बडी प्यास लगी है ॥२०॥

श्लो० संतोषलक्ष्मणस्यैव वर्द्धनेच्छा तृषास्मृता॥ इ
त्युक्तोदर्शयामास दुष्टार्थः कपये तदा ॥२१॥

भा-टी- -संतोषरूप लक्ष्मणकी वृद्धि होने की इच्छा रामजीके प्रेमके मोहरूप हनुमानके बनीरहतीहै सोई हनुमानकी तृषा भई है ऐसा कपिसें कहा जो मुनि सो हनुमानके वास्ते तलाव देखा ना भया- ॥२१॥

श्लो० तडागंसज्जनानाम्वै दुःखरूपंविचिन्तनम्॥सद-
नादरतोयेनपूरितंसर्वदाशरम् ॥२२॥

भा-टी- -सज्जनजीवोंकों दुःख देनेको चिंतवन सोई तलावहै- साधु लोगोंको अनादर सोई जलहै तिसकरिकै हमेश वह तलाव भरा- रहताहै ॥२२॥

श्लो० सदसद्विचारण म्यानन्तोयस्याभूत्कपेस्तदा॥
छायया सज्जना प्रीत्याग्रस्तस्तत्रकपिस्तदा॥२३॥

भा-टी- -खोटेकर्मको तथा सुंदरकर्मको निर्णय करना सोई हनुमान को जल पीना भयाहै- ऐसा सुंदर कर्म तथा बुरेकर्मको निर्णयक रते जो हनुमान तिस्कों साधु जीवोंमें अप्रीति सोई छायानामरा क्षसीहै सो छाया हनुमानकों खानेवास्ते पकडिलिई ॥२३॥

श्लो० तांहत्वागान्मुनेश्शीघ्रमंतिकंगुरुदक्षिणा॥सं
तोषचिंतयामुष्ट्याहननंसत्कभावना ॥२४॥

भा-टी- -राक्षसीकों मारिकै मुनिके साम्नेगए तब मुनि दक्षिणा- मागा- तब हनुमानके संतोषकी चिंता बनी रहतीहै सोई मूठिहै- उसी मुष्टिकरिकै दुष्टका अर्थरूप मुनिकों मारे तथा साधुजीवों मेंप्रीतिरूप दक्षिणा देतेभए- तब दुष्टोंका अर्थ नष्टहोगया- और

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

सज्जन जीव भयसें रहित भये ॥ २४ ॥

श्लो० संतोषपत्तनंकष्टमविज्ञानोवनस्यते:॥ विवेक संगतौहर्षंतद्द्रोणोत्पाटनंकृतम् ॥ २५ ॥

भा-टी- - युद्धमें संतोषरूप लक्ष्मण ना होश भएहै ऐसा कष्टसोई संजीवन औषधीको नहीं पहिचानना भयाहै विवेकरूप रामकी संगतिमें जीवोंको बडा हर्ष होताहै सोई द्रोणपर्वत को मूलसैं उखाडना भयाहै ॥ २५ ॥

श्लो० सत्संगवर्द्धनमहास्फरवमौषधञ्चसत्याचलप्रकृतिजोगदहास्फषेण:॥ तूर्णन्ददौरघुपतेरुरवलुलक्ष्मणायतज्जीवनंचसमभूद्धिमतौवियोग: ॥ २६ ॥

भा-टी- - तब द्रोणपर्वतकों देखिके रामजीकों सत्यसैं अचलस्वभावरूप गदहामाने वैद्य स्फषेणजो हैसो सत्संगकी वृद्धिमें स्फरव सोई संजीवन औषधकों जलदी लक्ष्मणकों देतेभए- तब तुर्त लक्ष्मणजी जिआतेभए- षोटीमतिमें वियोग होना सोई लक्ष्मणको जीवन भया है- बडेवैद्यको शास्त्रमें गदहा लिखाहै कोई शंका मति करना ॥ २६ ॥

इतिश्रीवेदान्तरामायणे युद्धकांडे शिवसहाय बुधबिरचिते संवर्तवरतन्तुसंवादे संतोषजीवनविधौचतुर्थो मोक्षोपान: ॥ ४ ॥

श्लोक- वरतन्तुरुवाच लक्ष्मणंजीवितन्दृष्ट्वाहर्षितावनचारिण: ॥ रामोविभीषणश्चैवनद्रिरिस्यापनम्पुन: ॥ १ ॥

भा-टी- - वरतंतु मुनि बोले लक्ष्मणको संजीवित देखिके रामजी, सुग्रीव विभीषण- सब कपि रिक्षकों बडा हर्ष भया- सोई फिर द्रोण

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

पर्वतकों द्रोणके स्थानपर टिकाना भयाहै ॥१॥

श्लो० स्वस्वार्थलालसारात्रौ तद्धर्षचिंतया द्वयोः ॥ पुनः प्रतापोवृद्धेरामरावणयोस्तदा ॥२॥

भा·टी· – तब अपने अपने जयकों विचार सब कर्तेहै सोई विचार· की इच्छा रात्रि भईहै तिस रात्रिमें अपने अपने जयकी सरवमें उसी हर्षकी चिंता करिकै राम रावणको प्रताप रूपसूर्य फिरिउदयभया·२

श्लो० एतत्प्रभातंसंवीक्ष्य द्वयोर्लोभन्दिनन्तथा ॥ युद्धायपुनराजग्मुः कपयोराक्षसास्तदा ॥३॥

भा·टी· – ऐसाप्रतापरूप सूर्यउदयरूप प्रभातको देखिकै तथारामरावणकी अपने अपनेकाजमें लोभसोई दिन भयाहै· ऐसीसमयमें युद्ध कर्नेवास्ते वानर राक्षस फिरि रण भूमिमें आतेभए· अपने २ काज कीप्रीति सोई रणभूमिहै ॥३॥

श्लो० चेद्विवेको बलीरामः सन्तोषोलक्ष्मणोऽपिच ॥ तथापिनागपासेनपंचेंद्रियगुणेनवै ॥४॥

भा·टी· – राम लक्ष्मण बडे बलवानहैं· क्यौं विवेक संतोष मोक्षके बडे मित्रहै तौभी पांच षोटी इंद्रियोंकोगुण जोहै सोई नागपासभयाहै तिसनागपास करिकै ॥४॥

श्लो० बबंधराघवौयुद्धे मेघनादो महाबली ॥ किंचित्स्वकर्मचलनंत द्वयोर्बंधनंमुने ॥५॥

भा·टी· – मेघनाद राम लक्ष्मणकों बांधताभया· कुछ थोराविवेकभी अपनेकर्मसें चलायमान होगयेहै और लक्ष्मणभी थोरा चलायमान होगये है क्यौंकि मनरूप रावणकी युद्धसहजनहीहैं बडे२ ज्ञानियोंकों पकडिकै मनरावणने नर्कमें पटकिदियाहै सोई चलायमान रामलक्ष्मणकोनागपासमें बांधनाभयाहै ॥५॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

श्लो० स्ववीर्यस्मरणेनैवगरुडेनविमोचितौ॥ नागपा
सविमुक्तौहौनिरीक्ष्यरावणात्मजः॥ ६॥

भा-टी- - राम लक्ष्मण अपनेवीर्यको स्मरण कर्ते भए- सोई गरुड भ
याहै सोगरुड नाग पाससें छुडाय दिया- मेघनादनें राम लक्ष्मण
कों नागपाससें छुडादेखिके॥ ६॥

श्लो० प्लाव्ययुद्धाभिराशश्चप्लवनंस्वजयेतथा॥ दुष्टा-
नांसंगतिंदेवींनाम्नोक्तांचनिकुम्भिलाम्॥

भा-टी- - अपनीजय होनेमें मेघनादनें आसाछोडि दिया- सोई मे-
घनादको भागना भयाहै सो युद्धसें भागिकै दुष्टोंकी संगतिरूप-
निकुंभिलादेवीहै तिस्केपासगया-॥ ७॥

श्लो० स्वकर्मप्रेमकुंडंचतत्सुखोऽग्निरितीर्यते॥ तदु
त्साहाश्चसाहित्याहवनेदारुतत्पणम्॥ ८॥

भा-टी- - मेघनादकोजोकर्म बुरेकर्ममें प्रेम करना सोई होमको
कुंड भयाहै उसीबुरेकर्मके प्रेममें सुख मानना सोई अग्नि भईहै-
मेघनादकोउत्साहकी मैं बहुत सुखीहौं सोई होमकी सब सामग्री
है मेघनादकी प्रतिज्ञाकिराम लक्ष्मणकों मारिडालौंगा ऐसापण-
सोई होमको काष्टहै॥ ८॥

श्लो० मरणेचिंतनंहोमंकर्तुंतस्थौचदुर्मतिः॥ शमादि
शिक्षाबाणेनलक्ष्मणेनविनाशितः॥ ९॥

भा-टी- - मेघनादको निश्चय अपने मरणेकी होगईकि मैं युद्धमें-
मरिजाऊंगा सोई होमको कर्ना भयाहै- शम-दम-यम-आदि सुंदर-
कर्म लक्ष्मण मेघनादकों सिखाते भए सोई सिखाना बाण करिके
लक्ष्मणनें मेघनादकी होमको नाश कर्ते भए॥ ९॥

श्लो० किञ्चित्स्वकार्येम्लानत्वंतदेवतद्विनाशनम्॥ पु

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

नश्चक्रे महायुद्धं लक्ष्मणेन हतो भुवि॥ स्वभावं पौ॰
र्विकं हित्वा स्कस्वभावरतोऽभवत्॥१०॥

भा॰टी॰ - थोरा मेघनाद को अपने कर्म में लक्ष्मण की शिक्षा पायके प्रेम नष्ट होगया॰ तथा स्कंदर कर्मों में थोरा प्रेम भया सोई होमको नाश होनाहै होमके नाश भए पीछे फिरि युद्ध कर्नेको आता भया॰ तब लक्ष्मण मारि डाले तब मेघनाद दयारूप पृथ्वी में पडिगया॰ दया में मिलिगया॰ पेस्तर का स्वभाव षोटे कर्म में प्रेम सो छूटिगया॰ स्कंदर स्वभाव में प्रेम कर्ने लगा एई मेघनाद को मरण भयाहै १०

श्लो॰ तदेव मरणं तस्य पतनं धर्मसंस्थितिः॥ भूमौ
सद्भावनायां च मेघनादस्य संक्षयः॥११॥

भा॰टी॰ - धर्म मे बुद्धि टिकिगई सो मेघनाद को भूमि में पडनाहै स्कंदर कर्म्म मे प्रीति होगई सोई भूमिहै तिस्में पडिके खोटी कर्म में प्रेमरूप जो मेघनाद तिस्को नाश हुआ॰ श्लोक दोय को अर्थ मिले हैं युग्म है॥११॥

श्लो॰ एवं संतोषरूपस्तु लक्ष्मणो राघवानुजः॥ नि॰
हत्य चेन्द्रजितारं स्करवमापस्य कर्मणः॥१२॥

भा॰टी॰ - संतोष लक्ष्मण इसप्रकार सें इन्द्रजित को मारिके अपनाकर्म जो संतोष तिस्को स्करव जो भगवान में प्रेम तिस्को प्राप्ति भए॰

श्लो॰ सिद्धिं वीक्ष्य विवेकाद्या हर्षं चक्रुश्च भूरिशः॥ सा
पुष्पवृष्टिः खाद्भ्रष्टा ह्योरुपरि पातिता॥१३॥

भा॰टी॰ - विवेकरूप रामजी आदि सज्जन अपनें कर्मों की सिद्धि देखिके बहुत हर्ष कर्ते भए॰ सोई रामलक्ष्मण के ऊपर फूल की वर्षा आकाश तें होती भई॥१३॥

श्लो॰ किंचित्किंचित्स्वमरणे कुलानां संक्षये तथा॥

CC-0 Pt. Chakradhar Joshi and Sons, Dev Prayag. Digitized by eGangotri

त्रासं प्रापद्दशग्रीवो विलापस्तस्य सस्मृतः॥१४॥

